3 राजधानी
एलजी ने विस सत्र बुलाने पर जताई आपत्ति

6 अभिमत
प्रकृति से खिलवाड़ विनाशकारी

10 विदेश
लीबिया में हिंसक झड़प 27 लोगों की मौत

12 स्पोर्ट्स
करियर के सर्वश्रेष्ठ स्थान पर गिल

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 280
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 17 अगस्त, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



रेलवे की सात मल्टी ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी
राष्ट्रीय-11

www.dailypioneer.com

# कानूनी शब्दावली से बाहर होंगे छेड़छाड़, हाउसवाइफ जैसे शब्द

- सुप्रीम कोर्ट ने अनुचित लैंगिक शब्दों पर लगाम लगाने के लिए हैंडबुक जारी की
- इसमें वैकल्पिक शब्द और वाक्यांश सुझाए गए हैं जिनका उपयोग किया जा सकता है



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**छेड़छाड़,** वेश्या और हाउस वाइफ जैसे शब्द जल्द ही कानूनी शब्दावली से बाहर हो सकते हैं और इसकी जगह सड़क पर यौन उत्पीड़न, यौनकर्मी और गृह स्वामिनी (होममेकर) जैसे शब्द ले सकते हैं।

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को एक पुस्तिका का विमोचन किया जिसमें अनुचित लैंगिक शब्दों की शब्दावली है और इनकी जगह वैकल्पिक शब्द तथा वाक्यांश सुझाए गए हैं जिनका उपयोग किया जा सकता है। जैसे ही प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की पीठ पूर्ववर्ती राज्य जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर बहस सुनने के लिए बैठी, सीजेआई ने पुस्तिका के विमोचन की घोषणा की। उन्होंने कहा, यह न्यायाधीशों और कानूनी समुदाय को कानूनी चर्चा में महिलाओं के बारे में रुढ़िवादी सोच को पहचानने, समझने और बदलने में सहायता करने के लिए है।

एक प्रेस विज्ञप्ति में, शीर्ष अदालत ने कहा कि हैंडबुक ऑन कॉम्बैटिंग जेंडर स्टीरियोटाइप्स (लैंगिक रुढ़िवादिता से निपटने संबंधी पुस्तिका) का उद्देश्य न्यायाधीशों और कानूनी समुदाय के सदस्यों को महिलाओं के बारे में हानिकारक रुढ़िवादी सोच को पहचानने, समझने और उसका प्रतिकार करने के लिए सशक्त बनाना है। विज्ञप्ति में कहा गया, पुस्तिका में लैंगिक रूप से अनुचित शब्दों की एक शब्दावली दी गई है और दलीलों, आदेशों और निर्णयों सहित कानूनी दस्तावेजों में उपयोग के लिए उनके वैकल्पिक शब्द और प्रस्तावित वाक्यांश दिए गए हैं। संकलन महिलाओं के बारे में आम रुढ़िवादी सोच की पहचान करता है और इन रुढ़िवादी अशुद्धियों को प्रदर्शित करता है और दर्शाता है कि वे कानून के अनुप्रयोग को कैसे प्रभावित कर सकते हैं। इसमें कहा गया है कि 30 पन्नों वाली पुस्तिका महत्वपूर्ण मुद्दों, विशेषकर यौन हिंसा से जुड़े मुद्दों पर प्रचलित कानूनी सिद्धांत को भी समाहित करती है। विज्ञप्ति में कहा गया, अपनी संपूर्णता में, पुस्तिका का उद्देश्य न्यायाधीशों को अपने स्वयं के तर्क, लेखन का आलोचनात्मक मूल्यांकन करने के लिए ज्ञान और उपकरणों से लैस करना है और यह सुनिश्चित करना है कि न्याय निष्पक्ष और न्यायसंगत रूप से पेश किया जाए। यह न्यायोचित लैंगिकता आधारित कानूनी व्यवस्था की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पुस्तिका में कहा गया है कि मायाविनी , वेश्या या बदचलन औरत जैसे शब्दों का उपयोग करने के बजाय महिला शब्द का उपयोग किया जाना चाहिए। इसमें देह व्यापार और वेश्या जैसे शब्दों के इस्तेमाल पर भी रोक लगाई गई है और कहा गया है कि इसके स्थान पर यौन कर्मी शब्द का इस्तेमाल किया जाएगा।

पुस्तिका में कहा गया है कि सहवासिनी या रखैल जैसे शब्दों का उपयोग करने के बजाय, वह महिला जिसके साथ किसी पुरुष ने शादी के बाहर प्रेम संबंध या यौन संबंध बनाए हैं अभिव्यक्ति का उपयोग किया जाना चाहिए। इसमें कहा गया है कि छेड़छाड़ शब्द को अब सड़क पर यौन उत्पीड़न कहा जाएगा, इसमें कहा गया है कि समलैंगिक शब्द के बजाय, व्यक्ति के यौन रुझान का सटीक वर्णन करने वाले शब्द का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। गृहिणी (हाउस वाइफ) शब्द की जगह और विधिक विमर्श में गृह स्वामिनी (होममेकर) का इस्तेमाल किया जाएगा। इसमें कहा गया है कि नाजायज शब्द के बजाय गैर-वैवाहिक संबंधों से पैदा हुआ बच्चा या, ऐसा बच्चा जिसके माता-पिता विवाहित नहीं थे शब्द का इस्तेमाल किया जाना चाहिए।

# दस हजार इलेक्ट्रिक बस चलाएगा केंद्र

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने हरित आवाजाही को बढ़ावा देने के लिए पीएम ई-बस सेवा को मंजूरी दी
- तीन से 40 लाख की आबादी वाले 100 शहरों का चैलेंज मोड पर किया गया है चयन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** मंत्रिमंडल ने नगरीय बस परिवहन सेवा का विस्तार करने, उसे सुविधाजनक बनाने तथा हरित आवाजाही को बढ़ाने के लिए पीएम-ई बस सेवा को मंजूरी दी जिस पर 10 वर्ष में 57,613 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने बैठक के बाद संवाददाताओं को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इस में उन शहरों को प्राथमिकता दी जाएगी जहां व्यवस्थित परिवहन सेवा की कमी है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम पर 57,613 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे और 10 हजार इलेक्ट्रिक बसों की सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। यह राशि 10 वर्ष में खर्च की



जाएगी। इसके लिए केंद्र सरकार 20 हजार करोड़ रुपये देगी और शेष राशि राज्यों को देनी होगी। ठाकुर ने बताया कि देश में 3 लाख से 40 लाख की आबादी वाले 169 शहर हैं और इस कार्यक्रम के लिए इनमें से चैलेंज मोड के आधार पर 100 शहरों का चयन किया जाएगा। ई-बसें सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) के तहत इन चुने गए शहरों में परिचालित की जाएंगी। सरकारी बयान के अनुसार, मंत्रिमंडल ने सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत नगर बस संचालन के विस्तार के लिए 'पीएम-ईबस सेवा' को मंजूरी दे दी है, जिसके माध्यम से 10,000 ई-बसें चलाई जाएंगी। इस योजना की अनुमानित लागत 57,613 करोड़ रुपए होगी, जिसमें से 20,000 करोड़ रुपए का समर्थन केंद्र सरकार द्वारा प्रदान किया जाएगा। यह योजना 10 वर्ष तक बस संचालन का समर्थन करेगी। इसमें कहा गया है कि इससे 45,000 से 55,000 प्रत्यक्ष रोजगार पैदा होंगे। इस योजना के तहत प्रथम खंड में नगर बस सेवाओं का विस्तार करने पर जोर होगा। साथ ही इससे जुड़ी बुनियादी संरचना सहित डिपो आधारभूत ढांचे के विकास/उन्नयन के लिए सहायता मिलेगी। ई-बसों के लिए विद्युत आधारभूत ढांचे, सबस्टेशन आदि का निर्माण संभव होगा। बयान में कहा गया कि इसके दूसरे खंड में हरित शहरी आवाजाही पहल (जीयूएमआई) के तहत बस की प्राथमिकता, बुनियादी सुविधा, मल्टीमॉडल आदान प्रदान सुविधाएं, स्वचालित किराया संग्रह प्रणाली, चार्जिंग हेतु बुनियादी सुविधाएं आदि जैसी हरित पहल की परिकल्पना की गई है। इसके अनुसार इसमें पांच लाख की आबादी वाले नगरों को 50 बसें दी जानी है, पांच लाख से 20 लाख तक आबादी वाले नगरों को 100 बसें और 20 लाख से 40 लाख तक आबादी वाले शहरों को 150 बसें दी जाएंगी। इसमें कहा गया कि इन बसों का परिचालन पीपीपी मॉडल के तहत होगा और इसमें प्रति किलोमीटर के हिसाब से राशि देय होगी तथा यह प्रतिस्पर्धी बोली के आधार पर तय होगी। बयान के अनुसार, इस योजना में ई-बसों का समूह तैयार करने को लेकर इलेक्ट्रिक बसों की खरीद के लिए व्यापक तौर पर अर्थव्यवस्था को भी अनुकूल बनाने की जरूरत होगी। इलेक्ट्रिक बस आवाजाही अपनाने से ध्वनि और वायु प्रदूषण कम होगा और कार्बन उत्सर्जन पर अंकुश लगेगा। बस-आधारित सार्वजनिक परिवहन की हिस्सेदारी बढ़ने के कारण जो बदलाव आएगा, उससे ग्रीन हाउस गैस (जीएचजी) उत्सर्जन में कमी आएगी।

# हिप्र में बारिश से मृतकों की संख्या बढ़कर 71 हुई

**भाषा।** शिमला



शिमला में भूस्खलन से प्रभावित क्षेत्र में राहत और बचाव कार्य में लगे कर्मचारी

**हिमाचल** प्रदेश में बारिश के कारण पिछले तीन दिनों में कम से कम 71 लोगों की जान जा चुकी है और 13 लोग अभी भी लापता हैं। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बुनियादी ढांचे के पुनर्निर्माण के काम को पहाड़ जैसी चुनौती करार दिया है। हिमाचल प्रदेश के शिमला में समर हिल के समीप शिव मंदिर के मलबे से एक और महिला का शव बरामद होने के साथ ही बारिश से जुड़ी घटनाओं में जान गंवाने वाले 57 लोगों के शव अब तक बरामद हुए हैं।

अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि भूस्खलन और बाढ़ के कारण ढही इमारतों के मलबे से बुधवार को और शव निकाले जाने के बाद मरने वालों की संख्या बढ़ गई। हिमाचल प्रदेश में रविवार से हो रही भारी बारिश के कारण शिमला के समर हिल, कृष्णा नगर और फागली इलाकों में भूस्खलन हुए थे। प्रमुख सचिव (राजस्व) ओंकार चंद शर्मा ने कहा, पिछले तीन दिनों में कम से कम 71 लोगों की मौत हो चुकी है और 13 अभी भी लापता हैं। रविवार रात से अब तक 57 शव बरामद किए जा चुके हैं। पीटीआई-भाषा के साथ एक साक्षात्कार में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बताया कि उनके राज्य को इस मानसून में भारी बारिश के कारण बर्बाद हुए बुनियादी ढांचे के पुनर्निर्माण में एक साल लगेगा और दावा किया कि लगभग 10,000 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा, यह एक बड़ी चुनौती है, एक पहाड़ जैसी चुनौती। शिमला के उपायुक्त आदित्य नेगी ने पीटीआई-भाषा से कहा, समर हिल और कृष्णा नगर इलाकों में बचाव अभियान चलाया जा रहा है और समर हिल से एक शव बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि अभी तक समर हिल से 13 शव, फागली से पांच और कृष्णा नगर से दो शव बरामद किए गए हैं। शिव मंदिर में सोमवार को हुए भूस्खलन के मलबे में अब भी 10 और लोगों के दबे होने की आशंका है।

कृष्णा नगर में करीब 15 मकानों को खाली कराया गया और परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया है। कई अन्य लोगों ने मूसलाधार बारिश के कारण भूस्खलन की आशंका से खुद अपने घर खाली कर दिए हैं। शिक्षा विभाग ने खराब मौसम के कारण बुधवार को राज्य में सभी स्कूल तथा कॉलेज बंद रखने का आदेश दिया और हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय ने (शेष पेज 9)

# आप से गठबंधन के सवाल पर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस में मतभेद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- सभी सात लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी पार्टी: अलका
- आप की तीखी प्रतिक्रिया, कहा- मुंबई में विपक्षी गठबंधन में शामिल होने का फैसला पार्टी आलाकमान करेंगे

**लोकसभा** चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन को लेकर प्रदेश कांग्रेस के नेताओं के बीच मतभेद बुधवार को खुलकर सामने आ गया। पार्टी नेतृत्व ने स्थानीय नेताओं को सभी सात सीटों पर तैयारी करने और जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने के निर्देश दिए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के साथ प्रदेश कांग्रेस के नेताओं की बैठक के बाद पार्टी नेता अलका लांबा ने कहा कि कांग्रेस सभी सात लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

अलका लांबा के इस बयान के बाद आम आदमी पार्टी की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जब कांग्रेस गठबंधन नहीं करना चाहती तो फिर मुंबई में 31 अगस्त और एक सितंबर को होने वाली विपक्षी गठबंधन की बैठक में आप के शामिल होने का कोई मतलब नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि मुंबई की बैठक में शामिल होने का फैसला आप का शीर्ष नेतृत्व करेगा।

आप की तीखी प्रतिक्रिया के बाद कांग्रेस के दिल्ली प्रभारी दीपक बाबरिया ने अलका के बयान से दूरी बना ली और कहा कि यह पार्टी की अधिकृत राय नहीं है। बाबरिया ने यह भी कहा कि बैठक में गठबंधन को लेकर कोई निर्णय नहीं हुआ और इस पर कोई भी फैसला पार्टी नेतृत्व करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि खबरों के आधार पर प्रतिक्रिया देना अपरिपक्वता है। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (शेष पेज 9)

# भाजपा के साथ नहीं करेंगे गठबंधन: पवार

**पीएनएस/एजेंसी।** औरंगाबाद

**राष्ट्रवादी** कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार ने बुधवार को कहा कि वह भाजपा के साथ गठबंधन नहीं करेंगे और इसके बजाय 2024 में प्रस्तावित लोकसभा चुनाव के मद्देनजर देश में बदलाव लाने की दिशा में काम करेंगे। शरद पवार ने उन अटकलों को खारिज किया जिसमें कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) के साथ उनके नेतृत्व वाले राकांपा के गुट के बिना 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए प्लान बी पर काम कर रहे हैं। कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और राकांपा (शरद पवार गुट) विपक्षी महा विकास आघाड़ी (एमवीए) के घटक दल हैं। पवार ने महाराष्ट्र के बीड जिले में बृहस्पतिवार को होने वाली अपनी जनसभा से पहले संवाददाताओं से कहा, प्लान बी (कांग्रेस और शिवसेना-यूबीटी द्वारा मिलकर चुनाव लड़ने की) की खबर गलत है। ऐसी कोई योजना नहीं बनाई जा रही है। अगले साल 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के दौरान बदलाव की जरूरत है और इसलिए हम इसकी (शेष पेज 9)

# नेहरू संग्रहालय का नाम बदलने पर ठनी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- कांग्रेस ने इसे ओछापन बताया तो भाजपा ने कहा, पीएम मोदी सभी प्रख्यात हस्तियों को सम्मान देने में करते हैं विश्वास

**कांग्रेस** ने नेहरू स्मारक संग्रहालय एवं पुस्तकालय (एनएमएमएल) का नाम बदलकर प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय (पीएमएमएल) सोसाइटी किए जाने को लेकर बुधवार को सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि लगातार हमले के बावजूद देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की विरासत हमेशा जिंदा रहेगी और वह आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करते रहेंगे।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पलटवार करते हुए कहा कि मुख्य विपक्षी दल की विचार प्रक्रिया अकेले नेहरू-गांधी परिवार के इर्द-गिर्द घूमती है जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सभी प्रख्यात हस्तियों को सम्मान देने में विश्वास करते हैं। एनएमएमएल का नाम बदले जाने के निर्णय के कुछ सप्ताह बाद सरकार ने औपचारिक रूप से बुधवार को इसका नाम प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय सोसाइटी कर दिया। पहले यह पूरी तरह से देश के प्रथम प्रधानमंत्री को समर्पित था लेकिन सरकार ने अन्य सभी पूर्व प्रधानमंत्रियों को इसमें प्रमुखता से स्थान देने के लिए इसका नाम बदलने का निर्णय लिया था।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि एनएमएमएल का नाम बदलना इस सरकार के ओछेपन और उद्धेष को दिखाता है। रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, आज से एक प्रतिष्ठित संस्थान को नया नाम मिल गया है। विश्व प्रसिद्ध नेहरू स्मारक संग्रहालय एवं पुस्तकालय अब प्रधानमंत्री स्मारक संग्रहालय एवं पुस्तकालय बन गया है। उन्होंने आरोप (शेष पेज 9)

## क्विक न्यूज

### सीबीआई ने मणिपुर हिंसा जांच को 53 अधिकारियों को भेजा

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने मणिपुर हिसा मामलो की जांच के लिए बुधवार को विभिन्न रैंक की 29 महिला अधिकारियो सहित 53 अधिकारियो को तैनात किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि तीन उप महानिरीक्षक रैंक के अधिकारी राज्य मे हिसा के मामलो की जांच के लिए अपनी-अपनी टीम का नेतृत्व करेंगे, जिनमें महिला अधिकारी लवली कटियार और निर्मला देवी शामिल है। उन्होने कहा कि सभी अधिकारी संयुक्त निदेशक घनश्याम उपाध्याय को रिपोर्ट करेंगे जो विभिन्न मामलो मे जांच की निगरानी करेंगे। तीन मई को राज्य मे पहली बार जातीय हिसा भड़कने के बाद से 160 से अधिक लोग मारे गए है, और कई सौ लोग घायल हुए है। बहुसंख्यक मेइती समुदाय की अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की मांग के विरोध मे पहाड़ी जिलो मे आदिवासी एकजुटता मार्च आयोजित किए जाने के दौरान यह हिसा भड़की थी। मणिपुर की कुल आबादी मे मेइती समुदाय के लोगों की संख्या लगभग 53% है और वे ज्यादातर इम्फाल घाटी मे रहते हैं, जबकि आदिवासी नगा और कुकी समुदाय के लोगों की संख्या 40% है और वे ज्यादातर पहाड़ी जिलो मे रहते हैं।

# भारत और इजराइल ने साझा विरासत की नई इबारत लिखी




**एजेंसी।** ईलात (इजराइल)

- भारत के स्वतंत्रता दिवस पर इजराइली शहर में भारतीय-यहूदी सांस्कृतिक चौक का उद्घाटन

**भारत** के 77वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर इजराइल के ईलात शहर में भारतीय-यहूदी सांस्कृतिक चौक का उद्घाटन किया गया जो दोनों देशों के बीच सदियों की साझा विरासत और मूल्यों पर विकसित सभ्यतागत जुड़ाव को समर्पित है।

ईलात के मेयर एली लांकरी ने चौक का उद्घाटन करने के बाद कहा कि यह चौक भारत और इजराइल के बीच प्रेम, मित्रता, परस्पर देखभाल और गहरे जुड़ाव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह भारतीय-यहूदी समुदाय और ईलात शहर के बीच संबंध को भी दर्शाता है। इस चौक की दीवार पर एक संदेश लिखा है, भारत-इजराइल की मित्रता दोनों देशों के बीच विश्वास और मित्रता के सभ्यतागत जुड़ाव का प्रमाण है (शेष पेज 9)

# समय पर न्याय ना मिले तो सुशासन जैसे शब्द अर्थहीन: योगी

- कहा, साइबर अपराध से जुड़े लोगों से दो कदम आगे सोचने की आदत डालनी होगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कहीं कोई अपराध होता है तो उसकी जांच और रिपोर्ट पूरी होने में महीनों लग जाते हैं। बहुत बार पीड़ित न्याय पाने से वंचित हो जाता है या न्याय की आस में पूरा जीवन ही खत्म हो जाता है। आवश्यक है कि हम लोग आज अपराध की प्रकृति क्या है और समाज की डिमांड क्या है, उसके लिए खुद को तैयार करें। उन्होंने कहा, यदि लोगों को समयबद्ध न्याय नहीं मिल पाता है या न्याय सुगम व सस्ता नहीं है तो फिर समाज में सुशासन और लोकतंत्र जैसे शब्द बेकार हो जाते हैं। यदि आम जनमानस संवैधानिक संस्थाओं और प्रशासनिक व्यवस्था पर विश्वास नहीं करते हैं तो इन शब्दों के कोई मायने नहीं हैं। टेक्नोलॉजी के लिहाज से अगर हम खुद को तैयार नहीं करेंगे तो पिछड़ जाएंगे। हम आम लोगों के साथ न्याय नहीं कर पाएंगे। इसीलिए प्रदेश सरकार ने तय किया है कि हम लोग उत्तर प्रदेश राज्य फॉरेंसिक विज्ञान संस्थान की स्थापना करेंगे। प्रसन्नता है कि आज इसका पहला बैच 5 कोर्सेज के साथ शुरू हो रहा है। गृह विभाग के साथ ही संस्थान से जुड़े लोगों को इसे वर्ल्ड क्लास इंस्टीट्यूट के रूप में स्थापित करना है। हम नए कोर्सेज लेकर आएंगे। फॉरेंसिक से जुड़े टॉप संस्थानों के साथ एमओयू हो रहे हैं। नॉलेज शेयरिंग की जा रही है। अच्छी से अच्छी फैकल्टी का चयन किया जा रहा है।

ये बातें उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को अपने सरकारी आवास पर उत्तर प्रदेश राज्य फारेंसिक विज्ञान संस्थान के प्रथम शैक्षणिक सत्र 2023-2024 के छात्रों से संवाद करते हुए कहीं। इस अवसर मुख्यमंत्री ने संस्थान के समस्त शिक्षकों एवं छात्र व छात्राओं का परिचय भी प्राप्त किया। योगी ने कहा कि समाज में हम गुड गवर्नेंस, डेमोक्रेसी जैसे शब्दों को सुनते हैं। यदि समयबद्ध तरीके से लोगों को न्याय नहीं मिल पाता हैए न्याय सुगम नहीं है, सस्ता नहीं है तो फिर यह सारे शब्द बेकार हो जाते हैं। आम जनमानस का विश्वास यदि हमारी संवैधानिक संस्थाओं से हटाए प्रशासनिक व्यवस्था से हटा तो ये किसी के हक में नहीं है। इस दृष्टि से हम लोगों को भी अपने आप को अपडेट करना होगाए समय के अनुरूप तैयार करना होगा।

झारखंड का जामताड़ा और राष्ट्रीय राजधानी के करीब मेवात में साइबर क्राइम के ज्यादातर मामले पाए गए हैं। यहां के लोग अपनी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में ले जाने के बजाए नकारात्मक दिशा की ओर ले गएए जिसका दुष्परिणाम यह है कि इस क्षेत्र में नए-नए तरीके अपनाए गए। इन क्षेत्रों के लिए लोगों का दृष्टिकोण बहुत नकारात्मक हो गया है। ये चीजें हमें बताती हैं कि लोगों में ऊर्जा थीए लेकिन उसे सकारात्मक दिशा ले जाने की दिशा में जो जरूरत थीए वो उन्हें नहीं मिल पाया। या फिर उन्हें उस प्रकार का प्लेटफॉर्म नहीं मिल पाया। समय के अनुरूप हमें भी अपने आप (शेष पेज 9)

# गाजियाबाद में गंगाजल आपूर्ति बंद, नलकूप से पानी की सप्लाई शुरू

## ● पहाड़ी इलाकों में भारी बारिश के चलते गंग नहर का पानी रोका



पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

पहाड़ी इलाकों में हो रही लगातार बरसात के कारण गंगा और यमुना का जल स्तर बढ़ता जा रहा है।

इसी के चलते आगे से पानी में अधिक मिट्टी मिला पानी आने के कारण सिंचाई विभाग ने गंगनहर में पानी बंद कर दिया। पानी के बंद होने के कारण इंदिरापुरम, वसुंधरा, सूर्य नगर, चन्द्र नगर, वैशाली, कौशांबी, ब्रज विहार, राधा कुंज में पानी की सप्लाई बंद हो गई है। इन सभी कॉलोनियों में गंगनहर से करीब तीस क्यूसेक पानी की सप्लाई होती है। पहाड़ी एरिया में बरसात काफी दिनों से हो रही है। गंगनहर को बरसात के दौरान इस लिए बंद कर दिया जाता है ताकी पानी के साथ मिलकर आ रहे मिट्टी के कणों के गंगनहर में न जम पाए। अगर यह मिट्टी गंगनहर में जम जाती है तो इससे गंगनहर में पानी की क्षमता कम हो जाएगी। गंगनहर सिंचाई विभाग ने करीब 15 हजार क्यूसेक पानी के लिए डिजाइन की हुई है। मगर सिंचाई विभाग ने कभी भी गंगनहर में पटरी के टूटने की संभावना के कारण केवल 10 हजार क्यूसेक पानी से अधिक पानी नहीं छोड़ा है। अब बरसात से पहले गंनगहर में जो पानी बहता था उससे ही नोएडा और गाजियाबाद तथा दिल्ली को पानी जाता था। अब तीनों ही स्थानों में गंगनहर से पानी की सप्लाई बंद हो गई है। नगर निगम और जीडीए अब नलकूप चलाकर पानी की सप्लाई कर रहा है।

# पिंजरे में 125 तोते मृत मिले, तस्कर गिरफ्तार

## ● रामपुर से गाजियाबाद बेचने आए थे पक्षी और कछुए

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद में पीपल्स फॉर एनिमल संस्था ने पुलिस के साथ कार्रवाई करते हुए एक पक्षी तस्कर को बुधवार को गिरफ्तार किया है।

पकड़े जाने से बचने के लिए आरोपी ने एनजीओ पदाधिकारी को चाकू मारने का प्रयास कियाए जिसमें वे बाल-बाल बच गए। आरोपी के कब्जे से 135 तोते बरामद हुए हैं, जिनमें 125 तोते मृत पाए गए हैं। माना जा रहा है कि गरमी और ठूंसकर भरे जाने की वजह से ये तोते पिंजरे में ही मर गए। पीएफए संस्था के पदाधिकारी गौरव गुप्ता ने बताया, बुधवार को हमें सूचना मिली थी कि रामपुर से तौफीक खान व शकील खान 200 हरे तोते लेकर गाजियाबाद आए हैं और कौशांबी मेटो स्टेशन के पास तीसरे व्यक्ति को इसकी डिलीवरी दी जानी है। इस सूचना पर हम कौशांबी थाना पुलिस के साथ स्टेशन पर सक्रिय हो गए। इस दौरान ऑटो से एक व्यक्ति उतरा। उसके हाथ में दो पिंजरे थे, जो सफेद कपड़े से ढके हुए थे। मैंने जैसे ही उसे पकड़ने का प्रयास किया तो वो इरादे भांप गया और जेब से चाकू निकाल लिया। समय रहते मैंने उसे पकड़कर चाकू छीन लिया।



इसी दौरान पुलिस पहुंच गई और आरोपी को अपनी गिरफ्त में ले लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम फैजान उर्फ फिरोज निवासी नहटौर, जिला बिजनौर बताया। उससे कुल 135 तोते और 4 कछुए बरामद हुए हैं। पिंजरे में 125 तोते मृत पाए गए हैं।

फैजान के मुताबिक, ये सभी पक्षी दिल्ली निवासी तौफीक खान और शकील खान के हैं। इन दोनों युवकों के विरूद्ध दिल्ली के थाना शास्त्री पार्क में पहले भी मुकदमे दर्ज हैं। थाना कौशांबी पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज कर लिया है।

# निजी अस्पताल के डॉक्टर व अन्य के खिलाफ मामला दर्ज

## ● महिला का बच्चा बदलने के आरोप में कोर्ट ने दिया था आदेश

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

निजी हॉस्पिटल में नवजात बच्चा बदलने का मामला सामने आया है। मामला करीब डेढ़ साल पुराना है। अब गाजियाबाद पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर हॉस्पिटल की डॉक्टर सहित अन्य लोगों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना साहिबाबाद पर दर्ज इस मुकदमे में राज नर्सिंग होम एंड हॉस्पिटल शालीमार गार्डन की डॉक्टर सुनीता, नर्स और सफाई कर्मचारी को नामजद किया है। ये मुकदमा गोकुलपुर दिल्ली निवासी जूली चौहान ने दर्ज कराया है। जूली चौहान के अनुसार डिलीवरी के लिए इस हॉस्पिटल में भर्ती हुई थी। यहां मेरी नॉर्मल डिलीवरी हुई। कुछ देर बाद नर्स आई और नवजात बच्चे के बारे में न बताकर पहले वाले बच्चे के बारे में पूछा। मैंने जवाब दिया कि पहले वाला बच्चा पुत्र है। इस पर नर्स ने जवाब दिया, फिर ठीक है, अब बेटी हुई है। मुझे तभी शक हो गया था कि डॉक्टर व स्टाफ ने मिलकर मेरा बच्चा बदल दिया है। जूली ने बताया, मैं पांच दिन बाद हॉस्पिटल में बच्चे की जांच के लिए गई। वहां मैंने बच्चा बदलने की बात कही तो डॉक्टर उग्र हो गई। मुझे मोबाइल और पर्स चोरी के इल्जाम में फंसाने की धमकी दी।

# गाय खुली छोड़ी तो मालिक को देना होगा 10000 जुर्माना

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा की सड़कों पर अगर गायें घूमती मिलीं तो उनके मालिकों दोगुना जुर्माना देना होगा। अब उन्हें गोवंश छुड़ाने के लिए 10 हजार रुपए बतौर जुर्माना देना होगा।

ये गलती दोबारा होने पर जुर्माने की रकम 15000 रुपए और तीसरी बार में 20 हजार रुपए देने होंगे साथ ही संबंधित थाने में मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। नोएडा प्राधिकरण के डीजीएम एसपी सिंह ने बताया कि लगातार सड़कों पर आवारा पशुओं के दिखने की शिकायत मिल रही है।

जुर्माना की रकम को बढ़ाया गया है। सड़कों पर घूम रहे आवारा पशुओं को कैटल कैचर वाहन के जरिए सेक्टर-14ए शनि मंदिर के पास स्थित गोशाला और सेक्टर-135 स्थित गोशाला में रखा जाता है।

## मामूली विवाद में दो पक्षों में जमकर चले लाठी डंडे

**नोएडा।** थाना रबूपुरा क्षेत्र के ग्राम मेहंदीपुर बांगर में मामूली विवाद में दो पक्ष आमने-सामने आ गए।

दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले जिसमें कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों के कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। ग्राम मेहंदीपुर बांगर निवासी आबिद ने बताया कि उसका बेटा नसरू घर से दुकान पर सामान लेने के लिए गया था। इस दौरान शकील, तालिब, जैद व जुबेर ने नसरू को रोक लिया और गाली गलौज शुरू कर दी।

# सिपाही की मारपीट वाली वीडियो वायरल, निलंबित

## ● युवक को सड़क पर बेरहमी से पीटा था

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

सोशल मीडिया पर सरेराह किसी व्यक्ति के साथ मारपीट करते हुए एक पुलिसकर्मी का वीडियो वायरल होने के बाद कमिश्नरेट पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड़ पर आ गया था।

इस प्रकरण की जांच के बाद अधिकारियों को पता चला कि उक्त घटना कविनगर थाना क्षेत्र के करपूरीपुरम इलाके की है। जो सिपाही किसी व्यक्ति को सड़क पर गिराकर पिटाई कर रहा है उसका नाम



रिन्कू राजौरा है और वह मधुबन बापूधाम चौकी पर तैनात है।

इसका पता चलते ही कविनगर थाना पुलिस की और से जहां आरोपित सिपाही रिकू राजौरा के खिलाफसुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई वहीं आला अफसरों ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपित सिपाही को सस्पेंड भी कर दिया। यह जानकारी देते हुए एसीपी कविनगर अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि इस मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर सिपाही के खिलाफविभागीय कार्रवाई भी शुरू की जा सकती है।


**इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रीज लिमिटेड**
(पूर्व में इंटीग्रेटेड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)
सीआईएन :- L10719DL1995PLC277176
पंजी.त कार्यालय :- 288, बेसमेंट, एजीसीआर एन्क्लेव दिल्ली - 110092, भारत।
कॉर्पोरेट कार्यालय :- बी-16, दूसरी मंजिल, सेक्टर-2, नोएडा 201301, भारत।
ई-मेलः info@integredindustries.in वेबसाइटः www.integredindustries.in
मोबाइल :- +91 9811060171 फोन :- 011-45511351 फैक्स :- 011-45511351

**01/2023-24 असाधारण सामान्य बैठक की सूचना, ई-वोटिंग सूचना**

कंपनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') और उसके तहत बनाए गए नियमों के लागू प्रावधानों के अनुपालन में, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ('सेबी') (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 सामान्य परिपत्र संख्या 14/2020 के साथ पढ़ें दिनांक 8 अप्रैल 2020, 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल 2020, 22/2020 दिनांक 15 जून 2020, 33/2020 दिनांक 28 सितम्बर 2020, 39/2020 दिनांक 31 दिसम्बर 2020, 10/2021 दिनांक 23 जून, 2021, परिपत्र संख्या 20/2021 दिनांक 8 दिसंबर, 2021, परिपत्र संख्या 3/2022 दिनांक 5 मई, 2022 और परिपत्र संख्या 11/2022 दिनांक 28 दिसंबर, 2022 (सामूहिक रूप से 'एमसीएसर्कुलर') और सेबी सर्कुलर नंबर SEBI/HO/CFD/CMD1/CIR/P/2020/79 दिनांक 12 मई, 2020, सर्कुलर नंबर SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2021/11 दिनांक 15 जनवरी, 2021, सेबी सर्कुलर नंबर SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2022/62 दिनांक 13 मई 2022 और SEBI सर्कुलर नंबर SEBI/HO/CFD/PoD&2/P/CIR/2023/4 दिनांकित 5 जनवरी, 2023 (सामूहिक रूप से 'सेबी सर्कुलर' के रूप में जाना जाता है) (एमसीए सर्कुलर और सेबी सर्कुलर को सामूहिक रूप से 'सर्कुलर' कहा जाता है), इसके द्वारा नोटिस दिया जाता है कि इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रीज लिमिटेड के सदस्यों की 01/2023-24 असाधारण आम बैठक जिसे पहले इंटीग्रेटेड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ('कंपनी') के नाम से जाना जाता था, शनिवार, 9 सितंबर, 2023 को सुबह 11.00 (आईएसटी) बजे आयोजित किया जाएगा। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग/अन्य ऑडियो विजुअल माध्यमों ('वीसी/ओएवीएम') के माध्यम से, ईजीएम में सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना, ईजीएम नोटिस में निर्धारित व्यवसाय को संचालित करने के लिए। वीसी/ओएवीएम के माध्यम से ईजीएम में भाग लेने वाले सदस्यों को अधिनियम की धारा 103 के तहत कोरम के प्रयोजन के लिए गिना जाएगा। परिपत्रों के अनुपालन में, ईजीएम नोटिस केवल उन सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से भेजा गया है जिनकी ईमेल आईडी कंपनी/रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट ('आरटीए')/डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट ('डीपी') के साथ पंजी.त हैं। सभी सदस्यों को ईजीएम नोटिस ईमेल करने का काम 16 अगस्त, 2023 को पूरा हो चुका है। उपरोक्त दस्तावेज कंपनी की वेबसाइट www.integredindustries.in, स्टॉक एक्सचेंज यानी बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com पर, नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड ('एनएसडीएल') की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध हैं।

**ईमेल पता, मोबाइल नंबर और बैंक खाता अधिदेश को पंजीकृत/अद्यतन करने का तरीका**

जिन सदस्यों की ईमेल आईडी पहले से ही कंपनी/आरटीए/डीपी के साथ पंजीकृत हैं, वे ईजीएम नोटिस में दिए गए अनुसार ईजीएम में रिमोट ई-वोटिंग के साथ-साथ ई-वोटिंग के निर्देशों का पालन कर सकते हैं। जिन सदस्यों ने अपनी ईमेल आईडी पंजीकृत नहीं कराई है, उनसे पंजीकरण कराने का अनुरोध किया जाता है नीचे उल्लिखित प्रक्रिया के अनुसार कंपनी से नोटिस आदि सहित सभी संचार इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्राप्त करने के लिएः-

- भौतिक मोड में कंपनी के इक्विटी शेयर रखने वाले सदस्यों से अनुरोध है कि वे कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट-स्काईलाइन फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को या तो स्काईलाइन फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेटलिमिटेड,में उनके कार्यालय डी-153/ए, पहली मंजिल, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, चरण-1, नई दिल्ली-110020, फोनः 011-40450193-97 में सहायक दस्तावेजों के साथ विधिवत हस्ताक्षरित फॉर्म आईएसआर -1 प्रदान करें या admin@skylinerta-com पर ई-मेल द्वारा उक्त फॉर्म कंपनी की वेबसाइट www.integredindustries-in पर उपलब्ध है।
- कंपनी के इक्विटी शेयर डीमटेरियलाइज्ड रूप में रखने वाले सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के माध्यम से अपने संबंधित डिपॉजिटरी के साथ अपना ईमेल पता, मोबाइल नंबर और बैंक खाता विवरण पंजीकृत/अपडेट करें।

**ईजीएम के दौरान रिमोट ई-वोटिंग और ई-वोटिंग के निर्देश**

समय-समय पर संशोधित कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 और सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियमन 44 के साथ पठित अधिनियम की धारा 108 के प्रावधानों के अनुसार ( 'लिस्टिंग विनियम'), सदस्यों को ईजीएम में निर्धारित सभी प्रस्तावों पर, रिमोट ई-वोटिंग सुविधा (ईजीएम से पहले) और ई-वोटिंग सुविधा (ईजीएम में) के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डालने की सुविधा प्रदान की जाएगी। सूचना। वोट डालने की सुविधा एनएसडीएल द्वारा प्रदान की जाएगी। ईजीएम में ई-वोटिंग की सुविधा उन सदस्यों को उपलब्ध कराई जाएगी जो वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से ईजीएम में उपस्थित हैं और उन्होंने रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से प्रस्तावों पर अपना वोट नहीं डाला है। जिन सदस्यों ने ईजीएम से पहले रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट डाला है, वे भी वीसी/ओएवीएम के माध्यम से ईजीएम में भाग ले सकते हैं, लेकिन ईजीएम में वोट करने के पात्र नहीं होंगे। सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है किः

1. ईजीएम नोटिस में निर्धारित व्यवसाय को ई-वोटिंग के रूप में इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से वोटिंग के माध्यम से किया जाएगा।
2. सदस्यों का मतदान अधिकार कट-ऑफ तिथि यानी शनिवार, 2 सितंबर, 2023 को कंपनी की भुगतान की गई इक्विटी शेयर पूंजी में उनके शेयरों के अनुपात में होगा। वह व्यक्ति जिसका नाम रजिस्टर में दर्ज है कट-ऑफ तिथि, यानी शनिवार, 2 सितंबर, 2023 को डिपॉजिटरी द्वारा बनाए गए लाभकारी मालिकों के रजिस्टर में से केवल सदस्य ही ईजीएम में रिमोट ई-वोटिंग/ई-वोटिंग के माध्यम से वोट करने के हकदार होंगे।
3. कोई भी व्यक्ति जो कंपनी के शेयर प्राप्त करता है और ईजीएम की सूचना भेजने के बाद कंपनी का सदस्य बन जाता है और कट-ऑफ तिथि यानी शनिवार, 2 सितंबर, 2023 को शेयर रखता है, वह एक भेजकर यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। अपने फोलियो नंबर/डीपी आईडी और क्लाइंट आईडी का उल्लेख करके evoting@nsdl.co.in या info@skylinerta.com पर ईमेल करें। हालाँकि, यदि कोई व्यक्ति रिमोट ई-वोटिंग के लिए पहले से ही एनएसडीएल के साथ पंजीकृत है तो वोट डालने के लिए मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग किया जा सकता है।
4. रिमोट ई-वोटिंग अवधि बुधवार, 6 सितंबर, 2023 को सुबह 09:00 (आईएसटी) बजे शुरू होती है और शुक्रवार, 8 सितंबर, 2023 को शाम 05:00 (आईएसटी) बजे समाप्त होगा। उसके बाद मतदान के लिए एनएसडीएल द्वारा रिमोट ई-वोटिंग मॉड्यूल अक्षम कर दिया जाएगा। एक बार सदस्य द्वारा किसी प्रस्ताव पर वोट डालने के बाद, सदस्य को बाद में इसे बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
5. इस अवधि के दौरान, भौतिक रूप में या डीमटेरियलाइज्ड रूप में शेयर रखने वाले सदस्य ईजीएम से पहले रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट डाल सकते हैं।
6. सदस्यों को ईजीएम में ई-वोटिंग की सुविधा प्रदान की जाएगी और ईजीएम में भाग लेने वाले वे सदस्य जिन्होंने ईजीएम से पहले रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट नहीं डाला है, वे ईजीएम में वोट करने के पात्र होंगे।
7. जिन सदस्यों ने ईजीएम से पहले रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट डाला है, वे भी वीसी/ओएवीएम के माध्यम से ईजीएम में भाग ले सकते हैं, लेकिन ईजीएम में दोबारा वोट करने के पात्र नहीं होंगे।
8. रिमोट ई-वोटिंग की विस्तृत प्रक्रिया और तरीका, ईजीएम में ई-वोटिंग और वीसी/ओएवीएम के माध्यम से ईजीएम में भाग लेने के निर्देश ईजीएम नोटिस में उपलब्ध कराए गए हैं और कंपनी की वेबसाइट www.integredindustries.in और एनएसडीएल की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध हैं।
9. किसी भी प्रश्न के मामले में, आप www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड अनुभाग पर उपलब्ध शेयरधारकों के लिए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) और शेयरधारकों के लिए ई-वोटिंग उपयोगकर्ता मैनुअल देख सकते हैं या टोल फ्री नंबरः 18001020 990पर और 1800 22 44 30 पर कॉल कर सकते हैं या एनएसडीएल को evoting@nsdl.co.in पर अनुरोध भेजें जो इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान से जुड़ी शिकायतों का समाधान भी करेगा।
10. निदेशक मंडल ने ईजीएम से पहले प्रैक्टिसिंग कंपनी सचिव सुश्री लवलीन गुप्ता (एफसीएस नंबर 5287) को ईजीएम के दौरान आयोजित ई-वोटिंग और रिमोट ई-वोटिंग की प्रक्रिया की पारदर्शी तरीके से निष्पक्ष रूप से जांच के लिए 'स्क्रूटिनाइजर' के रूप में नियुक्त किया है।
11. परिणाम ईजीएम के समापन के दो कार्य दिवसों के भीतर घोषित किए जाएंगे और इसे, समेकित स्क्रूटिनाइजर की रिपोर्ट के साथ, कंपनी की वेबसाइट www.integredindustries.in पर एनएसडीएलकी वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर रखा जाएगा,और बीएसई लिमिटेड का swww.bseindia.com पर सूचित किया जाएगा।

इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रीज लिमिटेड के लिए
(पूर्व में इंटीग्रेटेड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)
एसडी/-
(प्रियंका)
कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी

दिनांक :- 17.08.2023
स्थान :- दिल्ली



**सिद्ध ऑटोमोबाइल्स लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालय : आर-13, एस/एफ ग्रेटर कैलाश-I, नई दिल्ली-110048
सीआईएन : एल34102डीएल1985पीएलसी020156
ई-मेल : sidhindia1985@gmail.com,
वेबसाइट : www.sidhgroup.in
(राशि रू. लाख में)

30 जून, 2023 को समाप्त तिमाही हेतु अ-लेखापरीक्षित पृथक्कृत वित्तीय परिणामों का विवरण

| विवरण | तिमाही समाप्त 30-06-2023 (अ-लेखापरीक्षित) | तिमाही समाप्त 30-06-2022 (अ-लेखापरीक्षित) | वर्ष समाप्त 31-03-2023 (लेखापरीक्षित) |
|---|---|---|---|
| परियालन से कुल आय (शुद्ध) | 3.45 | 3.751 | 16.39 |
| साधारण गतिविधियों से शुद्ध लाभ/(हानि), कर पश्चात | 0.09 | 0.39 | 1.16 |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर पश्चात (असाधारण मदों के बाद) | 0.09 | 0.39 | 1.16 |
| इक्विटी शेयर पूंजी | 296.23 | 296.23 | 296.23 |
| संचेय (पुनर्मूल्यन संचेय छोड़कर) (जैसाकि पूर्व वर्ष के लेखापरीक्षित तुलनपत्र में दर्शाया गया है) | - | - | - |
| प्रति शेयर अर्जन (असाधारण मदों से पहले) (रू. 10/-प्रत्येक का) मूल : तनुकृत : | 0.00 | 0.01 | 0.04 |
| प्रति शेयर अर्जन (असाधारण मदों के बाद) (रू. 10/-प्रत्येक का) मूल : तनुकृत : | 0.00 | 0.01 | 0.04 |

नोट्स :-
1. उपरोक्त परिणाम निदेशक मंडल द्वारा 14 अगस्त, 2023 को सम्पन्न उसकी बैठक में अभिलेखबद्ध किया गया था।
2. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्ज में प्रस्तुत किए गए 30 जून, 2023 को समाप्त तिमाही हेतु अलेखापरीक्षित पृथक्कृत वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है।
3. अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट (www.bseindia.com) पर तथा कम्पनी की वेबसाइट नामतः www.sidhgroup.in पर उपलब्ध है।

कृते एवं हिते निदेशक मंडल
सिद्ध ऑटोमोबाइल्स लिमिटेड
हस्ता./-
अनिल शर्मा
प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 02928210

तिथि : 14-08-2023
स्थान : दिल्ली



**PUBLIC NOTICE**

It is to inform to the public at large that Mr. Gautam Kumar Bhatiya & Mr. Mitlesh who are purchasing the Residential House No.253,area measuring 40 Sq. Yds., i.e. 34 Sq.Mtrs., situated at Village Nasarpur, Pargana Loni, Tehsil & District Ghaziabad (U.P); from Mr. Lal Bahadur & Mrs. Suman, who are owners of the aforesaid property upon demise of their mother Mrs. Nirmala Devi and they are only legal heirs of the aforesaid deceased vide Legal Heirs Certificate dated 06.04.2015 issued by SDM, Ghaziabad; and same to be finance & mortgage by Ummeed Housing Finance Private Limited. That the original Sale Deed dated 20.02.1997, registered vide Document No.503, Sub-Registrar-Ghaziabad -1; is Lost/Misplaced/Not available. To comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any Person having any type of claim /right/title/interest/creating mortgage over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within 10 days from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc.

Lucem Legal LLP, Plot no.136, (Basement) Uday Park, New Delhi-110049
Contact #011-40046316



**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given that my client Rahul Singhal is in process to purchase the (availing loan from TCHFL) Property No. 8923/14-B admeasuring 130 Sq. Yards. situated at shidipura, Karol Bagh, Delhi-110005 from Gurmukh Singh Sahni, who acquired the said property vide Relinquishment Deed dated 27.04.2023 (document no. 4070) executed by Davinder Kaur Sahani, Jasmeet Kaur Anand and Navpreet Kaur Sethi all are the legal heirs of late Surjit Singh who expired on 21.12.2005

All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned.

Kamal Kant Gupta (Advocate)
Unit No. FF-2, First floor, Mahaluxmi Metro Tower Sec-4, Vaishali, Gzb., U.P., Mob. 9810063351



**PUBLIC NOTICE**

WE **Jaswinder Kaur W/o Pradeep Kumar Seniaray** and **Pradeep Kumar Seniaray** S/o Late Shri P.R. Seniaray are owner of the **MIG (DDA) Flat No. 375, Pocket-3, Phase-I, Sector-19, Dwarka.** The original **Conveyance Deed Freehold & all papers** dated **18.05.04** have been lost & theft. Allotment letter file no M041(5) 96/DW/AY dated 12.06.1996-19.06.1996 issued by DDA. An FIR lodged with Crime Branch Police Station New Delhi vide FIR No. 110 dated 08.05.2013. Any person (s) claiming any right, interest, having any objection of found in possession of original document may contact with above named at the above address/Mob No 9968282934 within 15 days from the date of publication of this notices. Write to Dy. Director (SFS) or Director (H)-I, D-Block, 2nd floor,Vikas Sadan, INA, New Delhi-23.



**सार्वजनिक नोटिस**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि **श्रीमती शिखा जैन** पत्नी जिनेन्द्र कुमार जैन पुत्री स्व. जय चंद जैन निवासी 80, पुष्पांजलि, विकास मार्ग, कड़कड़डूमा, लक्ष्मी नगर, दिल्ली -110092 **संपूर्ण फ्री होल्ड आवासीय संपत्ति जिसका क्रमांक 75, ब्लॉक-सी क्षेत्र का माप 206.67 वर्ग गज है। पुष्पांजलि, दिल्ली-110092 में केंद्रीय राजस्व सहकारी गृह निर्माण सोसायटी की लेआउट प्लान में स्थित उक्त संपत्ति के मालिक से खरीदने के लिए तैयार और इच्छुक है।** उक्त संपत्ति के मालिकों से अर्थात् (i) श्रीमती सरिता खरबंदा पत्नी श्री यशपाल खरबंदा और (ii) श्री यशपाल खरबंदा पुत्र स्व. राम स्वरूप खरबंदा, दोनों निवासी 81, मानक विहार, योजना विहार, दिल्ली-110092, जिसके लिए, उपरोक्त संपत्ति के मालिक/विक्रेता को बयाना बिक्री राशि का भुगतान पहले ही किया जा चुका है।

कोई भी व्यक्ति जिसका बिक्री, विनिमय, बंधक, शुल्क, ग्रहणाधिकार, ट्रस्ट, उपहार, रख रखाव, विरासत, कब्जा, पट्टा, लाइसेंस, सुखभोग या किसी भी प्रकृति के माध्यम से उपरोक्त संपत्ति में कोई दावा या हित है, चाहे वह कैसा भी हो, इसके द्वारा अनुरोध किया जाता है कि इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से **14 दिनों** के भीतर इसके समर्थन में दस्तावेजी साक्ष्य के साथ अधोहस्ताक्षरी को लिखित रूप में अवगत कराया जाए, ऐसा न करने पर ऐसे दावे/आपत्ति, यदि कोई हों, को माफ कर दिया और या हमेशा के लिए छोड दिया माना जाएगा।

**जीडीसी कानूनी सलाहकार एलएलपी**
5/113-ए, विश्वास नगर, दिल्ली-32, फोनः 9999809802



**PUBLIC NOTICE**

This is to inform the Public at large that Sh. Anil Wadhwa S/o. Late Sh. Madan Lal is the 'Title Holder' in possession of 'Entire Second Floor and Entire Third Floor with Entire Terrace Over & Above the Entire Third Floor of Freehold Built Up Residential Property Bearing Plot No. 152, Block-B-5, Safdarjung Residential Scheme, Safdarjung Enclave, New Delhi admeasuring 270.83 sq. yards' (hereinafter referred to as 'Said Property') vide Sale Deed dated 18.10.2017, registered as Regn. No. 4576, Book No. 1, Vol. No. 518, pp. 72-89 on 18.10.2017 in the Office of the Sub Registrar-VII-A, Sarojini Nagar, New Delhi. That the Title Holder has availed a loan on the Said Property with Indian Bank, however is now desirous to alienate/ transfer/ sell ONLY the 'Entire Third Floor with Entire Terrace Over and Above the Entire Third Floor of Freehold Built Up Residential Property Bearing Plot No. 152, Block - B-5, Safdarjung Residential Scheme, Safdarjung Enclave, New Delhi' (hereinafter referred to as the 'Said Portion of the Said Property'), upon due permission and no objection from Indian Bank. That the original documents w.r.t. the Schedule Plot, i.e.(i) Lease Deed dated 03.05.1972, (ii) Conveyance Deed dated 10.09.2009, (iii) Death Certificate dated 27.04.2015 (Era David), (iv) Death Certificate dated 26.02.2015(Eugene Ronald David) and (v) Mutation Letter dated 20.05.2015 have been lost/ misplaced in original and are untraceable as on date, in lieu of which Information Report dated 15.08.2023 bearing LR No. 777970/2023 has been filled with Delhi Police. This notice is thus issued to Public at Large, i.e. to any Person(s), Company(ies), Authority(ies), Society(ies), Organisation(s), Financial Institution(s), Bank(s), HUFs etc., having any knowledge, custody or possession of the above mentioned lost/ misplaced original documents(except for Indian Bank) or otherwise having any claims, rights, title, interests, possession etc. in the 'Said Portion of the Said Property', by way of Ownership, Succession, Inheritance, Sale, Mortgage, Exchange, Charge, Lien, Gift, Trust, Encumbrance etc. (except for Indian Bank), or objection to the sale of the 'Said Portion of the Said Property' by the Title Holder, may come forward with supporting documents, to be delivered to the undersigned within 10 days from the date of this Publication, post expiration of which, any claim(s) or objection(s), if raised or received, shall be treated as null & void and as waived, and the Title Holder shall proceed to sell the 'Said Portion of the Said Property', as is presently intended.

Parvesh Kumar (Advocate)
Office Address: 27, Basement, Shreshtha Vihar, Delhi-92
Chamber Address: 363, Saket Cantt, New Delhi
Cont. No : 9999228185



**NAME CHANGE**

I, Bhavna Bhargava W/o Mr. Suneel Dutt Bhargava D/o Late Mr. Matru Mal R/o 1/10103, Street No. 3K, West Gorakh Park, Shahdara, Delhi - 110032 have inform that I am legal wedded wife of Mr. Suneel Dutt Bhargava and residing with him at 1/11760 - A&B, Plot No. 3, Panchsheel Garden, Navin Shahdara, Delhi - 110032.My date of birth is 05th September, 1969 instead of 25th June, 1969.Before marriage I was known as Anupama Bhargava and after my marriage I known as Bhavna Bhargava. I also obtained the Aadhar Card No. 403777070224 and Income Tax Permanent Account Number Card Bearing No. BFVPB1253B. Due to clerical mistake the spelling of my father's name was wrongly started as Mathura Mal Bhargava instead of Matru Mal.Therefore my father's correct name is Matru Mal instead of Mathura Mal. My correct name is Bhavna Bhargava instead of Anupama Bhargava. Bhavna Bhargava and Anupama Bhargava are same and one person.My correct Particular are BHAVNA BHARGAVA D/o MATRU MAL W/o SUNEEL DUTT BHARGAVA R/o 1/11760-A&B, PLOT NO. 3, PANCHSHEEL GARDEN, NAVIN SHAHDARA, DELHI - 110032. DATE OF BIRTH - 05-09-1969

Bhavna Bhargava



**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सर्वेश प्रसाद/विजेता रानी/ LBMRT00002440050 | मकान नंबर 116, मिन खसरा नंबर 514, ग्लोबल सिटी, राजस्व गाँव अब्दल्लापुर, परगना, तहसील और जिला मेरठ, उत्तर प्रदेश, मेरठ- 250001/अगस्त 11, 2023 | जनवरी 02, 2023 रु. 21,02,000/- | मेरठ/ दिल्ली |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : अगस्त 17, 2023
स्थान : दिल्ली

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.



**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, शाल टावर, प्लॉट नंबर-23, न्यू रोहतक रोड करोल बाग, नई दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कर्ज़दार और डीएचएफएल के बीच हुए ऋण अनुबंध के अनुसरण में मंजूर की गई आवास ऋण सुविधा के संबंध और प्रतिभूति के प्रवर्तन के संबंध में निम्न वर्णित कर्ज़दारों को (बुनियादी समूह दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा आईसीआईसीआई बैंक को समनुदेशित किए जाने पर) माँग सूचनाएँ जारी की थीं, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर करने की माँग की गई थी।

कर्ज़दार उपरोक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद् द्वारा कर्ज़दार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहाँ नीचे वर्णित संपत्ति का कब्ज़ा निम्न वर्णित तिथि को प्राप्त कर लिया है।

कर्ज़दार को विशेष रूप से तथा जनसाधारण को एतद्द्वारा उक्त संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा उक्त संपत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभाराधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार का नाम/(ऋण खाता नंबर) (डीएचएफएल पुराना ऋण खाता नंबर एवं आईसीआईसीआई नया ऋण खाता नंबर) | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्जे की तिथि | माँग सूचना की तिथि/ माँग सूचना में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सुनील कुमार/ रेणु शर्मा/ (28300000737/ QZROH00005004074) एवं पुलिस चौकी, सेक्टर- 8, हरियाणा, फ़रीदाबाद-121006 | खेवट नंबर 784 खतौनी नंबर 830, किला नंबर 152/1/1 6-12 10 मोजा महम महम रोहतक, हरियाणा/ अगस्त 11, 2023 | जून 03, 2021 रु. 18,40,842/- | फ़रीदाबाद/ रोहतक |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : अगस्त 17, 2023
स्थान : फ़रीदाबाद/ रोहतक

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.


# संक्षिप्त समाचार



आसरा फाउंडेशन वसुंधरा की तरफ से आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह संपन्न।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया

**गाजियाबाद।** आसरा फाउंडेशन वसुंधरा की तरफ से स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। फाउंडेशन के बच्चों ने गाजियाबाद के ओपुलेंट मॉल में आयोजित कार्यक्रम में देशभक्ति गीतों पर अपने प्रदर्शन से लोगों का मन मोह लिया। लड़कों पर भारी लड़कियां, देश रंगीला, आरम्भ है प्रचंड है। जैसे गीतों पर फाउंडेशन के बच्चों के प्रदर्शन देर तक तालियां बजती रहीं। कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वालों में अपूर्वा मिश्रा, माही, सुहानी, रिया, अंजली, अर्पिता, शिवांगी, अंजली, सानिया, समरीन, सबनम, जीनत, मंजीत, सुरजीत, शिवम, शुभम, आदित्य और रिशु प्रमुख रहे। आसरा फाउंडेशन की सचिव गीता मिश्रा, कोषाध्यक्ष अंजू मेहरा की ओर से बच्चों को स्वतंत्रता दिवस के महत्व के बारे बताया गया। कार्यक्रम के आयोजन में फाउंडेशन की सदस्यों ऋतु कुमारी, साक्षी खोबा, खुशी, अंजली का योगदान महत्वपूर्ण रहा। ओपुलेंट मॉल की तरफ से बच्चों को जलपान कराया गया।

## झूठी शान के लिए दामाद पर हमला

**नोएडा।** प्रेम विवाह करने वाले एक युवक पर युवती के परिजन ने झूठी शान के चलते कथित तौर पर जानलेवा हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। थाना बीटा- दो के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घायल युवक के पिता विजय स्वरूप ने घटना के सिलसिले में बीती रात को थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उनके अनुसार, शिकायत में विजय ने कहा है कि उनके बेटे राहुल ने 31 मार्च 2023 को करिश्मा नामक युवती से प्रेम विवाह किया और दोनों बालिग हैं। लेकिन लड़की के परिजन इस विवाह से खुश नहीं हुए और उनके बेटे को जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक के अनुसार, शिकायत में विजय ने कहा कि 14 अगस्त को बस स्टैंड पर बस का इंतजार कर रहे राहुल पर लड़की के कुछ रिश्तेदारों ने लाठी-डंडे और लोहे की छड़ से हमला किया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## हवाई फायरिग करने वाला सिक्योरिटी गार्ड गिरफ्तार

**नोएडा।** नोएडा में लाइसेंसी बंदूक से हवाई फायर कर दहशत फैलाने व आम जनता की जान को खतरा उत्पन्न करने के आरोप में थाना सेक्टर 63 पुलिस ने एक सिक्योरिटी गार्ड को गिरफ्तार किया है। इसके पास से लाइसेंसी बंदूक भी बरामद हुई है। सिक्योरिटी गार्ड द्वारा शस्त्र लाइसेंस का दुरुपयोग करने पर पुलिस ने लाइसेंस के निरस्तीकरण की संस्तुति की है। थाना प्रभारी अमित कुमार मान ने बताया कि मुखबिर की सूचना के आधार पर सेक्टर 63 डी ब्लॉक के पास से लक्ष्मीकांत मिश्रा को लाइसेंसी बंदूक के साथ गिरफ्तार किया गया। लक्ष्मीकांत मिश्रा ने गत दिनों अपनी लाइसेंसी बंदूक से फायरिंग कर सनसनी फैला दी थी। पकड़ा गया आरोपी मूल रूप से इलाहाबाद का रहने वाला है और हाल में छीजारसी कॉलोनी में रह रहा है। अजब सिंह एक निजी कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड के रूप में कार्यरत है। हवाई फायर करने के बाद पुलिस उसकी तलाश कर रही थी।




स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर वैशाली के सेक्टर 2 के रामलीला मैदान में उत्तराखंड-कुमांऊ समाज सेवा समिति और प्रत्यक्ष सेवा समिति के संयोजन में आयोजित मेडिकल कैंप में बड़ी संख्या में लोगों को निशुल्क चिकित्सा सुविधाओं का लाभ मिला। शिविर में डॉ. ख्याति शर्मा, डॉ. हर्षा विज, डॉ. सुमित त्यागी, डॉ हनीश, डॉ. श्रद्धा प्रकाश, डॉ. एकता मेहता, डॉ. रवि त्यागी, डॉ विपेक्षा गौड़ आदि ने योगदान किया।


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड की ओर से मुद्रित एवं प्रकाशित, 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# एलजी ने विधानसभा सत्र बुलाने पर जताई आपत्ति

## विस उपाध्यक्ष राखी ने कहा, उपराज्यपाल विनय सक्सेना का ऐतराज सही नहीं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

विधानसभा का दो दिवसीय सत्र बुधवार को शुरू हुआ। आशंका थी कि पहला दिन हंगामेदार होगा लेकिन यह हंगामा सत्ता पक्ष और विपक्षी सदस्यों के बीच नोकझोंक तक ही सीमित रहा। न किसी को मार्शल आउट किया गया और न ही कोई वेल में आया। विपक्ष ने भी सदन की कार्यवाही का बहिष्कार करने जैसा कोई निर्णय नहीं लिया। इस बीच उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने सत्र बुलाए जाने पर आपत्ति जताई हैं। एलजी का कहना है कि विस सत्र नियमों के मुताबिक नहीं बुलाया जा रहा है। सत्रावसान नहीं होता बल्कि एक सत्र को कई हिस्सों में चलाया जाता है। इस मुद्दे पर विधानसभा की उपाध्यक्ष राखी बिड़ला ने कहा कि एलजी की टिप्पणी सही नहीं है।

राखी बिड़ला ने विधानसभा में कहा कि उपराज्यपाल ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखा है, जिसमें सक्सेना ने दो दिवसीय सत्र पर आपत्ति जताते हुए कहा है कि सत्र के आयोजन से जुड़े नियमों का पालन नहीं किया जा रहा। उन्होंने कहा कि सक्सेना की टिप्पणी सही नहीं है क्योंकि बुधवार को शुरू हुआ सत्र अप्रैल में बुलाए गए पिछले सत्र की निरंतरता में है। इससे पहले, सक्सेना ने अप्रैल में आयोजित सत्र में गंभीर प्रक्रियात्मक खामियों का मुद्दा उठाया था।

अप्रैल में विधानसभा का सत्र आबकारी नीति मामले के संबंध में पूछताछ के लिए केजरीवाल को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से समन प्राप्त होने के बाद बुलाया गया था।

बिड़ला ने यह भी कहा कि विधानसभा अध्यक्ष को नियमों के तहत यह शक्ति प्राप्त है कि वह किसी भी समय सत्र बुला सकते हैं, चाहे क्यों न सदन अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया हो। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने सक्सेना की टिप्पणी का समर्थन किया, जिसके बाद भाजपा विधायक (बिधूड़ी) और राखी बिड़ला के बीच जुबानी जंग देखने को मिली।


विधानसभा के पहले दिन सदन में बोलते स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज।

उपाध्यक्ष बिड़ला ने कहा कि विधानसभा कोई राजनीतिक अखाड़ा नहीं है, बल्कि विधायकों द्वारा अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों से संबंधित मुद्दों को उठाने की एक जगह है।

सदन में चर्चा के दौरान मादीपुर के विधायक गिरिश सोनी और रिठाला से विधायक महेंद्र गोयल ने एलजी वीके सक्सेना को अपने विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने का न्यौता दिया। उन्होंने कहा कि अगर एलजी को राजनीति ही करनी है तो उन्हें चुनाव लड़ लेना चाहिए।

विधानसभा के दौरान आप विधायक भूपिंदर सिंह जून ने कहा कि पेयजल आपूर्ति अनियमित है और अक्सर गंदा पानी आता है। आप विधायक राजेश गुप्ता ने सार्वजनिक शौचालयों की दयनीय स्थिति का मुददा उठाया। भाजपा विधायक अनिल कुमार वाजपेयी ने कहा कि गांधी नगर एशिया की सबसे बड़ी मार्केट है, लेकिन यहां पर जाम की समस्या है। कई बार बैठक करने के बाद भी समस्या हल नहीं हुई। सत्ता पक्ष के विधायक महेंद्र गोयल ने बुजुर्गों की नई पेंशन नहीं बनने का मुददा उठाया।

### मणिपुर हिंसा, नूंह झड़पों में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी

**नई दिल्ली।** विधानसभा ने मणिपुर में जातीय हिंसा और हरियाणा के नूंह में साम्प्रदायिक झड़पों में जान गंवाने वाले लोगों को बुधवार को श्रद्धांजलि दी। दिल्ली में ग्रुप ए के अधिकारियों के स्थानांतरण और पदस्थापन से जुड़े राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) विधेयक, 2023 लागू होने के बाद पहली बार विधानसभा का सत्र बुलाया गया है। सत्र शुरू होते ही बालासोर रेल हादसे में मारे गए लोगों, पुंछ में आतंकवादी हमले में शहीद हुए पांच जवानों, हिमाचल प्रदेश एवं उत्तराखंड में भारी बारिश के चलते जान गंवाने वाले लोगों तथा मणिपुर हिंसा और नूंह में साम्प्रदायिक झड़पों में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। इन सभी घटनाओं में जान गंवाने वाले लोगों की याद में विधानसभा के सदस्यों ने दो मिनट का मौन भी रखा। सदन ने सार्वजनिक शौचालय बनाने में अग्रणी रहे बिंदेश्वर पाठक को भी श्रद्धांजलि दी।

## विपक्ष के साथ सत्ता पक्ष ने भी उठाई बुनियादी समस्याएं

**नई दिल्ली।** विपक्ष ही नहीं, सत्ता पक्ष के विधायक भी अपने विधानसभा क्षेत्र में बुनियादी समस्याओं से खासे परेशान हैं। हैरान करने वाली बात यह कि उनकी समस्याओं का निदान नहीं हो रहा। इसीलिए उन्होंने अपनी समस्याएं विशेष उल्लेख (नियम संख्या 280) के तहत बुधवार को विधानसभा सत्र के दौरान सदन में उठाईं। भाजपा विधायक मोहन सिंह बिष्ट ने कहा कि यमुना के समीप होने के कारण करावल नगर में दो बांध बने हैं। इन की ऊंचाई कम होने से पिछले दिनों बाढ़ के दौरान पानी ऊपर से बहने लगा, इलाका जलमग्न हो गया। बांध की ऊंचाई एक मीटर बढ़ाने के साथ साथ इसे चौड़ा



भी किया जाना चाहिए। ऐसा नहीं होने पर इसकी मार हिंडन तक पहुंच सकती है। इसके अलावा पुश्ते की ऊंचाई भी एक मीटर ऊंचाई बढ़ाई जानी चाहिए। भाजपा विधायक अजय महावर ने कहा कि उनकी घोंडा विधानसभा में सीवर से निकलने वाली गाद के निस्तारण की व्यवस्था नहीं है। इसके लिए पुख्ता व्यवस्था होनी चाहिए।

सीवर जाम रहते हैं। दोनों मुख्य सीवर लाइनों का पानी जल बोर्ड की लाइनों में मिक्स हो जाता है, जिससे पानी दूषित होता है। पैंतीस साल पुरानी सीवर लाइन है। इसके बदला जाना चाहिए। आप विधायक राजेंद्र पाल गौतम ने दिल्ली एससी-एसटी, ओबीसी-माइनारिटी एवं हैंडीकैप्ड फाइनेंस कारपोरेशन की बदहाली का मुददा उठाया। उन्होंने कहा कि अनदेखी के चलते विभाग खत्म होने की कगार पर है। छह माह से स्टाफ को वेतन भी नहीं मिला है।

नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने चरमराई परिवहन व्यवस्था का मुददा रखा। उन्होंने कहा कि दिल्ली की यातायात व्यवस्था चरमरा गई है। डीटीसी के पास आज लगभग 3,992 बसें हैं, जिनमें से 3304 बसें पुरानी हो गई हैं। आए दिन ब्रेकडाउन होता है। आठ साल में डीटीसी की एक भी सीएनजी बस नहीं खरीदी गई है। उसके बावजूद डीटीसी घाटे में चल रही है। वर्ष 2013, वर्ष 2015 और वर्ष 2020 में भी सीएम ने डीटीसी के ठेकाकर्मियों को नियमित करने का वादा किया था, लेकिन उन्हें नियमित नहीं किया गया। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन नहीं मिल पा रही है। परिवहन मंत्री से अपील है कि जल्द से जल्द सीएनजी बसें खरीदी जाएं, कर्मचारियों को समय पर वेतन-पेंशन मिलें और उन्हें नियमित किया जाए।

## संक्षिप्त समाचार


केंद्रीय राज्य मंत्री अश्विनी चौबे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से दिवंगत बिंदेश्वर पाठक को दी श्रद्धांजलि।

### अश्विनी चौबे ने बिंदेश्वर पाठक को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** केंद्रीय राज्यमंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने द्वारका दिल्ली स्थित सुलभ इंटरनेशनल कार्यालय में बुधवार को देश में स्वच्छता एवं सामाजिक समरसता के अग्रदूत पदम भूषण डॉक्टर बिंदेश्वर पाठक के पार्थिव शरीर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। 15 अगस्त को दिल्ली में सुलभ इंटरनेशनल के संस्थापक डॉ बिंदेश्वर पाठक का निधन हो गया था। केंद्रीय राज्य मंत्री चौबे देर रात उनके दिल्ली स्थित आवास पर जाकर उनके परिजनों से मिल गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय पाठक का आकस्मिक निधन स्वच्छता अभियान के लिए अपूरणीय क्षति है। उनके साथ कई स्वच्छता अभियानों में मुझे भी शामिल होने का मौका मिला था। उनसे मेरा व्यक्तिगत एवं आत्मीय लगाव था।

### जैकलीन को बिना सूचना देश से बाहर जाने की अनुमति



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज और कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर के खिलाफ दर्ज 200 करोड़ रुपए के धन शोधन मामले में जमानत की शर्तों को संशोधित करते हुए फर्नांडीज को उसकी पूर्व अनुमति के बगैर देश से बाहर जाने की अनुमति दे दी है। अदालत ने फर्नांडीज को उसकी पूर्व अनुमति लेने के बजाय देश छोड़ने से कम से कम तीन दिन पहले उसे और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को सूचित करने का निर्देश दिया। पिछले साल 15 नवंबर को फर्नांडीज को जमानत देने वाले विशेष न्यायाधीश शैलेन्द्र मलिक ने आदेश में कहा कि पेशेवर अवसरों का लाभ उठाने के लिए अभिनेत्री को अल्पकालिक सूचना पर विदेश यात्रा करने की आवश्यकता है और उन्होंने अब तक जमानत की शर्तों का कभी उल्लंघन नहीं किया है।

### बेटी के यौन उत्पीड़न के आरोपी को जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने अपनी बेटी के यौन उत्पीड़न के आरोपी को जमानत देते हुए कहा कि वह इस बात से अपनी आंखें नहीं मूंद सकता कि लड़की के माता-पिता के बीच वैवाहिक विवाद है। उच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि लड़की को बहला-फुसलाकर यह आरोप लगवाया गया हो। न्यायमूर्ति विकास महाजन ने पाया कि लड़की चार साल से अधिक समय से अपनी मां के साथ रह रही है और प्राथमिकी दर्ज करने में अत्यधिक देरी हुई है। अदालत ने कहा कि लड़की की मां और पिता ने एक-दूसरे के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराईं और मां की पिछली शिकायतों में यौन उत्पीड़न की कथित घटनाओं का जरा भी संदर्भ नहीं है। अदालत ने एक हालिया आदेश में कहा, निस्संदेह, आरोप गंभीर हैं, लेकिन यह अदालत इस तथ्य से अपनी आंखें बंद नहीं कर सकती कि पीड़िता के माता-पिता के बीच वैवाहिक विवाद है, लिहाजा इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि शिकायतकर्ता ने अपनी अभिरक्षा में मौजूद नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर याचिकाकर्ता पर झूठा आरोप लगवाया हो।

### बच्चे की हत्या के आरोप में लिव-इन पार्टनर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** इंद्रपुरी में अपने सहजीवन साथी (लिव-इन पार्टनर) के 11 वर्षीय बेटे की गला घोंट कर हत्या करने की आरोपी महिला सीसीटीवी कैमरे के फुटेज में पीड़ित के परिसर में प्रवेश करती नजर आ रही है। पुलिस ने बताया कि रणहौला की रहने वाली आरोपी पूजा कुमारी (24) कई दिनों से फरार थी और आखिरकार उसे मंगलवार को बक्करवाला से गिरफ्तार कर लिया गया। कथित सीसीटीवी फुटेज में महिला नीले दुपट्टे से अपना चेहरा ढंकते हुए और हाथ में एक बैग लेकर घर में प्रवेश करती दिख रही है। एक अन्य फुटेज में वह दुपट्टे से अपना चेहरा ढंकने की कोशिश करते हुए चलती नजर आ रही हैं।दिव्यांश 10 अगस्त को अपने इंद्रपुरी स्थित घर में एक पलंग में बने बक्से के अंदर मृत मिला था।

# गतिरोध खत्म करने को एनसीसीएसए की होगी बैठक

- नेशनल कैपिटल सिविल सर्विस अथॉरिटी और सरकार के विभागों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित हो, आतिशी ने जारी किए आदेश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

नेशनल कैपिटल सिविल सर्विस अथॉरिटी और विभिन्न विभागों के बीच गतिरोध खत्म होंगे। इस बाबत सर्विसेज और विजिलेंस मंत्री आतिशी ने आदेश जारी किया है।

मंत्री ने कहा कि नेशनल कैपिटल सिविल सर्विस अथॉरिटी की बैठक के गतिरोध को समाप्त कर अब नियमित रूप से अथॉरिटी की बैठक शुरू होंगी। जनता द्वारा चुनी हुई सरकार, सरकार के विभागों और नेशनल कैपिटल सिविल सर्विस अथॉरिटी के बीच जितना बेहतर समन्वय होगा उतने अच्छे से जनता के काम होंगे इसलिए केजरीवाल सरकार



द्वारा लोगों के हित में हो रहे कामों में कोई बाधा न आये इसलिए एनसीसीएसए की बैठक होना जरुरी है। उच्चतम न्यायालय कोर्ट के आदेश आने तक अथॉरिटी की बैठक नियमित रूप से होती रहेगी और सर्विसेज अथॉरिटी की बैठक कब, कैसे हो और कैसे सभी विभागों का अथॉरिटी के साथ समन्वय हो इसके लिए सरकार व्यवस्था बनाएगी। आतिशी ने मीडिया के साथ जानकारी साझा करते हुए कहा कि, जीएनसीटीडी अमेंडमेंट का जो अध्यादेश आया था और अब संसद में पास हुए इसके बिल के तहत दिल्ली में एक नेशनल कैपिटल सिविल सर्विस अथॉरिटी बनाई गई है लेकिन पिछले कुछ समय से सरकार और अफसरशाही के बीच कई प्रकार के गतिरोध आ रहे थे, जिस कारण एनसीसीएसए की बैठक नहीं हो पा रही थी। ऐसे में जनता के हित को ध्यान में रखते हुए फैसला लिया है कि जल्द से जल्द अथॉरिटी की बैठकें शुरू हो। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने ये फैसला लिया है और संविधान का सम्मान करते है

अब जब ये बिल संसद द्वारा पास किया गया है तो जबतक ये बिल कानून है हम इसका सम्मान करेंगे। उन्होंने कहा कि बेशक उनकी सरकार ने इस कानून को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी है।

# सिसोदिया शून्य बिजली बिल के आविष्कारक : केजरीवाल

- सीएम ने जन्मदिन पर वरिष्ठ नेता को किया याद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को अपने जन्मदिन पर उन्हें बधाई देने वालों को धन्यवाद दिया और कहा कि उन्हें पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसोदिया की बहुत याद आ रही है।

मुख्यमंत्री केजरीवाल ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, आज मेरा जन्मदिन है। बहुत से लोग शुभकामनाएं दे रहे हैं। बहुत-बहुत धन्यवाद। लेकिन मुझे मनीष की याद आ रही है। वह एक झूठे मामले में जेल में हैं। आइए, आज हम सभी प्रण करें कि हम भारत के हर बच्चे को सर्वश्रेष्ठ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए अपनी क्षमता के अनुसार सब कुछ करेंगे।

केजरीवाल 55 साल के हो गए और उन्होंने सभी से एक मजबूत भारत की नींव रखने का संकल्प लेने को कहा। उन्होंने कहा कि इसी के माध्यम से एक मजबूत भारत की नींव रखी जाएगी। इससे भारत को नंबर 1 बनाने के हमारे सपने को साकार करने में मदद मिलेगी।

# खतरे के पार जाने के बाद यमुना का जलस्तर घटा

- बुधवार ओल्ड रेलवे ब्रिज पर जलस्तर 205.14 मीटर पर रहा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली में यमुना नदी का जलस्तर मंगलवार को खतरे के निशान के पार 205.33 मीटर पर पहुंच गया था, लेकिन एक दिन बाद बुधवार सुबह जलस्तर घटना प्रारंभ हो गया।

यमुना नदी के जलग्रहण क्षेत्रों में गत दो दिनों से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश की वजह से मंगलवार को नदी का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया था।

केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) की वेबसाइट के अनुसार, बुधवार सुबह आठ बजे ओल्ड रेलवे ब्रिज पर जलस्तर 205.14 मीटर था।

जलस्तर मंगलवार दोपहर तीन बजे चेतावनी के निशान 204.5 मीटर को पार गया था और रात 10 बजे तक तेजी से 205.39 मीटर तक पहुंच गया। सीडब्ल्यूसी के



एक अधिकारी ने कहा, हालांकि, दिल्ली में नदी का जलस्तर निकासी अभियान शुरू करने के स्तर 206.00 मीटर तक नहीं बढ़ेगा, बशर्ते पहाड़ी क्षेत्रों में अधिक बारिश न हो। दिल्ली में बुधवार को हल्की बारिश हुई और अगले कुछ दिन तक मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। हिमाचल प्रदेश में रविवार से हो रही बारिश में कम से कम 56 लोगों की मौत हो गई है। पिछले दो दिन से उत्तराखंड में भी बारिश का प्रकोप जारी है जिससे इमारतें क्षतिग्रस्त हो गई और भूस्खलन से बदरीनाथ, केदारनाथ और गंगोत्री तक जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग अवरुद्ध हो गए हैं।

### युवक की हत्या के आरोप में 4 गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** हर्ष विहार में मामूली विवाद में एक व्यक्ति की कथित तौर पर चाकू मारकर हत्या करने और एक अन्य को घायल करने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की पहचान हिमांशु शर्मा, गौरव, हिमांशु और रंजीत कुमार के रूप में हुई है और सभी सबोली इलाके के रहने वाले हैं।

पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति की मौत हो गई है जबकि एक अन्य घायल है। जब पुलिस कर्मी अस्पताल पहुंचे तो पाया कि मामूली कहासुनी के बाद आरोपियों ने घटना को अंजाम दिया। सीसीटीवी फुटेज की मदद से पुलिस ने आरोपियों की पहचान की और शर्मा को गिरफ्तार किया।

# कैग की रिपोर्ट को लेकर आप ने भाजपा को घेरा

- द्वारका एक्सप्रेसवे पर कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

द्वारका एक्सप्रेसवे को लेकर नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट में प्रस्तावित से अधिक लागत की बात सामने आने के बाद केंद्र सरकार पर आम आदमी पार्टी हमलावर है। आप कार्यकर्ताओं ने बुधवार द्वारका एक्सप्रेसवे पर विरोध प्रदर्शन किया।

आम आदमी पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ के नेतृत्व में पार्टी नेताओं ने बुधवार को द्वारका एक्सप्रेसवे का दौरा किया और


द्वारका एक्सप्रेसवे पर विरोध प्रदर्शन करते आप नेता और कार्यकर्ता।

सीएजी की रिपोर्ट से इसके निर्माण में केंद्र सरकार द्वारा किए गए भ्रष्टाचार के खुलासे पर प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि ये सड़क 18 करोड़ रुपए प्रति किलोमीटर में बननी थी, लेकिन मोदी सरकार ने बिना स्वीकृति लिए इसे 251 करोड़ प्रति किमी में बनाया। केंद्र की एजेंसी सीएजी की रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है। आप कार्यकर्ता एक्सप्रेस-वे पर जाकर देखना चाहतते थे कि 251 करोड़ रुपए प्रति किमी में बनने वाली सड़क कैसी दिखती है।

वह सड़क की मिट्टी घर लेकर जाएंगे, क्योंकि हो सकता है कि आने वाले दिनों में यह सोना बन जाए।

### एक्सप्रेसवे की लागत में 12 प्रतिशत की बचत का दावा

**नई दिल्ली।** कैग रिपोर्ट में द्वारका एक्सप्रेसवे की निर्माण लागत अनुमान से बहुत अधिक रहने के दावे को सड़क परिवहन मंत्रालय का दावा है कि इसकी निर्माण लागत में 12 प्रतिशत की बचत की है। प्रति किलोमीटर कर दिया जबकि पुराना अनुमान 18.2 करोड़ रुपए प्रति किलोमीटर लागत का था।

उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार आजादपुर फ्लाईओवर बनाने में 100 करोड़ बचाकर उस पैसे से जनता को सुविधाएं देती है। इसी वजह से दिल्ली में सबसे कम महंगाई है।

# 64288 छात्रों के दाखिले के साथ शुरू हुआ डीयू का शैक्षणिक सत्र

- दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति ने दी शुभकामनाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय का नया शैक्षणिक सत्र 16 अगस्त से शुरू हो गया। इस मौके पर कुलपति प्रोफेसर योगेश सिंह ने अंडर ग्रेजुएट प्रोग्रामों में नए आए सभी छात्रों को शुभकामनाएं दी।

उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे निश्चिंत होकर अपने-अपने कॉलेजों के परिसर में जाएं। नए सत्र में अपने पसंदीदा कॉलेजों में आना बहुत ही सुखद अनुभव होता है। कुलपति ने बताया कि इस शैक्षणिक सत्र 2023-2024 में


नॉर्थ कैंपस स्थित मिरांडा हाउस कॉलेज की छात्राएं विजयी मुद्रा में। फोटो: रंजन डिमरी

सामान्य सीट आवंटन प्रणाली (सीएसएएस) के दूसरे राउंड के समापन पर 15 अगस्त तक कुल 64288 विद्यार्थियों के दाखिले की पुष्टि हुई है। पहले राउंड और दूसरे राउंड में कुल 105426 विद्यार्थियों को आवंटन प्रस्तावित हुआ था जिनमें से 64288 विद्यार्थियों का दाखिला हो चुका है। कुलपति ने नए छात्रों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि डीयू पूर्णतया रैगिंग मुक्त विश्वविद्यालय है। किसी भी छात्र के साथ कोई अप्रिय घटना न हो इसके लिए उन्होंने वरिष्ठ छात्रों से भी अपील की है कि वे नए छात्रों को छोटे भाई बहनों की तरह प्यार और सम्मान दें। कुलपति ने देश में महिला सशक्तिकरण को लेकर कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय के

## पांच प्रोग्रामों में सर्वाधिक दाखिले

गत मंगलवार तक प्राप्त कुल आंकड़ों के अनुसार टॉप पांच प्रोग्रामों में बी.कॉम और बी.ए. के ही प्रोग्राम रहे जिनमें सर्वाधिक प्रवेश हुए हैं। बी.कॉम (ऑनर्स), बी.कॉम, बी.ए.(ऑनर्स) राजनीति विज्ञान, बी.ए.(ऑनर्स) अर्थशास्त्र और बी.ए.(ऑनर्स) अंग्रेजी वह चुनिंदा पांच प्रोग्राम हैं जिनको सर्वाधिक विद्यार्थियों ने चुना।

सभी कॉलेजों में बेटियों के दाखिला प्रतिशत आधे से अधिक रहे हैं जो एक सुखद पहलू है।

अब तक हुए कुल दाखिलों में लड़कियों का प्रतिशत 53फीसदी है जबकि लड़कों का प्रतिशत 47फीसदी है। दिल्ली विश्वविद्यालय की डीन एडमिशन प्रो. हनीत गांधी ने दोनों राउंड में विद्यार्थियों द्वारा कॉलेजों की पसंद को लेकर जानकारी साझा करते हुए बताया कि पहले राउंड में दयाल सिंह कॉलेज, हंसराज कॉलेज, गार्गी कॉलेज, रामजस कॉलेज और किरोड़ीमल कॉलेज ऐसे टॉप पांच कॉलेज रहे जिनमें सर्वाधिक दाखिले हुए। दूसरे राउंड में स्वामी श्रद्धानंद, देशबंधु कॉलेज और जाकिर हुसैन कॉलेज टॉप तीन कॉलेज रहे जिनमें अधिकतम प्रवेश हुए।

हनीत गांधी ने बताया कि दोनों राउंडों में कुल 30627 आवेदकों ने अपना फ्रीज का विकल्प चुना जबकि 29217 आवेदकों ने अपग्रेड करने का विकल्प चुना।

# राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग में 37 पदों को दी मंजूरी

- आयोग में लंबित मामलों को ध्यान में रखते हुए जून 2020 में पदों के सृजन का प्रस्ताव रखा गया था

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग में 37 अतिरिक्त पदों के भर्ती के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसमें डिप्टी रजिस्ट्रार का एक पद, 3 सेक्शन अधिकारी, 6 असिस्टेंट सेक्शन अधिकारी, 6 सीनियर असिस्टेंट, 12 जूनियर असिस्टेंट, 3 पीएस, 1 स्टेनो और 5 एमटीएस (आउटसोर्स आधार पर भरे जाने वाले) पद शामिल हैं। राज्य उपभोक्ता आयोग में लंबित मामलों के मद्देनजर जून 2020 में अतिरिक्त पदों के सृजन का प्रस्ताव रखा गया था।

उपराज्यपाल कार्यालय के अधिकारी के अनुसार, 1 मार्च 2020 तक राज्य आयोग में निपटान के लिए लंबित मामलों की कुल संख्या 7760 थी, जिसमें 5848 शिकायतें शामिल थीं। एलजी द्वारा नए पदों के सृजन से पारदर्शिताको प्रोत्साहन मिलेगा साथ ही इससे आम लोगों की शिकायतों का त्वरित समाधान भी होगा। पिछले वर्ष मई में पदभार ग्रहण करने के बाद से एलजी ने एक से अधिक अवसरों पर आम लोगों की शिकायतों के निवारण हेतु पर्याप्त तंत्र और प्रावधानों की कमी को उजागर किया है।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 17 अगस्त, 2023



# बेटी बचाने बेटी पढ़ाने में पीएम, सीएम बने हैं रोल मॉडल : सरपंच सुंदर लाल

### गांव की सबसे शिक्षित बेटी के हाथों करवाया गया ध्वजारोहण

### वीर शहीदों के बलिदान का बखान कर दी शहीदों से प्रेरणा लेनी की सलाह

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गांव** सिकन्दरपुर बढ़ा के शहीद सूबेदार पार्थ सिंह राजकीय उच्च विद्यालय में आजादी का 77वां अमृत महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान गांव की सबसे शिक्षित बेटी ज्योति यादव पुत्री प्रताप सिंह ने गांव के मौजिज व्यक्तियों व ग्रामीणों की मौजूदगी में ध्वजारोहण करके गांव को गौरवान्वित किया।

सिकंदरपुर बढ़ा गांव के निर्वतमान सरपंच सुन्दर लाल यादव ने सभी बच्चों, ग्रामीणों को आजादी की 77वीं वर्षगांठ की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर स्कूल के सभी अध्यापक बच्चे और गांव के लोग उपस्थित रहे। स्कूल से शिक्षिका मंजू यादव, अजय कुमार, दिनेश कुमार, शालिनी, भावना समेत सभी अध्यापक, अध्यापिकाएं मौजूद रहे। निवर्तमान सरपंच सुंदर लाल यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बेटियों का सदा मान और सम्मान बढ़ाया है। वे इस कार्य के लिए देश और प्रदेश में रोल मॉडल बने हैं।




गुरुग्राम के गांव सिकंदरपुर बढ़ा में शिक्षित बेटी द्वारा ध्वजारोहण कार्यक्रम में शिरकत करते सरपंच सुंदर लाल व ग्रामीण।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा की धरती से ही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का देश को नारा देकर जागरुकता पैदा की। आज हमारे यहां बेटियों को सबसे अधिक मान-सम्मान दिया जाता है। समाज में यह बदलाव बहुत बड़े स्तर पर हुआ है। सुंदर लाल यादव ने कहा कि गांव की सबसे शिक्षित बेटी ज्योति यादव गांव का गौरव है। ऐसे ही बेटियां समाज में नाम रोशन करती रहें। उन्होंने कहा कि आजादी का हम अमृत महोत्सव मना रहे हैं, यह कई मायनों में खास है। यह दौरान बदलाव का है। हम दुनिया में शक्तिशाली हुए हैं। दुनिया हमें गंभीरता से लेने लगी है।

यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यकुशलता से हुआ है। उन्होंने कहा कि हमें हर हाल में अपने देश को आगे रखना चाहिए। हमें आपसी द्वेष भुलाकर एकता की भावना अपने अंदर पैदा करनी चाहिए। अपने क्षेत्र, अपने शहर, अपने जिले, प्रदेश और देश के विकास में हमारी भूमिका होनी चाहिए। बच्चे अच्छी शिक्षा लेकर देश का भविष्य बनाएं।

## हनुमान चालीसा पाठ की मुहिम का आंकड़ा हुआ 277000 पार

**गुरुग्राम।** हनुमान चालीसा पाठ का संगीतमय तरीके गजेंद्र गोसाई की मधुर वाणी के साथ शीतला कॉलोनी में भव्य आयोजन हुआ। वहां पहले से ही निरंतर सात दिनों से आचार्य ओमप्रकाश शास्त्री वृंदावन वाले के माध्यम से भागवत सप्ताह चल रहा था। समाजसेवी बोधराज सीकरी के कथनानुसार निरंतर 600 लोगों का एक स्थान पर छह घंटे बैठना सराहनीय कदम है। ह दर्शाता है कि लोगों के मन में ईश्वर के प्रति कितना भाव उतपन्न हो रहा है।

बोधराज सीकरी ने बताया कि लगभग सवा 6 बजे गजेंद्र गोसाई ने मंगलाचरण के उपरांत हनुमान चालीसा पाठ का शुभारंभ किया। जिसका विश्राम 8 बजे हुआ। बोधराज सीकरी ने लगभग 6 माह पूर्व हनुमान चालीसा के पाठ की मुहिम छेड़ी थी। इन 6 माह में 2 लाख 65 हजार से अधिक पाठ पिछले सप्ताह तक हो चुके थे। और 600 साधकों द्वारा मंगलवार के दिन 21-21 बार पाठ करने के उपरांत यह संख्या 12600 और बढ़ गई। यानी अब तक पाठ की संख्या 2 लाख 77 हजार का आंकड़ा पार कर गयी है। इसी प्रकार पहले लगभग 16750 साधक इस महान यज्ञ के अंदर सम्मिलित हो चुके थे और इन 600 श्रद्धालुओं की गिनती को जोड़ने के उपरांत ये संख्या 17350 हो गई है। इस अवसर पर डॉ. अलका शर्मा, रमेश कामरा, ज्योत्सना बजाज, रचना बजाज, संतोष पाहुजा, पूनम गोसाईं, पुष्पा नासा, ओम प्रकाश गाबा, द्वारका नाथ मक्कड़, सीमा शर्मा, शानो पाहुजा, रणधीर टंडन व यजमान की सूची में पंडित भीम दत्त, राजिंदर, प्रदीप, धूप सिंह, जसवंत, भीम सिंह, मुकेश, धनीराम गुप्ता, बी-2 गली, शीतला माता कॉलोनी के सभी निवासी उपस्थित रहे।



हनुमान चालीसा पाठ कार्यक्रम में भाग लेते श्रद्धालु।

## देश प्रेम और देश सेवा की भावना दिल में रखकर आजादी का स्वतंत्रता दिवस मनाया



**सोहना** एसडीएम प्रदीप सिंह ने कहा कि देश के अमर शहीदों ने जिस जोश और जनून से अंग्रेजी हुकुमत का ताज और तख्त को पलटते हुए गुलामी से मुक्ति दिलाते हुए आजादी दिलाई थी। उससे बढ़कर हमें इस आजादी को संभालने में अपना देश प्रेम दिखाना होगा। देश की तरक्की के लिए अपना सब कुछ देश सेवा में कुर्बान देनी होगी।

स्थानीय देवीलाल खेल में मंगलवार को देश का 76वां स्वतंत्रता दिवस मनाया। इस अवसर पर एसडीएम प्रदीप सिंह ने रटेडियम मे मनाया।स्कूल का विद्यार्थियों ने सास्कृतिक व देशभक्ति कार्यक्रम मनाया। इस अवसर पर नायब तहसीलदार लछीराम के कार्यक्रम की देखरेख की। अमर शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया गया।सरकारी विभागों के कर्मचारियों से लेकर उच्चाधिकारियों को सम्मानित किया गया। दस सरकारी व गैर-सरकारी स्कूलों से आए विद्यार्थियों ने देश प्रेम का संदेश शानदार प्रस्तुति देते हुए मौजूद जन समुह के दिल में देश प्रेम जगाने का काम किया। एसडीएम प्रदीप सिंह ने कहा कि अमर शहीद जिस आजादी को अपना जीवन कुर्बानी सिंचा है। उसे भी संभाल कर रखना आसान नहीं है। उन्होने ने कहा कि केन्द्र व राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं से विकास कार्य किए जा रही है। उनका लाभ ले। यूं सभी योजनाए आम नागरिकों के लिए लाभकारी थ थहै। अंत्योदय योजना का लाभ ले।



**शहिदों के शाहदत पर में परिजनों सम्मान :** इस अवसर पर देश की रक्षा में अपने प्राणों को न्यौछवर करने वाले खंड के अमर शहीदों की विरांगना और अन्य परिजनों को बुलाकर सम्मानित किया। सम्मान करने वालों में शहीद बेटों को जन्म देने वाली माताएं भी शामिल थी। जिनकी आंखे सम्मान प्राप्ति के दौरान अमर शहीद बेटा को याद करते हुए नम हो गई थी।

**स्कूली विद्यार्थियों ने झलका देशभक्ति :** स्वतंत्रता दिवस समारोह में देसहश भक्ति और सास्कृतिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले स्कूली विद्यार्थियों ने पूरे जोश और देश प्रेम का दर्शाते हुए शानदार कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिन्हे देखने वालों में देश की रक्षा करने में कभी भी पीछे न रहने को जोश भर गया।राष्ट्रीय झंडा और अमर शहीदों द्वारा हॅसते हॅसते अपने प्राणों को कुर्बान करने वाले शहिदों को मौजूद नागरिकों ने दिल से सलाम किया।

## आजादी का महत्व समझे युवा पीढ़ी : बोधराज सीकरी

### बोध राज सीकरी ने की तीन ध्वजारोहण कार्यक्रम में शिरकत

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**हरियाणा** सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष एवं प्रमुख समाजसेवी बोधराज सीकरी ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर तीन स्थानों पर ध्वजारोहण करके लोगों को देश के प्रति अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

बोधराज सीकरी सर्वप्रथम फ्लायर पार्क सुशांत लोक पहुंचे और वहां ध्वजारोहण किया। उन्होंने कार्यक्रम में पहुंचे सभी लोगों को भारतीय ध्वज देकर कहा कि वे अपने घरों पर लगाकर सेल्यूट करें। उन्होंने कहा कि हम अपने धर्म, मजहब, अपने रीति रिवाज, अपनी परम्पराएं, अपने घरों तक सीमित रख सकते हैं, परंतु राष्ट्र पर्व मिलकर मनाने चाहिए। इसके उपरांत बोधराज सीकरी ने राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सुशांत लोक में भी शिरकत की। वहां पर तिगांव फरीदाबाद के विधायक राजेश नागर भी मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। तीसरे कार्यक्रम में बोधराज सीकरी ने सेक्टर-14 आरडब्ल्यूए द्वारा आयोजित कार्यक्रम में ध्वजारोहण किया। बोधराज सीकरी ने इन कार्यक्रमों में कहा कि भगवा रंग शक्ति का स्वरूप, सफेद रंग शांति का प्रतिनिधित्व करता है। हरा रंग खुशहाली एवं हरित क्रांति का द्योतक है। अशोक चक्र धर्म परायणता का और उसमें 24 तिलिया कर्म परायणता को सिखाता है। फ्लायर पार्क कार्यक्रम में राजीव छाबड़ा, सतीश चावला, रमेश नरूला, अजय भार्गव, अविनाश खेर. विनोद रावल, सुभाष सचदेव, अजय अग्रवाल, बृज खुराना, सुरेश सीकरी, मीनू छाबड़ा, नीलम ओबरॉय, सीमा रावल, ज्योति अग्रवाल, सविता, पूनम, अंजू जैन, सेक्टर-14 से अनूप सिंह पार्षद, संजीव अध्यक्ष आरडब्ल्यूए, विकास वर्मा, आनंद खुल्लर, नरेश मुखी, बी.डी पाहुजा, जगदीश मित्रा, अशोक सीकरी, विद्या सागर, परवीन मखीजा, हरमिंदर भोला, धर्मेंद्र वर्मा, पवन सहगल, आरडब्ल्यूए के कार्यकारिणी सदस्य, ओसी गुप्ता, सुषमा मित्रा, वीणा सहगल, शील सीकरी, अनिता सागर, संजीव अग्रवाल, नरेश शर्मा, कल्याण सिंह, जेबी शर्मा, रमेश रोहिल्ला, केएस यादव, एचएस खोला, एमसी गुप्ता, हितेश गुप्ता, पवन जिंदल, विनय सरकार उपस्थित रहे।



ध्वजारोहण करते बोधराज सीकरी।

## भारतीय जनता पार्टी ने आजादी के नायकों को ढूंढकर दिया है सम्मान : नवीन गोयल

### प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने हरियाणा से लेकर अंडमान निकोबार तक आजादी के दीवानों को किया है नमन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**आजादी** की 76वीं वर्षगांठ पर गुरुग्राम शहर में एक दर्जन से अधिक स्थानों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराते हुए पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रमुख एवं एक भारत-श्रेष्ठ भारत अभियान के सह-संयोजक नवीन गोयल ने आजादी के मतवालों को नमन किया। उन्होंने कहा कि आजादी जिनकी बदौलत मिली है, उनको पूर्व की सरकारों ने या तो सिर्फ नाम के लिए याद किया या फिर राजनीति के लिए। भारतीय जनता पार्टी पहला ऐसा राजनीति दल है, जो कि राष्ट्र भक्ति के लिए काम कर रहा है। आजादी के गुमनाम सैनिकों को तलाशकर करके उनके व परिवारजनों को नमन कर रहा है। भाजपा सिर्फ राजनीति नहीं करती, राजनीति के साथ भाजपा के खून में देशभक्ति है।

नवीन गोयल ने स्वतंत्रता दिवस पर सेक्टर-10ए के राव तुला राम पार्क में साहब सिंह सोलंकी की ओर से आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। डा. राजीव बेरा की ओर से सेक्टर-29 लेजरवैली पार्क में ध्वजारोहण व टूर्नामेंट में, सेक्टर-15 पार्ट-2 में सिटीजन योग वाटिका में, कन्हई गांव में मोनू यादव, अमन वाल्मीकि की ओर से रामलीला मैदान में, पटेल नगर हाउसिंग बोर्ड में कृष्ण गोपाल रोहिल्ला, संजय भारद्वाज, सेक्टर-14 जोन-2 पार्क में मनजीत की ओर से, सूरत नगर फेज-1 में राकेश तंवर की ओर से, कैनविन आरोग्य धाम न्यू रेलवे रोड में, भगवती विद्या स्कूल मदनपुरी में आतम चावला की ओर से, सेक्टर-10 में धर्मबीर दलाल की ओर से, सेक्टर-10 सामुदायिक केंद्र मे सतीश गुप्ता की ओर से, आरएमजी रेजीडेंसी में हरिओम वशिष्ठ, सेक्टर-17 में अनिल जैन व उनके साथियों के साथ, अपना एंक्लेव में हरीश गोयल की ओर से आयोजित कार्यक्रम में नवीन गोयल ने टीम के साथ शिरकत की।



गुरुग्राम में स्वतंत्रता दिवस पर कार्यक्रम में बच्चों को सम्मानित करते नवीन गोयल।

## गढ़ी गांव में हुई स्वतंत्रता दिवस पर फुटबॉल, कुश्ती व कबड्डी प्रतियोगिता

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**आजादी** मिलने के साथ से ही चली आ रही खेल परम्परा का निर्वहन करते हुए गढ़ी-हरसरू गांव में फुटबॉल, कुश्ती व कबड्डी प्रतियोगिताएं आयोजित कराई गई। प्रतियोगिताओं के समापन अवसर पर पंचायती राज प्रकोष्ठ भाजपा के जिला संयोजक सरपंच सुंदर लाल यादव मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। उन्होंने यहां विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

गांव और कमेटी की तरफ से सरपंच सुंदर लाल यादव को सम्मान स्वरूप पगड़ी, स्मृति चिन्ह और विशालकाय माला पहनाकर स्वागत किया। सरपंच सुंदर लाल यादव प्रतियोगिता के आयोजकों को अपने निजी फंड से एक लाख 11 हजार रुपये की राशि भेंट की। सरपंच सुंदर लाल यादव ने ग्रामीणों द्वारा इस खेल विरासत को आगे बढ़ाते रहने के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह काबिले तारीफ है कि गढ़ी गांव खेलों की तरफ काफी रुझान है।

उन्होंने बच्चों और युवाओं को अपने संदेश में कहा कि खेलों में भविष्य बनाना है तो खेलों को पूरा समय दें। पढ़ाई जरूरी है और खेल अगर साथ हों तो और भी अच्छा होगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचल में जिस तरह से पारंपरिक खेलों को महत्व दिया जा रहा है, यह खेलों के स्वर्णिम एवं उज्जवल भविष्य को दिखा रहा है। उन्होंने समारोह में मौजूद लोगों से कहा कि वे अपने छोटे बच्चों को बचपन से ही खेलों के क्षेत्र में डालें। मानसिक संतुलन भी खेलों से ठीक होता है। उन्होंने ग्रामीणों द्वारा किए गए मान-सम्मान के लिए उनका धन्यवाद करते हुए कहा कि वे गांव के सुख-दुख में सदा साथ खड़े रहेंगे।



गढ़ी-हरसरू गांव में आयोजित खेल प्रतियोगिता में सरपंच सुंदर लाल का स्वागत करते ग्रामीण।



दंगल में पहलवानों के हाथ मिलवाते आयोजक।

### 23वें कुश्ती दंगल में कई नामी पहलवानों ने दिखाया दम

**गुरुग्राम।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर गांव उल्लावास में पिछले 23 सालों से आयोजित हो रहे दंगल में पहलवानों ने दम दिखाया। इस दंगल में कई नामी पहलवान भी पहुंचे। यूपी, राजस्थान, दिल्ली, पंजाब, हिमाचल और हरियाणा के पहलवानों ने दंगल में दम दिखाया। विजेता पहलवानों को लाखों को इनाम दिए। गुरुग्राम के गांव उल्लावास में 23वें कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया, जिसमें यूपी, राजस्थान, दिल्ली, पंजाब, हिमाचल और हरियाणा के पहलवान ने दम दिखाया।

कुश्ती दंगल के आयोजक पहलवान राजबीर ने बताया कि इस दंगल का आयोजन स्वर्गीय चौधरी धर्मबीर उल्लावास ने सन 2000 शुरू करवाया था, जो आज तक लगातार राजबीर पहलवान और सतबीर सरपंच समेत सभी ग्रामवासी 15 अगस्त को दंगल करवाते आ रहे हैं। ये कुश्ती दंगल 3 बजे से रात 8 बजे तक चला। इस बीच करीब 250 छोटी-बड़ी कुश्ती करवाई गई। दंगल में सबसे बड़ी कुश्ती पहलवान अजय गुर्जर लाखुवास और पहलवान जोंटी भाटी नोएडा के बीच हुई, जो कि 51 हजार की थी। जिसे बाद में बढ़ाकर एक लाख तक कर दिया गया। निर्धारित समय 10 मिनट में कुश्ती बराबरी पर छूटी।

दूसरी बड़ी कुश्ती जितू पहलवान घिटोरनी और पहलवान रोहित लीलू अखाड़ा के बीच हुई, जो की 21 हजार की इनामी कुश्ती थी। यह कुश्ती भी बराबरी पर रही। तीसरी बड़ी कुश्ती पहलवान अभिषेक घाटा और पहलवान उपकार राम अवतार अखाड़ा के बीच हुई। यह कुश्ती भी 21 हजार की थी जो बराबरी पर छूटी। इस कुश्ती दंगल में महिला पहलवानों ने जमकर दांव पेंच दिखाए।

महिला पहलवानों में सबसे बड़ी कुश्ती 11000 रुपए की हुई थी, जो क्कि एशिया पहलवान मानसी भड़ाना और नेशनल पहलवान महक मथुरा के बीच हुई। इस कुश्ती को मात्र 30 सेकंड में मानसी भड़ाना ने अपनी विरोधी पहलवान महक मथुरा को चारों खाने चित कर दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस ने पांच युवकों को सट्टा खेलते हुए दबोचा

**सोहना।** भोंडसी थाना पुलिस ने घामडौज में बना बुस्टिंग स्टेशन के अंदर पाच युवकों को जुआ खेलते हुए दबोचा है। पुलिस ने तलाशी के दौरान जुआरियों से 3 हजार रुपये की नकदी, पेन और ताश के पत्ते बरामद किए है। मंगलवार को भोंडसी थाना से क्षेत्र में गश्त पर गई टीम को सूचना मिली कि घामडौज में बना जनस्वास्थ्य विभाग का बूस्टिंग स्टेशन में बैठकर यहा के निवासी पांच युवक ताश के पत्तों से जुआ खेल रहे है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच अंदर से बंद बूस्टिंग स्टेशॅ के दरवाजे को बजाते हुए खुलवाया। दरवाज खुलने के साथ अंदर बैठे सभी युवकों के हाथ में ताश के पत्ते थे। कुछ पत्ते जमीन पर पड़े थे। जुआ खेलने वालों की पहचान स्थानीय गांव के निवासी अमित, पवन, विकास, सुमित व मनजीत के रुप में हुई है। जिसमें अमित, विकास और सुमित तीनों सगे भाई है। पुलिस ने सभी आरोपियों की मौके पर ही तलाशी क दौरान 3 हजार 50 रुपये बरामद किए है। जिन्हे लगाकर जुआ खेला जा रहा था। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करने के बाद कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### जीयू के छात्रों को मिली खेल के बेहतरीन संसाधनों की सौगात




गुरुग्राम विश्वविद्यालय में खेल संसाधनों का उद्घाटन करते अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद मोहन शरण।

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम विश्वविद्यालय में खेल के बेहतरीन संसाधनों का उद्घाटन बुंधवार को अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद मोहन शरण ने किया। स्पोर्ट्स विभाग द्वारा आयोजित स्पोर्ट्स एरेना कार्यक्रम में अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। इस मौके पर गुरुग्राम विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने पुष्प गुच्छ देकर आईएएस आनंद मोहन शरण का स्वागत किया। स्पोर्ट्स एरेना कार्यक्रम में आईएएस आनंद मोहन शरण ने फीता काटकर क्रिकेट पिच, इंडोर बैडमिंटन कोर्ट, वॉलीबॉल कोर्ट, सेमिनार हाल, बोर्ड रूम का उद्धघाटन किया एवं विद्यार्थियों को नई सुविधा का पूरा लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर आईएएस आनंद मोहन शरण ने कहा कि विश्वविद्यालय परिसर में खेल के बेहतरीन संसाधनों के बन जाने से विद्यार्थियों को काफी लाभ पहुंचेगा उन्होंने कहा कि मानसिक विकास के साथ साथ शारीरिक विकास होना भी बहुत जरूरी है। उन्होंने गुरुग्राम विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों को दी जा रही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं विवि के बेहतरीन संसाधनों की सराहना की और इंडिया हायर एजुकेशन रैंकिंग में गुरुग्राम विश्वविद्यालय को चौथा स्थान मिलने पर बधाई देते हुए कहा कि पिछले डेढ़ वर्ष में गुरुग्राम विवि में शैक्षणिक गतिविधियां बढ़ी है उन्होंने आगे कहा कि सरकार का पूरा सहयोग गुरुग्राम विवि. के साथ है। इस मौके पर उद्घाटन सत्र के बाद स्टाफ और छात्रों के बीच एक दोस्ताना क्रिकेट, बैडमिंटन, वॉलीबॉल मैच भी खेला गया।

### स्वतंत्रता दिवस समारोह में दिए उत्कृष्टता पुरस्कार पर फिर उठे सवाल

**सोहना।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सरकारी विभागों के कर्मचारियों से लेकर अधिकारियों को दिया गया उत्कृष्टता पुरस्कार पर उठी उंगलिया। भाई भतीजाबाद और चापलूशी को तवज्जो देते हुए कर्मठ कर्मचारियों को किया दर्ज किनार। गणतंत्र दिवस हो या स्वतंत्रता दिवस। हर बार सरकारी विभागों में कार्यरत कर्मचारी और अधिकारी को पशंसा पत्र देकर सम्मानित किया जाता है। ताकि सम्मानित किए जाने वालों का हौसला बढ़ता सके। लेकिन सोहना से स्थानीय सरकारी विभाग कार्यालयों में कर्मठ कर्मचारियों के कार्य की पहचान न करके। ऐसे कर्मचारियों को प्रशंसा पत्र दिए जाते है। जिनके पास अधिकारी के साथ को पारिवारिक नाता है या फिर अधिकारी के आस पास मंड़राता रहता है। ऐसा होने से कर्मठ और कार्य में निपुनता की पहचान बनाने का हौसला टूटता है। जिससे ईमानदारी से काम करने वालो का हौसला खत्म होने लगता है। उत्कृष्ठता के इस पारितोशिक पुरस्कार सूची में ऐसे ही कर्मचारी के नाम अंकित है। जो ड्यूटी पर रहते हुए भी अपना फर्ज पूरा नहीं निभाते है। एक तरफ चुनाव आयोग ने पंच से लेकर सरपंच, समिति सदस्य और जिला परिषद के चुनाव में महिलाओं को 50फीसदी का आरक्षण दिया गया है।लेकिन स्थानीय शहर मे मनाया जाने वाले गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता के अवसर पर सभी विभाग महिला कर्मचारियों को उत्कृष्टता का सम्मान दिलाने पीछे रखते है। जबकि इस पारितोशिक पुरस्कार में महिला को भी बराबर को भागीदार बनाना चाहिए।

### उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा का जिला के नागरिकों से आह्वान

**मेवात।** उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने जिला नूंह के नागरिकों से आह्वान किया है कि वे सोशल मीडिया पर फैलने वाली फेक न्यूज व वीडियो से सावधान रहें। बिना सोचे समझे किसी भी ऐसी सामग्री को फॉरवर्ड ना करें। अगर कोई नागरिक इस तरह की फेक न्यूज़ व वीडियो को सोशल मीडिया पर डालेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अभी तक जिला पुलिस ने ऐसे मामलों की 11 एफआईआर भी दर्ज की हैं। उन्होंने कहा कि जिला नूंह में अब पूरी तरह से शांति कायम है। कुछ असामाजिक तत्व तथा विदेशी ताकतें दूर बैठे ही इस तरह की फेक न्यूज व वीडियो को सोशल मीडिया पर डाल रही हैं। हम सभी को इनसे पूरी तरह से सावधान रहना है तथा ऐसी किसी भी सामग्री को आगे फॉरवर्ड नहीं करना है। उपायुक्त ने कहा कि फेक न्यूज़ व वीडियो सबसे ज्यादा और आसानी से सोशल मीडिया पर फैलता है। यह सोशल मीडिया का सबसे बड़ा नुकसान है। ऐसे में युवा इस तरह की सामग्री को नजरअंदाज करें और ऐसी वीडियो ना देखें। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा है कि आजकल युवाओं के लिए सोशल मीडिया एक लत बन गया है। वे अपना पूरा दिन सोशल मीडिया पर बर्बाद कर देते हैं और उन्हें अहसास भी नहीं होता है कि वह क्या कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर वक्त बर्बाद करने की बजाय युवा वर्ग अपनी शिक्षा तथा अपने काम धंधे पर फोकस करें। अधिकांश लोग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग समय काटने के लिए करते हैं। इसके सबसे अधिक प्रभावित युवा और छात्र होते हैं। नकारात्मक चीजें देखने की बजाय सकारात्मक चीजों पर ध्यान दें। डीसी ने कहा कि किसी चीज का इस्तेमाल करना बुरा नहीं है, लेकिन उसकी लत लगने से युवा अपनी शिक्षा व काम पर फोकस नहीं कर पाता। इसके साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के अत्यधिक उपयोग से आपके दिमाग और स्वास्थ्य दोनों पर काफी बुरा असर पड़ता है। ऐसे में सोशल मीडिया केवल जरूरत अनुसार या कम से कम इस्तेमाल करना चाहिए। युवाओं को अपना क़ीमती समय बर्बाद करने से बचना चाहिए और उसे अपने बेहतर भविष्य और पेशेवर सफलता की दिशा में लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर लोग सच्चाई से हटकर तोड़ मरोड़ कर कंटेंट डालते हैं। इससे परिवार व समाज में भी बिखराव आता है। समुदायों के बीच इस तरह की सामग्री से आपसी दुश्मनी, वैमनस्य व शत्रुता बढ़ती है। उपायुक्त ने कहा कि युवा आपसी भाईचारे व अमन चैन को बढ़ावा देने वाले कार्य करें।

### बच्चों ने देशभक्ति गीत व नृत्य कर दर्शाया देश के प्रति प्रेम

**कुरुक्षेत्र।** श्रीकृष्णा विद्या मंदिर दयाल नगर में स्वतंत्रता दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस दौरान विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम, प्रतियोगिता, देशभक्ति भाषण आदि गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यालय के बच्चों ने देश भक्ति के गीत गाकर व नृत्य कर देश के प्रति अपने प्रेम को दशार्या व स्वतंत्रता सेनानियों को स्मरण किया। विद्यालय को तिरंगों, गुब्बारों एवं फूलों से सजाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या प्रतिभा पुरी एवं गांव मदनपुर की सरपंच रजवंत कौर ने राष्ट्रीय ध्वजारोहण से किया। छात्रा मुदिता एवं अध्यापिका कविता ने मंच संचालन किया। प्राचार्या ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए देशभक्तों के बलिदान के बारे में बताया। प्रबंधक मदन गोपाल ने कहा कि आज के बच्चे ही कल के भारत का भविष्य हैं। उन्हें सदैव देश की रक्षा करने एवं सच्चाई के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान सतनाम सिंह मदनपुर एवं विद्यालय का स्टाफ व बच्चे मौजूद रहे।

# डीएवी बल्लभगढ़ में धूमधाम से मनाया गया 77वां स्वतंत्रता सप्ताह

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




**डीएवी** बल्लभगढ़ में इस बार 77वां स्वतंत्रता दिवस पूरे सप्ताह मनाने का निर्णय लिया गया। विद्यालय पूरे सप्ताह देशभक्ति के वातावरण से सराबोर रहा। विद्यालय में इस दौरान छात्रों में देशभक्ति का भाव जागृत करने के लिए अनेक गतिविधियां संचालित की गईं। जैसे पोस्टर निर्माण, नारा लेखन, कविता पाठ, अभिनय आदि। जिसमें योगदान के लिए सभी छात्रों, अध्यापकों और अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यालय की ओर से छात्रों द्वारा हर घर तिरंगा जागरूकता अभियान भी चलाया गया। जिसके अंतर्गत छात्रों ने घर घर जाकर लोगों को अपने घरों में तिरंगा लगाने के लिए प्रेरित किया।

विद्यालय 15 अगस्त को हुए स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम के कारण देशभक्ति के भाव से सराबोर था। सर्वप्रथम विद्यालय की प्रधानाचार्या नमिता शर्मा ने ध्वजारोहण किया।

तदुपरांत विद्यालय की प्री प्राइमरी, प्राइमरी और सीनियर विंग के छात्रों की भाषण, नाटक और नृत्य आदि प्रस्तुतियों से विद्यालय का वातावरण देशभक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम में जब प्री प्राइमरी विंग के बच्चों ने झांसी की रानी और सीनियर विंग के छात्रों ने शहीद भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद के बलिदानों को नाटक के माध्यम से दिखाया तो विद्यालय परिसर भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से गूंज उठा।

अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या नमिता शर्मा ने सभी छात्रों, अध्यापकों और अभिभावकों को 77वें स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी और जिन स्वतंत्रता सेनानियों, क्रांतिकारियों और शहीदों के कारण हमें आजादी मिली, उनका स्मरण कर उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित किए।

# अब हर घर तिरंगा के साथ हर वाहन व हर हाथ तिरंगा दिख रहा : गुर्जर






पायनियर समाचार सेवा। पलवल

## स्वतंत्रता दिवस समारोह के बाद गांधी आश्रम म्यूजियम में उनके जीवन से संबंधित चित्रों का किया अवलोकन

**केंद्रीय** ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि आज हर गली, हर मोहल्ले में तिरंगा है। हर घर-हर दफ्तर में तिरंगा है। हर वाहन, हर हाथ में तिरंगा है। पूरा देश तिरंगे के रंगों में रंगा है। पूरा देश देशभक्ति के रंग में रंगा है। इस दिन के लिए मां भारती के न जाने कितने ही सपूतों ने अपना सब कुछ बलिदान कर दिया। इसी दिन के लिए असंख्य देशभक्तों ने कष्ट झेले और यातनाएं सहीं।

नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम पलवल में आयोजित जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर ध्वजारोहण किया तथा परेड की टुकडियों का निरीक्षण कर भव्य परेड की सलामी ली। उन्होंने कहा कि सुशासन से सेवा के संकल्प के साथ जनसेवा का दायित्व संभालने वाली वर्तमान सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ-सबका विकास और हरियाणा एक-हरियाणवी एक के मूलमंत्र पर चलते पूरे हरियाणा और हरेक हरियाणवी की तरक्की और उत्थान के लिए काम किया है। भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए पारदर्शी शासन दिया है। गीता के कर्म के संदेश की इस पावन भूमि के इतिहास में धार्मिक असहिष्णुता और हिंसा का कोई स्थान नहीं रहा है। इसी के अनुरूप प्रदेश में प्रेम, प्यार और भाईचारे की बयार बहाने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है।

पिछले नौ साल में हरियाणा सद्भाव, सौहार्द, समान विकास, समरसता के साथ-साथ उन बदलावों का साक्षी रहा हैं, जिनसे हर आदमी का जीवन सरल, सुगम और सुरक्षित हुआ है। जनसेवा और जनता के बीच दीवार बन चुकी व्यवस्था को मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में न केवल बदलने का काम किया गया है, बल्कि ऐसी व्यवस्था देने का प्रयास किया गया है, जिसमें जन-जन को योजनाओं और सेवाओं का लाभ सरल तरीके से प्राप्त हो।

प्रदेश में 20 साल से अधिक समय से किराए या लीज अथवा लाइसेंस फीस पर चल रही पालिकाओं की दुकानों व मकानों की मलकीयत उन पर काबिज व्यक्तियों को देने की व्यवस्था की है। पिछले पौने नौ वर्षों में प्रदेश में 1000 से अधिक बड़े व मध्यम तथा लगभग दो लाख सूक्ष्म और लघु उद्यम स्थापित किए। जिनमें लगभग 50 हजार करोड़ रुपए का निवेश हुआ व 18 लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिला है। सरकार ने एक लाख 10 हजार युवाओं को योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरियां दी हैं। आउटसोर्सिंग सेवाओं में युवाओं को ठेकेदारों के शोषण से बचाने के लिए हरियाणा कौशल रोजगार निगम बनाया है। खेल जगत में युवा बड़ी उपलब्धियां प्राप्त कर देश-प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार देने के साथ-साथ सरकारी नौकरियां दी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि बहन-बेटियों को उच्चतर शिक्षा की सुविधा प्रदान करने की है।

# कांग्रेस की सरकार बनने पर होगा तिगांव का चहुंमुखी विकास

## पूर्व विधायक ने भोपाल कॉलोनी में सुनीं लोगों की समस्याएं

**फरीदाबाद।** तिगांव विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मवाई की भोपाल कॉलोनी में रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन ने एक मीटिंग का आयोजन किया। मीटिंग में क्षेत्र के पूर्व विधायक ललित नागर ने शिरकत करके लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान लोगों ने ललित नागर को बताया कि उनकी कॉलोनी की एक भी गली आज तक पक्की नहीं हुई और कच्ची गलियों में जलभराव रहता है। जिसके चलते मक्खी-मच्छर पनपने रहते है और बीमारियां फैलने का अंदेशा बना रहता है। कच्ची गलियां होने के कारण बच्चे स्कूल भी नहीं जा पाते, उन्हें मुश्किल से यहां से गुजरना पड़ता है। वहीं कॉलोनी में पीने के पानी की खासी किल्लत है। लोगों को पीने का पानी मोल खरीदना पड़ता है। कॉलोनी में खंभे नहीं है, जिसके चलते तारों का जाल बिछा हुआ है। इस कारण कभी भी अप्रिय घटना घटित हो सकती है। सेक्टरों से सटी होने के बावजूद इस कॉलोनी में आज तक विकास कार्य नहीं हुए हैं। लोगों की समस्याएं सुनने के बाद पूर्व विधायक ललित नागर ने कहा कि भाजपा सरकार के नौ सालों में फरीदाबाद सहित पूरा हरियाणा विकास के मामले में कोसों पीछे छूट गया है। कागजों में विकास करने वाली भाजपा जमीनी स्तर पर पूरी तरह से असफल साबित हुई है। इस सरकार ने केवल लोगों को महंगाई और भ्रष्टाचार की सौगात दी है। लेकिन अब इस सरकार के दिन चलता हो गए हैं, जल्द ही यह सरकार सत्ताविहिन होगी और प्रदेश में दोबारा चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनेगी और उसके बाद भोपाल कॉलोनी सहित समूचे तिगांव क्षेत्र का चहुंमुखी विकास करवाया जाएगा।



# कांग्रेस के विधायक नीरज शर्मा को मारने की धमकी

## दो आरोपी गिरफ्तार, फोन करके मां की भी हत्या करने की दी थी वॉर्निंग

**फरीदाबाद।** एनआईटी से कांग्रेस विधायक नीरज शर्मा को जान से मारने की धमकी दी गई। 15 अगस्त की रात को आठ बजे फोन पर दो नंबरों से कॉल करके विधायक को धमकी दी गई है। धमकी देने वाले ने विधायक की मां को भी जान से मारने की वॉर्निंग दी।

विधायक की मां इन दिनों 84 कोसी परिक्रमा करने गई है। विधायक ने पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस ने केस दर्ज करके दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। फरीदाबाद की पर्वतीय कॉलोनी इलाके से नीरज शर्मा ने शिकायत पर आरोपी युवक की दूध की डेयरी



हटवाई थी। इसी रंजिश के चलते आरोपी ने एक अन्य साथी के साथ मिलकर धमकी दी थी।कांग्रेस विधायक नीरज शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उन्हें 15 अगस्त को रात आठ बजकर दो मिनट और आठ बजकर आठ मिनट पर दो बार मोबाइल नंबर से फोन आया। कॉल करने वाले ने उन्हें आपत्तिजनक गालियां दीं। साथ ही फोन करने वाले व्यक्ति ने उन्हें और उनकी मां को जान से मारने की धमकी दी। विधायक नीरज शर्मा ने बताया था कि मां 84 कोस परिक्रमा करने गई है। अगर उन्हें किसी प्रकार का कोई खतरा होता है तो इसकी जिम्मेदारी धमकी देने वाले व्यक्ति की होगी।

# परिक्रमा करके लौट रही महिला की हादसे में मौत, पति घायल

**पलवल।** हाईवे पर मुंडकटी थाना के पास बाइक को दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार महिला की मौत हो गई, जबकि उसका पति गंभीर घायल हो गया। बाइक सवार दंपति गोवर्धन परिक्रमा करके लौट रहे थे। मुंडकटी थाना प्रभारी सचिन कुमार के अनुसार, नई तिलपत कॉलोनी फरीदाबाद निवासी रामानंद शर्मा ने बताया कि वह एक निजी कंपनी में नौकरी करता है। 15 अगस्त को वह अपनी पत्नी विमलेश के साथ बाइक से गोवर्धन की परिक्रमा करने के लिए गया था, लेकिन जब दोनों परिक्रमा करने के बाद बाइक से वापसी लौट रहे थे तो चौक को क्रॉस करते समय सामने से आ रही बाइक ने सीधी टक्कर मार दी। रामानंद के अनुसार, टक्कर लगने से वह और उसकी पत्नी सड़क पर गिर गए।

# एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने निकाली मैराथन दौड़ और तिरंगा यात्रा




पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**अखिल** भारतीय विद्यार्थी परिषद पलवल द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में वेदांता पब्लिक स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में मैराथन दौड़ और तिरंगा यात्रा का आयोजन जिला प्रमुख जितेंद्र कुमार की अध्यक्षता में किया। जिसमें जिला संयोजक सागर ने बताया कि छात्र-छात्राओं ने चार किलोमीटर लंबी मैराथन दौड़ लगाई। जिसमें राजीव कत्याल व एसएचओ कैंप ने मैराथन को ताऊ देवीलाल पार्क से झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद तिरंगा लेकर यात्रा का शुभारंभ किया। जिसमें सामूहिक राष्ट्रगान में देवांशू गौड़ ने ध्वजारोहण कर यात्रा की शुरुआत कराई। जोकि शहर के राम नगर से ताऊ देवीलाल पार्क तक निकाली गई। बाजार से होते हुए पार्क में पहुंचकर समापन किया। इस दौरान सभी लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर आजादी के अमृत महोत्सव को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया। बड़ी संख्या में छात्र, छात्राएं एवं स्थानीय लोग इस यात्रा में शामिल थे। भारत माता की जय, वंदे मातरम, वीर शहीद अमर रहे के जयघोष से पूरा शहर गूंज उठा, साथ ही झांकी की भी प्रस्तुति की गई। विभाग संयोजक पुष्पेंद्र ठाकुर ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने 77वीं वर्षगांठ पर तिरंगा यात्रा निकालकर देश के लिए शहीद हुए वीर योद्धाओं को याद किया है। यात्रा में स्थानीय लोग और छात्र-छात्राओं ने खूब बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और मैराथन प्रतिभागी व समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया।

# मैकेनिकल थ्रोंबेक्टोमी कर ब्रेन स्ट्रोक के मरीज के दिमाग से निकाला बड़ा क्लॉट

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**ग्रेटर** फरीदाबाद सेक्टर-86 स्थित एकॉर्ड अस्पताल के न्यूरोलॉजी डिपार्टमेंट चेयरमैन डॉ. रोहित गुप्ता तथा न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. संदीप घोष की टीम ने ब्रेन स्ट्रोक के कारण पैरालाइसिस हुए मरीज की थ्रोंबेक्टोमी कर नया जीवन दिया है। इलाज के बाद महिला अब पूरी तरह स्वस्थ है।

महिला के पति श्रीनिवास ने बताया कि वह ग्रेटर फरीदाबाद प्रिंसिस पार्क सोसायटी में रहते हैं। 63 वर्षीय उनकी पत्नी घर पर पूजा कर रही थी। पूजा करते करते अचानक बेहोश होकर गिर गई। वह उन्हें तुरंत एकॉर्ड अस्पताल लेकर पहुंचे। ऐसे में डॉक्टरों ने ब्रेन स्ट्रोक की संभावना जताई। सिटी स्कैन में दिमाग में कोई ब्लीडिंग देखने को नहीं मिली। एमआरआई में दिमाग के एक हिस्से में खून का थक्का जमा होने की पुष्टि हुई। जिसमें स्ट्रोक सामने आया। परिजनों ने बताया उन्हें पहले से हार्ट की भी बीमारी थी। दो दिन व्रत होने के कारण उन्होंने दवाइयां भी नहीं लीं थी। जिस कारण वह बेहोश हुई थी।

न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. संदीप घोष ने बताया कि स्ट्रोक के कारण मरीज के बाएं तरफ का हिस्सा पैरालाइज हो गया था और वो बोल भी नहीं पा रही थी, किसी को पहचान नहीं पा रही थी। परिजनों को सहमति से पहले मरीज का आईवी थ्रोंबोलिसिस किया। दिमाग में खून का थक्का बहुत बड़ा होने के कारण उन्हें तुरंत मैकेनिकल थ्रोंबेक्टोमी की सलाह दी गई। इस न्यूरो इंटरवेंशन द्वारा खून के बहुत बड़े थक्के को हटा दिया गया। तीन घंटे चले इस प्रोसिजर के बाद मरीज अब पूरी तरह स्वस्थ है। इस नए जीवन के लिए उन्होंने डॉक्टरों का आभार व्यक्त किया।

वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. रोहित गुप्ता ने बताया कि ब्रेन स्ट्रोक के बढ़ते मामले चिंताजनक हैं। यदि सभी नियमित बीपी की जांच करवाएं तो काफी हद तक इस समस्या से बच सकते हैं। ब्रेन स्ट्रोक आने के बाद मरीज को जल्द अस्पताल पहुंचा दिया जाता है तो मरीज की जान बचाई जा सकती है। साथ ही धमनी में क्लॉटिंग को हटाकर विकलांगता को भी रोका जा सकता है।

उन्होंने कहा कि नई तकनीक मैकेनिकल थ्रोंबैक्टॉमी से ब्रेन स्ट्रोक के मरीजों के लिए बेहद कारगर साबित हुई है। इस तकनीक से 24 घंटे के अंदर भी स्ट्रोक के मरीज का इलाज संभव है। अस्पताल न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. मेघा शारदा ने कहा कि ब्रेन स्ट्रोक उस समय पड़ता है, जब मस्तिष्क की किसी नस में खून का थक्का (कलॉट) बन जाता है या नस फटने के कारण दिमाग को रक्त की सप्लाई कम हो जाती है। 87 प्रतिशत केस में खून की नस में क्लॉट के कारण स्ट्रोक आता है। हर मिनट में दिमाग के 19 लाख सेल निष्काम हो जाते हैं। नई तकनीक मैकेनिकल थ्रोंबैक्टॉमी के आने से अब 24 घंटे के अंदर ब्रेन स्ट्रोक के मरीज का इलाज किया जा सकता है। इस तकनीक द्वारा बिना चीरफाड़ किए सफल इलाज संभव है।

# संगोष्ठी में ऊर्जा व जल संरक्षण के बारे में बताया

**पलवल।** सरस्वती इंस्टिट्यूट ऑफ लॉ पलवल में तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का शुभारंभ प्रोफेसर डॉ. दिनेश कुमार, उपकुलपति, गुरुग्राम विश्वविद्यालय, द्वारा किया गया। समापन जाने-माने पर्यावरणविद विजय गर्ग दिल्ली पर्यावरण विभाग द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि अगर बिना इस्त्री किए कपड़े पहनने को फैशन स्टेटमेंट बना दिया जाए तो यह एक तरह से पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने में मदद करेगा, क्योंकि यह ऊर्जा संरक्षण में उपयोगी होगा।

इस संगोष्ठी में भिन्न-भिन्न देशों और प्रदेशों से शिक्षाविद, पर्यावरणविद, शोधार्थी एवं विषय-विशेषज्ञों ने भाग लिया। जिनमें गाजी सैफुल हसन एसोसिएट प्रोफेसर और कानून व न्याय विभाग के विभागाध्यक्ष, सिंडिकेट सदस्य, बांग्लादेश मेट्रोपॉलिटन विश्वविद्यालय, डॉ. नाडा रतकोविक, वोकेशनल स्टडीज के प्रोफेसर, एप्लाइड टेक्निकल स्टडीज बेलग्रेड अकादमी, डॉ. के विक्टर बाबू, एसोसिएट प्रोफेसर, शिक्षा और व्यावसायिक विकास अध्ययन संस्थान, मेट्टू विश्वविद्यालय, मेट्टू, इथियोपिया एवं मोहम्मद अब्दुल हालिम, जिला एवं सेशन जज, संस्थापक और अध्यक्ष, बांग्लादेश अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता केंद्र, मुख्य वक्ताओं के रूप में शामिल थे।

इस अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में गीतांजलि घोष, कानून की सहायक प्रोफेसर, राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय और न्यायिक अकादमी, असम, डॉ. कैलाश कुमार, निदेशक, एमडीयू, प्रोफेसर डॉ. संदीप कुलश्रेष्ठ, विभागाध्यक्ष, एसआरएम विश्वविद्यालय, सोनीपत, सचिन शर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर, हिमाचल प्रदेश, डॉ. प्रोफेसर विजय प्रताप तिवारी, प्रोफेसर, महाराष्ट्र नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, नागपुर, डॉ. सुशीला चौहान, प्रोफेसर, कानून विभाग, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय आदि विषय-विशेषज्ञों ने भाग लिया।

# संक्षिप्त समाचार

## वीटा सोसायटी में मनाया स्वतंत्रता दिवस समारोह



**पलवल।** प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भाजपा हरियाणा वीर ममता चौहान की देखरेख में वीटा सोसयटी सेक्टर-2 में स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर झंडा फहराया। उन्होंने अवसर पर उन्होंने देशभक्तों व शहीदों से प्रेरणा लेने की सीख दी। कार्यक्रम में तपन कुमार, चमन तायल, मुकेश तायल, जयपाल कुंतल, चंद्रपाल तेवतिया, रूपचंद डागर, चंकी अरोड़ा, लोकेश बेनिवाल, रण सिंह देशवाल, हरिओम गर्ग, रोहित चौहान अज्जू, वीर सिंह, सुनीता कुंतल, राजेश तेवतिया, भानु महाराणा, बरखा गर्ग, पूनम अन्नू, रचना तायल, जागृति आदि उपस्थित रहे।

## दो महिलाओं के कानों के कुंडल तोड़े

**पलवल।** कैंप थाना अंतर्गत अलग-अलग स्थानों पर दो महिलाओं के कानों से कुंडल लूटकर बाइकर्स फरार हो गए। लूटपाट की एक वारदात सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई है। कैंप थाना पुलिस ने अज्ञात झपटमारों के खिलाफ लूट की धारा में मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की जांच में जुटी हुई है। कैंप थाना प्रभारी सत्यनारायण के अनुसार, बसंत विहार कॉलोनी निवासी पुष्पा देवी ने दी शिकायत में कहा है कि वह सुबह करीब साढ़े दस बजे मंदिर से पूजा करके घर वापस लौट कर आ रही थी। उसी दौरान दो युवक बाइक पर आए और उसके कान से कुंडल लूटकर फरार हो गए। शिकायतकर्ता का कहना है कि घटना उसके घर से मात्र 100 मीटर दूरी पर हुई है। वह अपनी शिकायत देने थाने आई तो आदर्श कॉलोनी की रहने वाली शीला देवी ने बताया कि दोनों आरोपियों ने उसके भी कुंडल लूटे हैं। यह पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। आरोपियों की बाइक पर कोई नंबर नहीं लिखा हुआ था। पुलिस ने दोनों महिलाओं की शिकायतों पर मुकदमे दर्ज कर लुटेरों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी के आधार पर लुटेरों की पहचान की जा रही है।

## महिला से 12 साल तक शारीरिक शोषण किया

**पलवल।** एक महिला के साथ ईंट भट्ठे के मुनीम ने दुष्कर्म किया। आरोप है कि उसने महिला को बहला-फुसला कर पति से अलग कर 12 साल तक अपने पास रखा और शारीरिक शोषण किया। महिला एक बेटी की मां भी है। अब आरोपी उसके पास नहीं रहता और न ही उसे खर्चा देता। पुलिस ने महिला की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। होडल थाना प्रभारी महेंद्र सिंह के अनुसार, विवाहिता ने दी शिकायत में कहा है कि वह ईंट भट्ठा पर अपने पति व दो बच्चों के साथ रहती थी और काम करती थी। लेकिन 12 साल पहले भट्ठा पर मुनीम का काम करने वाले संजय नामक युवक ने उसे अपनी बातों में फंसा लिया। इसके बाद आरोपी संजय उसे बहला-फुसला कर अपने साथ ले गया और होडल में एक कॉलोनी में किराए का मकान लेकर उसके साथ रहने लगा। उसका आरोप है कि संजय उसी दिन से उसका शारीरिक शोषण करने लगा और उससे उसको एक बेटी का जन्म हुआ। जबकि एक लड़की व एक लड़का उसके पहले पति से है। 12 वर्ष तक अपने साथ रखने के बाद अब आरोपी संजय उसे छोड़कर कहीं चला गया। न तो मकान का किराया दे रहा है और न ही उसका खर्चा दे रहा है। इससे वह परेशान रहने लगी और बच्चे भी उसके परेशान हैं। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि आरोपी ने उसके साथ बहला-फुसला कर 12 वर्ष तक दुष्कर्म किया और अब छोड़कर चला गया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## कार्यकर्ताओं ने घर घर जाकर केजरीवाल की नीतियां बताईं



**पलवल।** आम आदमी पार्टी के जिला लीगल सेल पलवल अध्यक्ष संजय सिंह वर्मा तथा विक्रम शर्मा बामनीखेड़ा ने विधानसभा क्षेत्र हथीन के गांव बढ़ा, रखोता, नगली पचानकी, धमाका, पहाड़ी आदि गांव में केजरीवाल का बिजली आंदोलन घर-घर पहुंचाया। लोगों ने केजरीवाल के आंदोलन से खुश होकर आम आदमी पार्टी का समर्थन करने का आश्वासन दिया। लोगों ने अपनी समस्याएं बताते हुए कहा कि बिजली प्रतिदिन रात को एक एक, दो दो घंटे के कट लेती है तथा दिनभर में कुल 10 से 12 घंटे बिजली प्राप्त होती है। जिस पर बिल इतना अधिक होता है, जोकि चुकाना मुश्किल है। ग्रामीणों ने संजय वर्मा को बताया कि बिजली अधिकारी ग्रामीणों से अवैध वसूली करते हैं। उन्होंने कहा कि बिजली अधिकारी बीजेपी नेताओं के लाखों के बिल पेंडिंग होते हैं। उनके ऊपर कोई केस नहीं बनाते और मिलीभगत करके बिजली चोरी करवाते हैं तथा आम आदमी को नाजायज सताया जाता है।

## सेक्टर-48 आरडब्लूए ने मनाया स्वतंत्रता दिवस



**फरीदाबाद।** सेक्टर 48 आरडब्लूए ने स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया। इस मौके पर सत्ता सुबेदार, जावेद अख्तर, असीम सैफी, रमजान खान, बिल्लू गुर्जर, रब्बानी अखतर, शमशाद अख्तर, नदीम, अयूब खान, विकास भारद्वाज व अख्तर हुसैन ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया और राष्ट्रगान गाया। इस मौके पर सेक्टर-48 आरडब्लूए की टीम ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता दिवस का उत्सव हम सभी 15 अगस्त सन् 1947 से आज तक बड़े उत्साह और प्रसन्नता के साथ मनाते चले आ रहे है। हमें आज सभी महापुरुषों और शहीदों को श्रृद्धांजलि देनी चाहिए, जिन्होंने स्वतंत्रता हेतू अपने प्राणों की बाजी लगा दी। भारत की रक्षा करने के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। आजादी के महापर्व में कई महान देशभक्तों ने अपने प्राणों की आहूति दी, तब जाकर यह हमें प्राप्त हुई। उन्होंने कहा कि हमें आपसी भाईचारा बनाकर रखना है और देश विरोधी ताकतों से बचकर रहना है।

## ए-वन स्तर के जर्मन भाषा प्रमाणपत्रों का सम्मान समारोह



**फरीदाबाद।** अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के छात्रों, जिन्होंने जर्मन भाषा में ए-वन स्तर पूरा किया, को कॉलेज परिसर में प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता द्वारा सम्मानित किया गया। यह पाठ्यक्रम छात्रों की सुविधा के लिए यस जर्मनी संस्था, फरीदाबाद के सहयोग से चलाया जा रहा था। छात्रों के समग्र विकास और उन्हें रोजगार के लिए तैयार करने के लिए इस तरह के पाठ्यक्रम कॉलेज लगातार आयोजित कराता रहता है। प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह तीसरी भाषा का ज्ञान छात्रों के कौशल विकास का एक माध्यम है। पाठ्यक्रम के लिए 18 छात्रों ने पंजीकरण करवाया था। कमल टंडन ने भी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ. सारिका कांजलिया और डॉ. इनायत चौधरी भी उपस्थित थे।

## स्वतंत्रता दिवस
### उपलब्धियां और चुनौतियां

**भारत** ने हाल ही में अपना 77वां स्वतंत्रता दिवस मनाया। यह आत्ममूल्यांकन व आनन्द का क्षण है। 1947 से शुरू भारत की यात्रा में उल्लेखनीय प्रगति एवं परिवर्तन सामने आए हैं। इसके साथ ही बीच-बीच में ऐसी चुनौतियां भी आईं जिन्होंने देश की दृढ़ता की परीक्षा ली। यह दिन हमें अपनी प्रगति व उज्ज्वल भविष्य की राह में आने वाली बाधाओं के आंकलन का अवसर देता है। 77वें स्वतंत्रता दिवस पर भारत एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है। उसके पास समृद्ध इतिहास की उपलब्धियां तथा आगामी विपरीत स्थितियों से निपटने का विवेक है। प्रगति की यह यात्रा अनेक उपलब्धियों से भरी है जिन्होंने दुनिया में भारत का कद बढ़ाया है। कृषि क्षेत्र के साथ अंतरिक्ष की खोज में आत्मनिर्भरता के साथ भारत ने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी शक्ति प्रदर्शित की है। हरित क्रांति ने करोड़ों लोगों की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की है, जबकि तकनीकी प्रगति ने देश को आईटी व साफ्टवेयर उद्योगों में अग्रणी शक्ति बना दिया है। 'मार्स आर्बिटर मिशन' ने भारत की अंतरिक्ष क्षमताओं का प्रदर्शन करते हुए बता दिया है कि वह अंतरिक्ष तकनीक व खोज में पूर्णत: सक्षम हैं। चंद्रयान-3 भारत की तकनीकी क्षमताओं का जीवन्त प्रमाण है जो लगभग एक सप्ताह में चंद्रमा की सतह छुएगा। इन उपलब्धियों से न केवल भारत की प्रगति, बल्कि भारतीय जनता की क्षमतायें भी उजागर होती हैं। लेकिन यह यात्रा बिना चुनौतियों के नहीं रही है। वर्तमान समय में भी हमारे समक्ष अनेक चुनौतियां हैं जिनमें सामाजिक व आर्थिक असमानता प्रमुख है। यह चुनौती देश की समावेशी प्रगति में बाधा डाल रही है। पर्यावरण क्षरण तथा जलवायु परिवर्तन भारत के टिकाऊ विकास को चुनौती दे रहे हैं। इसके साथ ही सांप्रदायिकता, जातिवाद व धार्मिक



असहिष्णुता की चुनौतियां समाज में एकता व सहिष्णुता पैदा करने की आवश्यकता उजागर करती हैं।

भारत को भविष्य में कुछ खास रास्ते अपनाने होंगे। सबसे पहले व सर्वाधिक महत्वपूर्ण रूप से शिक्षा में निवेश है। असमानता की चुनौतियों से निपटने के लिए समग्र सुधारों की आवश्यकता है। शहर व गांव के बीच खाई पाटने, स्वास्थ्यरक्षा ढांचा मजबूत करने तथा कौशल विकास के अवसर प्रदान करने से समाज में हाशियाकृत लोगों का सशक्तीकरण होगा। टिकाऊ व्यवहारों का क्रियान्वयन तथा नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों के प्रयोग से न केवल पर्यावरणीय जोखिम कम होंगे, बल्कि आर्थिक वृद्धि भी तेज होगी। इसके साथ ही भारत की प्रगति यात्रा में एकता व विविधता के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता जरूरी है। मतभेदों को खुले मन से स्वीकार करने तथा समावेशन की भावना को बढ़ावा देने से देश विभाजनकारी विमर्शों से आगे निकल कर अपना सामाजिक ढांचा मजबूत कर सकता है। वैश्विक संदर्भ में देखें तो स्पष्ट होगा कि भारत की विदेश नीति सहयोग व राजनय पर आधारित होनी चाहिए। भारत को जी20 की अध्यक्षता का अच्छा प्रयोग करते हुए विश्व शांति व दुनिया भर में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए करना चाहिए। पूरे देश में फहरा रहे तिरंगे झंडे हमें याद दिलाते हैं कि विविधतापूर्ण जनसंख्या एकसाथ एकता के बंधन में बंधी है। स्वतंत्रता दिवस पर हमें अपने उन पूर्वजों के बलिदानों का सम्मान करना चाहिए जिन्होंने भविष्य में समृद्ध, समावेशी व सद्भावनापूर्ण भारत बनाने के लिए अपना सबकुछ दांव पर लगा दिया था। वर्तमान समय में देश की जनता व खासकर नौजवानों को देश के भविष्य में विश्वास बढ़ रहा है तथा दुनिया के अधिकांश देश भारतीय अर्थव्यवस्था की भावी प्रगति के बारे में आश्वस्त हैं।

# अमेरिकी अर्थव्यवस्था की समस्या

हालांकि, अमेरिकी अर्थव्यवस्था अभी स्थिर व मजबूत है, पर फिच व मूडी जैसी रेटिंग एजेंसियों द्वारा उसका दर्जा घटाने से समस्या पैदा हो सकती है।



**अश्विनी महाजन**
(लेखक, दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रोफेसर हैं)



अंतरराष्ट्रीय रेटिंग एजेंसी फिच ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था की दीर्घकालीन विदेशी-मुद्रा डिफाल्ट रेटिंग-आईडीआर घटा कर 1 अगस्त, 2023 को एएए से एएप्लस कर दी है। फिच के अनुसार, 'अमेरिका की रेटिंग गिरने का असर अगले तीन साल में उसकी वित्तीय कमियों, सरकार पर कर्ज का उच्च व बढ़ते बोझ तथा प्रशासन के एए से एएए तक गिरने का संकेत है। पिछले दो दशक में यह उसके बार-बार कर्ज सीमा गतिरोध तथा अंतिम क्षण पर समाधान से स्पष्ट है।' उल्लेखनीय है कि अतीत में कर्ज सीमा गतिरोध बार-बार सामने आया है और अमेरिकी सरकार व अमेरिकी संसद ने इसके समाधान के रूप में अंतिम क्षण पर कर्ज की सीमा बढ़ा दी है।

ऐसी स्थिति में कई बार अमेरिकी राष्ट्रपति व अमेरिकी संसद के बीच टकराव का वातावरण बना है। इससे यह तथ्य स्पष्ट होता है कि अमेरिका की राजकोषीय स्थिति बहुत अच्छी नहीं है और सरकार को बार-बार कर्ज सीमा बढ़ाने के लिए संसद का दरवाजा खटखटाना पड़ता है ताकि अमेरिकी प्रशासन अपनी राजकोषीय आवश्यकतायें पूरी कर सके।

अतीत में कई बार हमें पैसे की कमी के कारण अमेरिकी सरकार का 'शट डाउन' देखने को मिला है। फिच द्वारा अमेरिकी रेटिंग गिराने से अगले तीन साल में अमेरिका में राजकोषीय स्थिति और खराब हो सकती है। इसके साथ ही सरकार पर कर्ज का बोझ बढ़ेगा। फिच रेटिंग एजेंसी का कहना है कि राजकोष व कर्ज संबंधी मामलों में अमेरिकी सरकार के मानक पिछले 20 साल में लगातार गिरे हैं। इसके बाद से कर्ज सीमा पर बार-बार राजनीतिक गतिरोध सामने आए हैं जिससे राजकोषीय प्रबंधन में विश्वसनीयता की कमी स्पष्ट हुई है। सरकार के पास एए से एएए रेटिंग के बीच वाले देशों की तुलना में मध्यकालीन राजकोषीय ढांचे की कमी है। फिच का यह भी कहना है कि पिछले दशक में अमेरिकी सरकार पर कर्ज काफी बढ़ गया है जिसका कारण अनेक प्रकार के आर्थिक झटके, करों में कटौती तथा खर्च में बढ़ोत्तरी वाली पहलें हैं। अमेरिका में लगातार बूढ़े लोगों की संख्या बढ़ने के कारण सामाजिक सुरक्षा व चिकित्सा देखभाल पर खर्च लगातार बढ़ रहा है और इससे निपटने के कोई खास प्रयास नहीं किए गए हैं। सरकार का राजकोषीय घाटा वर्ष 2022 में जीडीपी का 3.7 प्रतिशत था जिसके 2023 में बढ़ कर 6.3 प्रतिशत होने की उम्मीद है। राज्य और स्थानीय सरकारों पर भी कर्ज बढ़ रहा है। राजकोषीय दायित्व कानून के कारण थोड़ा सुधार जरूर हुआ है, पर यह बहुत कम है तथा इस बात की कोई उम्मीद नहीं है कि 2024 में चुनावों तक राजकोषीय मजबूती में कोई महत्वपूर्ण सुधार होगा। उल्लेखनीय है कि लगभग 12 साल पहले 5 अगस्त, 2011 को रेटिंग एजेंसी स्टैंडर्ड एंड पुअर ने अमेरिका की रेटिंग इसी प्रकार घटा दी थी।

उस समय पहली बार अमेरिकी संघीय सरकार की रेटिंग एएए के नीचे चली गई थी। रेटिंग घटाने का काम अमेरिकी कांग्रेस द्वारा कर्ज की सीमा बढ़ाने के चार दिन बाद हुआ है। हालांकि, फिच व मूडी रेटिंग एजेंसियों ने तब अपनी रेटिंग नहीं घटाई थी। अमेरिकी सरकार की रेटिंग 2011 से एएए बनी हुई है और इसके बाद पहली बार फिच ने अमेरिकी संघीय सरकार की रेटिंग घटाई है। इस बीच हमने देखा है कि एक और रेटिंग एजेंसी मूडी ने अनेक अमेरिकी बैंकों की रेटिंग घटा दी है। एजेंसी ने 10 छोटे व मझोले आकार वाले बैंकों की रेटिंग घटा कर भविष्य में रेटिंग घटाने तक उनको 6 बड़े कर्जदार घोषित कर दिया है। इसके पीछे कारण यह बताया गया है कि फंडिंग का खर्च या दूसरे शबिदों में ब्याज दरों में वृद्धि के कारण मुनाफे पर दबाव बढ़ा है।

अमेरिका आर्थिक रूप से दुनिया का सर्वाधिक शक्तिशाली देश है और इसकी अर्थव्यवस्था बहुत व्यापक तथा विविधताओं से भरी है। अमेरिका में बिजनेस परिदृश्य भी बहुत गतिशील है। इतनी मजबूत ढांचागत संरचना के कारण अमेरिकी डालर दुनिया की सर्वाधिक लोकप्रिय व सम्मानित रिजर्व मुद्रा है। दुनिया के देश अब भी अपने विदेशी मुद्रा भंडार केवल डालर में रखना चाहते हैं। इन सारी लाभदायक स्थितियों के कारण रेटिंग घटने के बावजूद ऐसी कोई स्थिति नहीं आने वाली है कि अमेरिका अपने कर्जों के भुगतान में अक्षम हो जाए। अमेरिका में दुनिया का विश्वास अडिग बना हुआ है, लेकिन इसके बावजूद यह समझने की आवश्यकता है कि अमेरिका में रेटिंग एजेंसियों द्वारा अर्थव्यवस्था का दर्जा घटाने का अमेरिकन अर्थव्यवस्था पर क्या प्रभाव पड़ेगा। देश की रेटिंग गिराने का किसी देश पर पहला असर उसकी ब्याज दरें बढ़ने के रूप में सामने आता है। इसका कारण यह है कि अमेरिका को कर्ज देने वाले निवेशक ज्यादा जोखिम गारंटी चाहेंगे। इसके कारण सरकार द्वारा कर्ज लेना महंगा हो जाएगा जिसका नतीजा खर्च घटाने या टैक्स बढ़ाने के रूप में सामने आ सकता है। अब अमेरिका सरकार को कर्ज लेने पर पहले की तुलना में ज्यादा ब्याज देना पड़ेगा। दूसरा, अमेरिकी सरकार द्वारा लिए कर्ज पर ब्याज दरें वैश्विक बेंचमार्क का काम कर सकती हैं। इसका कारण यह है कि अमेरिकी सरकार द्वारा लिया जाने वाला कर्ज दुनिया में एक सर्वाधिक सुरक्षित कर्ज माना जाता है।

ऐसी स्थिति में यदि ज्यादा सुरक्षित कर्जों पर ज्यादा ब्याज दर मिले तो फिच द्वारा अमेरिकी अर्थव्यवस्था का दर्जा गिराने के बाद दुनिया भर में ब्याज दरों में वृद्धि हो सकती है। इसके साथ ही किसी अन्य देश के द्वारा दिया जाने वाला ब्याज अन्य देशों के लिए बेंचमार्क बन सकता है। लेकिन इसकी संभावना बहुत कम है क्योंकि अमेरिका दुनिया में अकेला सबसे बड़ा कर्जदार देश है।

तीसरा, इससे डालर के मूल्य में भी कमी आ सकती है जिसके कारण अमेरिका में होने वाले आयात ज्यादा महंगे हो जाएंगे। अंतरराष्ट्रीय रूप से अमेरिकी अर्थव्यवस्था का दर्जा गिरने से अमेरिका का सम्मान गिर सकता है और इससे वह 'निवेश का स्वर्ग' समझे जाने वाले स्तर से भी गिर सकता है। इसके कारण पूंजी के अमेरिका में प्रवाह पर असर पड़ सकता है क्योंकि निवेशक अपना पैसा ऐसे देशों में निवेश करना चाहेंगे जिनकी क्रेडिट रेटिंग ऊंची हो। इसके कारण अमेरिका को दूसरे देशों की सरकारों व संस्थाओं से कर्ज लेने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। चौथा, रेटिंग गिरने से अमेरिकी अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंच सकता है। इसके कारण उपभोक्ताओं का विश्वास प्रभावित हो सकता है जिससे वे अपने खर्च में कटौती कर सकते हैं।

इसके कारण बिजनेस निवेश घट सकता है क्योंकि बिजनेसों में भविष्य के प्रति अनिश्चितता का भाव पैदा हो सकता है। इससे मंदी वाली प्रवृत्तियां और जोर पकड़ सकती हैं। पांचवां, इस पूरे घटनाक्रम के परिणामस्वरूप आम अमेरिकी को घर या वाहन के लिए प्राप्त कर्ज पर अपनी ईएमआई अदा करने में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है। परिवर्तनशील ब्याज दरों वाले बंधक में भी ब्याज दरें बढ़ सकती हैं जिससे लोगों को अपने मासिक भुगतान प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना भी करना पड़ सकता है।

छठा, इस घटनाक्रम के परिणामस्वरूप रेटिंग एजेंसियां बैंकों व अन्य कर्जदाता संस्थानों की रेटिंग और घटा सकती हैं। इसके परिणामस्वरूप ब्याज दरों में वृद्धि होगी जैसा कि अतीत में हो चुका है। फिच द्वारा रेटिंग घटाने के कारण इन कर्जदाता संस्थानों के लिए स्थिति और गंभीर हो सकती है। विडंबना है कि यदि ये कर्जदाता संस्थान अपनी ब्याज दरें और बढ़ाते हैं तो उनकी रेटिंग में और कमी आने की पूरी संभावना है। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि अमेरिकी प्रशासन और सरकार रेटिंग एजेंसियों द्वारा अमेरिका की रेटिंग गिराने पर किस प्रकार की प्रतिक्रिया देगा। लेकिन फिलहाल इतना तो स्पष्ट है कि रेटिंग एजेंसियों द्वारा अमेरिका की रेटिंग गिराना अमेरिका के आर्थिक व कार्पोरेट जीवन के लिए शुभ संकेत नहीं है।

# प्रकृति से खिलवाड़ विनाशकारी

> अभी भी बहुत देर नहीं हुई है। अब भी अधिक टिकाऊ, प्रकृति-अनुकूल प्रथाओं की ओर अपना रुख बदलने का समय है।

**ब्रह्मकुमार निकुंज**
(लेखक, आध्यात्मिक उपदेशक हैं)



हाल ही में हर समाचार चैनल और अखबार ने दुनिया के प्रमुख संस्थानों में से एक, यूरोपीय परमाणु अनुसंधान संगठन, जिसे सीईआरएन के नाम से भी जाना जाता है, के परिसर में नटराज की 2 मीटर ऊंची मूर्ति स्थापित करने की खबर छापी। वैज्ञानिक संस्थान में स्थापित प्रतिमा को लेकर नेटिज़न्स के बीच काफी उत्सुकता थी। वहीं कुछ लोग यह अंदाजा लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि वह मूर्ति यूरोप तक कैसे पहुंची। कुछ लोगों का कहना है कि नटराज की मूर्ति परमाणु की संरचना बताती है और इसलिए वैज्ञानिकों ने इसे सर्न परिसर में रखने का फैसला किया। एक अन्य का कहना है कि मूर्ति की मुद्रा को %आनंद तांडवम% कहा जाता है क्योंकि इसकी गति उप-परमाणुओं की गति के समान है। सबसे आश्चर्यजनक उत्तर एक वैज्ञानिक से आया जिसने कहा कि भगवान शंकर का नटराज रूप सृजन और विनाश के ब्रह्मांडीय नृत्य का प्रतीक है। और जो हम सब इस समय पूरे विश्व में देख रहे हैं वह कुछ और नहीं बल्कि भगवान शंकर के तांडव नृत्य का परिणाम है। हममें से कोई भी इस तथ्य से इनकार नहीं करेगा कि हम अब एक घातक वैश्विक महामारी, ग्लोबल वार्मिंग, आर्थिक टूटन और भ्रष्ट निरंकुश शासन वाले देशों में गृहयुद्ध जैसी चरम स्थितियों का सामना कर रहे हैं जो अब परिष्कृत मिसाइलों के साथ अंतरराष्ट्रीय हस्तक्षेप तक पहुंच गई हैं। वगैरह।

यह बहुत समय पहले की बात नहीं है जब कार्यकर्ताओं ने भविष्यवाणी की थी कि देर-सबेर प्रकृति उन सभी दुर्व्यवहारों पर प्रतिक्रिया करेगी जो वह मनुष्यों से सहन कर रही है। हज़ारों वर्षों से प्रकृति ने मानवता को नि:शुल्क स्वच्छ जल, भोजन, ताज़ी हवा, उपजाऊ पृथ्वी और हमारे भरण-पोषण और आनंद के लिए हर प्रकार के लाभ प्रदान किए हैं, और इसने हमें अनगिनत धन दिया है। लेकिन प्रकृति के नियमों का सम्मान करने और उसकी प्रचुरता का बुद्धिमानी से उपयोग करने के बजाय, हम लालच और अहंकारी विनाशकारीता के तांडव में शामिल हो गए हैं। जलवायु परिवर्तन पर एक हालिया वैज्ञानिक अध्ययन ने निष्कर्ष निकाला है कि ग्लोबल वार्मिंग के कारण आर्कटिक महासागर में गर्मियों की लगभग सभी समुद्री बर्फ इस सदी के अंत में गायब होने की संभावना है।



ग्लोबल वार्मिंग की अजेय गति के कारण ऐसी घटना अपरिहार्य है, जो ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन के कारण हो रही है जो वायुमंडल में गर्मी को रोकती है, जिससे ऑटोमोबाइल और औद्योगिक गतिविधि द्वारा उत्पादित औसत तापमान बढ़ जाता है। भारत में एक अन्य अध्ययन में कहा गया है कि सदी के मध्य तक समुद्र का स्तर 24.1 सेमी बढ़ जाएगा, जिससे तटीय बाढ़ आएगी और बंगाल की खाड़ी में अधिक चक्रवात आएंगे, जबकि दिल्ली और मुंबई में औसत तापमान बढ़ जाएगा तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक.

राजनीतिक और आर्थिक शक्ति वाले लोगों का प्रचलित रवैया प्रकृति की प्रचुरता के साथ लालच और अहंकार के साथ व्यवहार करना रहा है, यह सोचकर कि वे इसे जीत सकते हैं, और इसे अपनी सनक और सनक के अधीन कर सकते हैं। लेकिन अब हम सबने देखा है कि कैसे एक वायरस ने दुनिया के ज्यादातर देशों को महीनों तक लॉक डाउन कर दिया। क्या यह यहीं ख़त्म हो जाता है? ज़रूरी नहीं! क्योंकि आए दिन हमें नए-नए वायरस वेरिएंट के बारे में पढ़ने या देखने को मिलता है, जिससे पता चलता है कि यह अब रुकने वाला नहीं है। अभी और भी बड़ी प्राकृतिक आपदाएं आने वाली हैं। इसका कारण प्रकृति के विरुद्ध मानव कर्म है, और अब उन स्वार्थी और अहंकारी दृष्टिकोण और गतिविधियों के कड़वे फल भोगने का समय है।

अब जब हम सचमुच आपात स्थिति में हैं, तो क्या किया जाना चाहिए? आरंभ करने के लिए, हमें पहले परिवर्तन की आवश्यकता है। हाँ! हम मनुष्यों को अपने लालच, अहंकार, वासना, क्रोध, मोह, ईर्ष्या और लापरवाही के दृष्टिकोण को बदलना होगा और पवित्रता, शांति, प्रेम और ख़ुशी के अपने मूल गुणों की ओर लौटना होगा। यदि नहीं तो हम निश्चय ही दु:ख में नष्ट हो जायेंगे। अब समय आ गया है कि हम प्रकृति और एक-दूसरे के साथ अपने संबंधों में जिम्मेदार बनें। जब तक हम अपनी विकास प्रक्रिया के आधार की जाँच और परिवर्तन नहीं करते हैं, और अपनी जीवनशैली को प्रकृति के नियमों का सम्मान करने के लिए तैयार नहीं करते हैं, हम निश्चिंत हो सकते हैं कि प्रकृति और अधिक क्रूरता से प्रहार करती रहेगी। और वह दिन दूर नहीं होगा, जब वह सब कुछ जिसके लिए हम बहुमूल्य मानव जीवन जोखिम में डाल रहे हैं, कहीं मलबे के नीचे बिखरा हुआ पड़ा होगा।

घबराने की कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि अभी भी बहुत देर नहीं हुई है, अब भी अधिक टिकाऊ, प्रकृति-अनुकूल प्रथाओं की ओर अपना रुख बदलने का समय है। इसके लिए केवल हमारी मानसिकता में बदलाव की आवश्यकता है – अधिग्रहण से लेकर साझा करने और देखभाल करने तक।

## आप की बात

### दंड न्याय कानून

**अपराध** संबंधी कानून बदलने से अब न्यायालयों के समक्ष अधिक स्पष्ट नियम और धाराएं होंगी। हमारे संविधान द्वारा स्वीकृत अनेक संहिताओं में उल्लिखित कई कानून देश, काल व समय के अनुसार बदले जाते रहे हैं। मगर हाल ही में किए गए बदलाव के अलावा भी अभी भी कई कानूनों में बदलाव तथा स्पष्ट परिभाषाओं की जरूरत है। साथ ही जब तक न्यायालय में पड़े हुए करोड़ों पेंडिग मुकदमे और रोज-रोज उनकी बढ़ती संख्या को जब तक पूरी तरह निपटाने की व्यवस्था न होगी तब तक कितने ही कानूनी सुधार कर लिए जाएं, जनता को पर्याप्त राहत नहीं मिल पाएगी। नए प्रावधानों में नई तकनीक के इस्तेमाल को मान्यता देना तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-एआई का उपयोग करना न्याय की गति को तीव्रता प्रदान करेगा। मगर देश की बढ़ती हुई जनसंख्या के अनुपात में नए आधुनिक उपकरणों से लेस न्यायालयों की बड़ी संख्या में वृद्धि करने आवश्यकता है। सरकार ने अगले दो साल में सभी अदालतों के कंप्यूटरीकरण का लक्ष्य भी सामने रखा है। उम्मीद करनी चाहिए कि इससे निचली अदालतों में व्याप्त भ्रष्टाचार कम करने में भी सहायता मिलेगी, जहां कदम-कदम पर वादियों को अपनी जेब ढीली करनी पड़ती है।

–**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### आजादी के 76 साल

**आजादी** के 76 वर्ष पूरे कर हम 77 वर्ष में प्रवेश कर गए हैं। आज भारत की अंतरराष्ट्रीय साख शिखर पर है। पहले कोरोना वैक्सीन उसके बाद अब तक जारी रूस-यूक्रेन युद्ध ने समूचे विश्व की अर्थव्यवस्था, खाद्यान्न व्यवस्था को छिन्न-भिन्न कर दिया है। इसके बावजूद भारत तीव्र गति से विकास की ओर अग्रसर है। स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार 2030 तक भारत की वृद्धि दर बढ़कर 10 प्रतिशत हो जाएगी। यदि मानसून ने साथ दिया और सरकार की बागडोर सच्चे ईमानदार परिश्रमी बुलंद हौसले वाले हाथों में रहे तो 10 प्रतिशत से अधिक वृद्धि भी हो सकती है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि अब सरकारी फैसले तत्काल लिए और लागू किए जाते हैं। पहले सांप निकलने के बाद लकीर पीटी जाती थी, पर अब ऐसा नहीं है। आतंकवादी, उग्रवादी, गुंडे-बदमाश और माफिया कानून के शिकंजे मैं फस रहे हैं। लेकिन भाजपा में सभी नरेंद्र मोदी नहीं है। उसे अवांछित तत्वों को चुन-चुन कर बाहर निकालना होगा और राष्ट्र सर्वप्रथम की भावना के साथ पूरी टीम को काम करना होगा। ऐसा होने पर ही भाजपा को पूरे देश का विश्वास प्राप्त होगा।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

### कृतज्ञ राष्ट्र

**स्वतंत्रता दिवस** एक ऐसा अवसर है जब कृतज्ञ राष्ट्र आजादी के दीवानो को, जिन्होंने अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान दिया है नमन करते हैं और प्रेरणा लेते हैं। हम यह प्रण करते हैं कि किसी भी कीमत पर भारतीय स्वतंत्रता एवम संप्रभुता पर आंच नहीं आने देंगे। स्वतंत्रता दिवस पर हमें यह भी हमेशा याद रखना होगा कि भारत की सीमाओं पर सैनिकों ने, जिन्होंने कुर्बानी दी है वीरगति को प्राप्त हुए हैं उनकी भी कुर्बानी को याद रखा जाएगा। हम सभी भारतीय को एहसास होना चाहिए कि तकरीबन 100 वर्ष तक चले स्वतंत्रता संग्राम में हजारों युवाओं ने अपने जीवन को कुर्बान किया है, लाखों लोगों को जेल की यातनाएं झेलनी पड़ी है और बेशुमार कठिनाइयों के साथ हजारों-लाखों लोग आंदोलरत रहे हैं, तब कहीं जाकर हमें यह आजादी मिली है। हम सभी भारतीयों की जिम्मेदारी है कि भारत को विश्व का विकसित भारत बनाना होगा, जैसा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संकल्प लिया है। नागरिकों को जिम्मेदारी लेनी होगी कि सभी भारतीय अमन चैन, सद्भावना व समता की भावना के साथ रहे ताकि हम प्रगति पथ पर अग्रसर हों।

–**वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

### वन्यजीवों पर संकट

**विदेश** से चीते मंगवाए गए। इसका तात्पर्य यह है कि देश में वन्यजीव प्रजातियों की संख्या कम होती जा रही है। कम होने के पीछे कई कारणों को जिम्मेदार माना जाता है। खेती में कीटनाशकों के अत्यधिक प्रयोग, आहार की समस्या, आदि के चलते वन्य प्राणियों की संख्या बेहद कम होती जा रही है। इसके चलते पक्षियों के सामने पेट भरने की समस्या पैदा हो गई है। घास वाली जगहों पर आवारा कुत्ते एवं जंगली जानवर इनके घोंसलों को नष्ट कर इनके अंडों व चूजों का शिकार कर लेते हैं। वन्यजीवों के रहवास में अब ज्यादा से ज्यादा खेती होने लगी है। जंगल कम होने लगे इससे वन्य प्राणियों को रहने के लिए जगह नहीं मिल रही है। हम सबको इनकी सुरक्षा हेतु संरक्षित स्थानों को दूषित वातावरण से मुक्त रखना होगा। अवैध शिकार करने वालों पर कड़ी कार्रवाई भी सुनिश्चित करनी होगी ताकि लुप्त होती वन्य जीव प्रजातियों में वृद्धि दिखाई दे एवं लुप्तप्राय प्रजातियों को बचाया जा सके। नई प्रजातियों की खोज एवं शोध को जारी रखन भी जाकर वन्य जीव प्रजातियां को बचाने में महत्वपूर्ण योगदान करता है।

– **संजय वर्मा,** धार

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
पर भी भेज सकते है।

# मातृभूमि के लिए समर्पण हमारी प्राथमिकता

**● मुख्यमंत्री ने अमृत वाटिका में हरिशंकरी के पौधे रोपित कर वृक्षारोपण महाअभियान 2023 प्रदेश में एक ही दिन में 05 करोड़ पौधे रोपित किये जाने के अभियान का किया शुभारम्भ**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से विकसित भारत की परिकल्पना को साका करने के लिए आगामी 25 वर्ष की व्यापक कार्ययोजना के साथ हम सभी को नए संकल्पए नए उत्साह और नई उमंग से जुड़ने का अवसर प्राप्त हो रहा है। हर नागरिक का कर्तव्य है कि समाज व राष्ट्र के लिए कार्य करे।

मुख्यमंत्री अमृत वाटिका प्रांगण में मेरी माटी.मेरा देश अभियान के अन्तर्गत अमृत स्तम्भ के लोकार्पण अवसर पर अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने अमृत वाटिका में हरिशंकरी के पौधे रोपित कर वृक्षारोपण महाअभियान–2023 के अन्तर्गत स्वतंत्रता दिवस पर प्रदेश में एक ही दिन में 05 करोड़ पौधे रोपित किये जाने के अभियान का शुभारम्भ भी किया। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को 77 वें स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने अगस्त क्रांति दिवस के अवसर पर 09 अगस्त से 30 अगस्त के मध्य अमृतकाल के प्रथम वर्ष में प्रत्येक भारतवासी से कुछ संकल्प लेने का आह्वान किया था। इस संकल्प के क्रम में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। मेरी माटी, मेरा देश माटी को नमन वीरों का वंदन जैसे विभिन्न कार्यक्रम प्रारम्भ हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 09 अगस्त की तिथि प्रदेश के स्वाधीनता आंदोलन के साथ जुड़ी है। इसी तिथि को काकोरी ट्रेन एक्शन की वर्षगांठ के साथ हम सभी को जुड़ने का अवसर प्राप्त होता है। विगत 09 अगस्तए 2023 को माटी को नमन वीरों का वंदन कार्यक्रम का शुभारम्भ काकोरी से किया गया। अमृत स्तम्भ की स्थापना प्रधानमंत्री के संकल्प के अनुरूप है। अमृत स्तम्भ को स्थापित करने के स्थान का चयन लखनऊ विकास प्राधिकरण ने लखनऊ की प्राण गोमती नदी के तट पर मनकामेश्वर वॉर्ड में किया है। यह अमृत स्तम्भ 75 की संख्या को विभिन्न रूपों में समायोजित करता है। चाहे वह अमृत कलश हो या अमृत स्तम्भ की ऊंचाई हो, कोनों की ऊंचाई होए इन सभी को 75 की संख्या से किसी न किसी रूप में जोड़ा गया है। साथ.साथ अमृत वाटिका की भी स्थापना की गई है। अमृत वाटिका देश की आजादी के शताब्दी वर्ष में हम सबको एक नए संकल्प के साथ जुड़ने का भी आह्वान कर रही है। जब देश 25 वर्ष उपरान्त अपनी आजादी का शताब्दी महोत्सव मना रहा होगाए उस समय यह अमृत वाटिका और यह अमृत स्तम्भ हम सबको आजादी के अमृत महोत्सव के संकल्पों की याद दिलायेंगे। हम लोगों के लिए व आने वाली पीढ़ी के लिए यह जाननेए सुनने व देखने का अवसर होगा कि आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में क्या.क्या संकल्प लिए गए थेए क्या.क्या कार्यक्रम सम्पन्न हुए तथा किस ईमानदारी और किस प्रतिबद्धता के साथ उसे आगे बढ़ाया गया। हम सभी आजादी के अमृत महोत्सव के साथ जुड़ें। प्रधानमंत्री का संकल्प यहां जुड़ा है। पंचप्रण यहां पर लिखे गए हैं और आगामी कार्य योजना के साथ आगे बढ़ने के लिए भी यह अमृत स्तम्भ और अमृत वाटिका हमें निरंतर प्रेरणा प्रदान करते रहेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारीपूर्वक करने की श्रृंखला का हिस्सा है यह अमृत वाटिका। अमृत वाटिका के निर्माण के अलग.अलग बहाने हो सकते हैं। भारत में तो प्राचीन काल से प्रकृति की पूजा की मान्यता रही है। हरिशंकरी पीपल, बरगद, पाकड़ के रूप में तीन पवित्र वृक्षों को जोड़ा गया। 27 अलग अलग नक्षत्रों के नाम पर पौधे रोपित कर नक्षत्र वाटिका तथा 09 ग्रहों के नाम पर पौधे रोपित कर नवग्रह वाटिका विकसित करने की सनातन परम्परा रही है। वृक्षए प्रकृति और परमात्मा के साथ हम सभी को जोड़ने का माध्यम हैं। इन्हीं के माध्यम से जब प्रकृति सुरक्षित रहेगी, तो परमात्मा की कृपा भी हम सभी पर बनी रहेगी। हम किसी भी प्रकार की आपदा से मुक्त हो पाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत एक माह में देश के अलग–अलग भागों में अतिवृष्टि के कारण व्यापक जनधन की हानि हुई है। प्रकृति के साथ जब भी हम खिलवाड़ करेंगे, उसके दुष्परिणामों से बच नहीं पाएंगे। अतिवृष्टि, सूखा जैसी विभिन्न घटनाएं हमें संकेत दे रही हैं। पौधरोपण के कार्यक्रम अच्छा प्रयास हैं। अमृत वाटिका के माध्यम से हमें पर्यावरण को बचाने के एक नए संकल्प के साथ जुड़ने का अवसर प्राप्त हुआ है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने पंचप्रण की बात कही है। भारत को विकसित बनाने के लिए आवश्यक है कि हम अपनी विरासत पर गौरव की अनुभूति करें। गुलामी के अंशों से मुक्ति प्राप्त हो। साथ.साथ एकता और एकीकरण का आह्वान हम सभी का होना चाहिए। एकता और एकीकरण इस रूप में कि उत्तर, दक्षिण, पूरब, पश्चिम, जाति, मत, मजहब, क्षेत्र और भाषा नहीं बल्कि भारत माता हम सब के लिए सर्वोपरि है। मातृभूमि के लिए ही हम सभी का समर्पण होना चाहिए। यही हमारी प्राथमिकता है। मत और उपासना हमारे लिए सेकेण्डरी होनी चाहिए। वह हमारा व्यक्तिगत विषय हो सकता हैए लेकिन ष्माटी को नमनए वीरों का वंदनष् हमारा संकल्प होना चाहिए। यह हम सबको एकता और एकीकरण के बंधन में जोड़ने का कार्य भी करता है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण हैं नागरिक कर्तव्य। अक्सर हम अपने अधिकारों की चर्चा तो करते हैंए लेकिन कर्तव्यों से विमुख हो जाते हैं। प्रधानमंत्री जी ने संविधान को स्वीकार करने वाली तिथि 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में आयोजित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विधानमंडल में नागरिक कर्तव्यों पर चर्चा हुई। नागरिक कर्तव्यों के साथ जुड़ते हुए हम जिस क्षेत्र में कार्य कर रहे हैंए उन कार्यों का निर्वहन ईमानदारी से करें। यही मातृभूमि के प्रति हमारा नमन है। पंचप्रण हम सबको नए उत्साह और नई उमंग के साथ जुड़ने की नई प्रेरणा प्रदान कर रहे हैं।



## पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर सीएम योगी ने दी श्रद्धांजलि

लखनऊ। सीएम योगी आदित्यनाथ ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर राजधानी में लोकभवन स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किये। अटल जी पांचवीं पुण्यतिथि पर सीएम योगी ने उन्हें नमन किया। इस मौके पर उनके साथ विधायक नीरज बोरा, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा सहित कई मंत्री उपस्थित रहे। सीएम योगी ने एक ट्वीट के माध्यम से पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी को याद करते हुए लिखा, कर्तव्य के पुनीत पथ को, हमने स्वेद से सींचा है कभी–कभी अपने अश्रु और प्राणों का अर्घ्य भी दिया है। किंतु अपनी ध्येय–यात्रा में हम कभी रुके नहीं हैं किसी चुनौती के सम्मुख कभी झुके नहीं हैं। पूर्व प्रधानमंत्री 'भारत रत्न' श्रद्धेय अटल जी की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन।

## बहुमुखी था अटल का व्यक्तित्व

**● सीएम योगी ने मूर्तिकारों का किया सम्मान, कवि सम्मेलन में भी की शिरकत**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नाम के अनुरूप अटल जी का व्यक्तित्व भी था। उनका व्यक्तित्व बहुमुखी थी। वे पत्रकार, साहित्यकार, राजनेता थे। भारत की आत्मा को झंकृत करने वाले जननेता के रूप में उनका यशस्वी मार्गदर्शन देश को उस कालखंड में प्राप्त होता रहाए जब राजनीति संक्रमण काल से गुजर रही थी। कोई भी नेतृत्व हो, विपरीत परिस्थितियों में देश को एकजुट हो करके, जब देश की बात आएगी तो हम राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर देश के नेतृत्व के साथ खड़े होंगे। यह प्रेरणा भी हमें अटल जी ने दी थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को अटल बिहारी वाजपेयी साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर, केजीएमयू में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर प्रतिमा का अनावरण किया और कवि सम्मेलन में शिरकत की। सीएम ने कहा कि 1971 में भारत–पाक युद्ध के समय भारत की एकता की बात सामने आई तो सरकार के चीरहरण के लिए नहीं, बल्कि सरकार के साथ स्वर से स्वर मिलाकर अटल जी ने सरकार को समर्थन देकर भारत की एकता का संदेश दुनिया के मंचों पर दिया था। जब कांग्रेस ने लोकतंत्र का गला घोंटने का प्रयास किया तो श्रद्धेय अटल जी ने भारतीय जनसंघ को विसर्जन करने और लोकतंत्र बचाने की मांग सर्वोपरि रखी। एक आम नागरिक की आवाज को लोकतंत्र के माध्यम से ही दुनिया के सबसे बड़े मंच तक पहुंचाया जा सकता है। अटल जी ने इस आवाज को मजबूती प्रदान की। एक राजनेता के रूप में विदेश मंत्री के रूप में संयुक्त राष्ट्र संघ में राजभाषा को वहां पर प्रमुखता के साथ अपने भाषण का हिस्सा बनाओए यह भी पहली बार भारत ने देखा। भारत के अनुरूप विकास की कार्ययोजना कैसे बननी चाहिएए प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजनाए राष्ट्रीय राजमार्गों के स्वर्णिम चतुर्भुज योजना का कार्य रहा हो।

## 'हर हाथ में मोबाइल पहुंचाने का श्रेय अटल जी को जाता है'

**सीएम** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत के अंदर आज हर हाथ में मोबाइल फोन पहुंचा है तो इसका श्रेय अटल बिहारी वाजपेयी जी को जाता है। मोबाइल क्रांति के जनक भारत में कोई हैं यह रिफॉर्म अटल ने किया। अटल जी के आने के पहले लैंडलाइन फोन भी सिफारिश से मिलता था। लैंडलाइन भी दूर की कौड़ी थी। मोबाइल जब आया था तो एक कॉल की कीमत 16 रुपये थी। आज 16 रुपये हो जाए तो बहुत लोग मोबाइल बंद कर रख देंगे। 1999 में जब मोबाइल आया तो इनकमिंग व आउटकमिंग का 16–16 रुपये देने पड़ते थे पर आज यह जीरो है। भारत दुनिया में सर्वाधिक मोबाइल धारण करने वाला देश है। सर्वाधिक डिजिटल क्रांति का लाभ लेने वाला देश है। उसकी नींव अटल जी ने रखी और उसे घर–घर तक पहुंचाकर श्रद्धेय प्रधानमंत्री मोदी ने लोकोपयोगी बनाकर दिखाया

सीएम ने कहा कि गरीब भूखों नहीं मरेगा यह संवेदना किसी सरकार ने दिखाई तो अंत्योदय (बीपीएल) योजना अटल जी ही लेकर आए थे। देश की संवेदना को जानने, उस प्रकार की रचना को समसामायिक मुद्दों के साथ जोड़ने हिंदू तन–मन, हिंदू जीवन रग–रग हिंदू मेरा परिचय सब कुछ प्रतिभाओं से भरपूर है। अटल जी संवेदनशील इंसान के रूप में जाने जाते थे। हर दल का व्यक्ति उन्हें सम्मान देता था। उनके मन में किसी के प्रति कितनी भी कड़वाहट क्यों न रही हो पर अटल जी ने अपनी कड़वाहट को सार्वजनिक नहीं किया। शिव की तरफ जहर के घूंट को पीते रहे और नीलकंठ बनकर देश के राजनीतिक आकाश में जगमगाते रहे। आज अटल जी की पांचवीं पुण्यतिथि है। उनकी स्मृतियां हमें नई प्रेरणा देती हैं। नए राजनेताओं को संवेदनशील बननेए जनाकांक्षाओं की पूर्ति करनेए परिश्रम से कार्य करने व मूल्यों सिद्धांतों से अटल रहकर उसे प्राप्त करने की नई दृढ़ इच्छा शक्ति भी अटल जी का व्यक्तित्व प्रदान करता है। सीएम ने कहा कि हमारी सरकार को श्रेय जाता है कि अटल जी के इन भावों को बढ़ाने के लिए उनकी पहली मूर्ति मुख्यमंत्री कार्यालय के पास लगाई गई थी। कोरोना कालखंड में आदरणीय प्रधानमंत्री विशेष रूप से उस मूर्ति का लोकार्पण करने लखनऊ आए थे। श्रद्धेय अटल जी के नाम पर समर्पित अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटीए जिससे प्रदेश के सभी विश्वविद्यालय संबद्ध है यह लखनऊ में स्थापित हो रही है। यही नहीं पहली बार शिक्षा के नए केंद्र के रूप में श्रमिकों व अनाथ बच्चों के लिए 18 अटल आवासीय विद्यालय इसी सत्र में पीएम की प्रेरणा से डबल इंजन की सरकार आगे बढ़ा रही है। यह प्रेरणा मूर्त रूप लेता हुए आगे बढ़ रही है। सीएम ने कहा कि जो सपना व सिद्धांत पं. दीनदयाल उपाध्याय ने लिया था। कश्मीर के बारे में जो सपना डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देखा था। अपने कार्यकाल में जिन कार्यों की नींव अटल ने स्थापित की थी उस पर सुदृढ़ भारत के निर्माण का कार्य आज पीएम मोदी के यशस्वी नेतृत्व में हम देख रहे हैं। नए भारत का दर्शन कर रहे हैं। यही पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का सबसे बड़ा माध्यम है। सपनों से नहीं, व्यावहारिक जीवन में भी हम यह करके रहेंगे। भाजपा कार्यकर्ताओं ने यही किया है।

# उत्तर प्रदेश में माटी कला को प्रोत्साहन देगी योगी सरकार

**● माटी कला को बढ़ावा देने के लिए गठित उत्तर प्रदेश माटी कला बोर्ड को मिलेगा आर्थिक अनुदान**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश की लोक कलाओं ग्राम्य परिवेश व ग्रामीण परंपराओं को प्रश्रय देने के साथ ही प्रदेश के लघु और ग्रामीण उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत योगी सरकार ने अब माटीकला को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। उत्तर प्रदेश में परंपरागत माटीकला को बढ़ावा देने और इसके व्यापक प्रचार–प्रसार के लिए काम कर रही उत्तर प्रदेश माटी कला बोर्ड को आर्थिक अनुदान देने का रास्ता साफ कर दिया है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में माटीकला को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाओं के संचालन व अन्य जरूरी मदों में योगी सरकार द्वारा कुल 10 करोड़ रुपए की धनराशि दिए जाने का प्रावधान किया गया था। इसमें से फिलहाल केवल 1.66 करोड़ रुपए ही बोर्ड को पहली किस्त के तौर पर प्राप्त हुए थे जबकि शेष 8.33 करोड़ रुपए की धनराशि का आवंटन लंबित था। ऐसे मेंए सीएम की मंशा के अनुरूप अब उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड को कुल प्राविधानित धनराशि में से आर्थिक अनुदान के तौर पर दूसरी किस्त की अदायगी किए जाने की वित्तीय स्वीकृति मिल गई है। इस विषय में कुटीर एवं ग्रामीण उद्योग निदेशालय को निर्देश भी जारी कर दिया गया है।

## 1.66 करोड़ रुपए की दूसरी किस्त को मिली स्वीकृति

**प्रदेश** में माटीकला को बढ़ावा देने के लिए प्राविधानित धनराशि की दूसरी किस्त के तौर पर पिछली किस्त के तरह ही इस बार भी 1.66 करोड़ रुपए के आर्थिक अनुदान का रास्ता साफ हो गया है। इस क्रम में कुटीर एवं ग्रामीण उद्योग निदेशालय को निर्देशित करते हुए योगी सरकार ने इसे कुछ नियम व शर्तों के अंतर्गत लागू किया है। इसके अंतर्गत स्वीकृत धनराशि का आहरण केवल तात्कालिक आवश्यक्ता के आधार पर किया जाएगा। स्वीकृत की गई धनराशि का नियमानुसार उपयोगिता प्रमाण पत्र खादी बोर्ड द्वारा शासन को उपलब्ध कराया जाएगा। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार द्वारा बजट में प्राविधानित की गई धनराशि के अंतर्गत माटीकला बोर्ड से प्रदेश में माटीकला को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न मदों में होने वाले खर्चे और समेत विस्तृत कार्ययोजना मांगी थी। माटीकला बोर्ड द्वारा सौंपी गई कार्य योजना व संबंधित योजनाओं के संचालन के लिए अनुमानित व्यय को ध्यान में रखकर ही इस आर्थिक अनुदान को स्वीकार किया गया है। इसी के आधार पर उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड को आर्थिक अनुदान की दूसरी किस्त के तौर पर 1.66 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। प्रदेश की कोई भी प्रदर्शनी हो तो निश्चित तौर पर माटीकला के बने उत्पाद अपने आप ही सभी का मन मोह लेते हैं। यही कारण है कि प्रदेश की माटीकला की कलाकृतियां न केवल आम लोगों बल्कि समाज के सम्भ्रांत लोगों के बीच भी काफी पसंद किए जा रहे हैं। इसका एक कारण यह भी है कि प्रदेश में माटी शिल्पकारों को पारंपरिक कला को प्रश्रय देने के साथ ही व्यापारिक दृष्टिकोण से कौशल विकास तथा गुणवत्ता नियंत्रण जैसे विषयों में भी समय–समय पर प्रशिक्षण दिया जाता है। इतना ही नहीं उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड द्वारा मंडल व राज्य स्तर पर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है जिनके जरिए माटीकला शिल्पियों के हुनर को निखारने के साथ ही पुरस्कृत होने के अवसर मिलते हैं। वहीं देश–विदेश में आयोजित होने वाली प्रदर्शनियों में भी उन्हें अपनी कला का प्रदर्शन का मौका मिलता है जिससे उनकी अच्छी आय के साथ ही व्यापक बाजार तक भी पहुंच बढ़ती है। यही कारण है कि प्रदेश के माटी शिल्पियों की धाक न केवल देश बल्कि पूरी दुनिया में गूंज रही है।

## कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा की जमानत मंजूर

विधि संवाददाता। लखनऊ

**मानहानि** व गलत बयानी के एक आपराधिक मामले में अभियुक्त पवन खेड़ा की जमानत अर्जी अदालत ने मंजूर कर ली है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा ने बुधवार को आत्मसमर्पण कर अदालत से जमानत पर रिहा करने की दरख्वास्त की थी। सीजेएम हृषिकेश पांडेय ने 25 हजार रुपए की दो जमानत व इतनी ही धनराशि का निजी बंध पत्र दाखिल करने का आदेश देते हुए जमानत अर्जी मंजूर कर ली। अदालत ने पत्रावली व जमानत प्रार्थना पत्र का अवलोकन करने के पश्चात पाया की अभियुक्त के विरुद्ध भादंसं की धाराओं में आरोप पत्र प्रेषित किया गया है। जिसमें समस्त धाराएं सात वर्ष से कम की सजा से दंडनीय है तथा अभियुक्त को पूर्व में सुप्रीम कोर्ट द्वारा अंतरिम जमानत भी प्रदान की गई थी।

इस मामले की एफआईआर भाजपा के महानगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने थाना हजरतगंज मे दर्ज कराई थी। जिसके मुताबिक दिल्ली मे एक संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस प्रवक्ता ने देश के माननीय प्रधानमंत्री व उनके दिवंगत पिता को अपमानित करने वाली बयानबाजी की है, जिससे देश की करोड़ो जनता आहत हुई है।

# यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में समस्त बैंक लगाएंगे स्टॉल

**● रेहड़ी पटरी वालों को आसानी से ऋण उपलब्ध कराने के लिये चलाया जाये विशेष अभियान**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की जून 2023 की समीक्षा बैठक का आयोजन गोमतीनगर स्थित ष्बड़ौदा हाउसष् बैंक ऑफ बड़ौदा में आयोजित की गयी। बैठक की सह अध्यक्षता भारतीय रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. बालू केंचप्पा द्वारा की गई।

मुख्य सचिव ने कहा कि 40 प्रतिशत से कम ऋण–जमा अनुपात वाले जनपदों में विशेष ध्यान देने की जरूरत है। ऋण–जमा अनुपात 40 प्रतिशत से अधिक बढ़ाने के लिये जनपदों में विशेष ऋण शिविरों का आयोजन कराया जाये। रेहड़ी पटरी वालों को आसानी से ऋण उपलब्ध कराने के लिये विशेष अभियान चलाया जाये। उन्होंने बताया कि आगामी सितंबर माह में ग्रेटर नोयडा में यूपी इण्टरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन किया जा रहा हैए जिसमें समस्त बैंको द्वारा स्टॉल लगाया जाये। उन्होंने पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत 07 जुलाईए 2023 को मा0 प्रधानमंत्री जी की गरिमामयी उपस्थिति में करीब 1.5 लाख स्ट्रीट वेंडर्स को ऋण प्रदान किए जाने पर बैंकर्स को बधाई भी दी। भारतीय रिज़र्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. बालू केंचप्पा ने बताया कि वर्तमान तिमाही में प्रदेश के जमा में कमी दर्ज की गईए वहीं प्रदेश के अग्रिम में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। अपर मुख्य सचिव कृषि देवेश चतुर्वेदी ने प्रदेश में जारी किए गए किसान क्रेडिट कार्ड के सापेक्ष फसल बीमा किए जाने पर प्रकाश डाला।

उन्होंने समस्त पात्र किसानों को फसल बीमा योजना से आच्छादित करने की बैंकों से अपेक्षा की। अपर मुख्य सचिव एमएसएमई अमित मोहन प्रसाद ने प्रदेश की वार्षिक ऋण योजना के अंतर्गत प्रथम तिमाही में एमएसएमई सेक्टर मे 60 प्रतिशत से अधिक उपलब्धि पर सभी बैंकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि एमएसएमई के अंतर्गत आवंटित लक्ष्य को बढ़ाने की आवश्यकता है। साथ ही एमएसएमई से सम्बन्धित अन्य सरकार प्रायोजित योजनाओं पर प्रकाश डाला।

# जेएनयू में गूंजा यूपी का योगी मॉडल

## दुनियाभर के विद्वानों के गहन मंथन के बाद प्रो. पूनम के संपादन में हुआ शोध पुस्तिका का लोकार्पण

**● सीएम योगी के नेतृत्व में एक ट्रिलियन इकोनॉमी के लक्ष्य को पार करेगा यूपी:वीके सिंह**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ नई दिल्ली



**देश** का चर्चित विश्वविद्यालय जेएनयू बुधवार को एक बार फिर चर्चा में रहा। इस बार चर्चा का केंद्र कोई और नहीं बल्कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनका आर्थिक विकास का मॉडल रहा। अवसर था उन पर आधारित शोध पुस्तक के लोकार्पण का। यह पुस्तक उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को केंद्र में रखकर लिखी गई है जिसमें प्रदेश के वन ट्रिलियन डॉलर के महा.अभियान की बारीकी से पड़ताल की गई है। यह पुस्तक प्रदेश के प्रशासन के माध्यम से कानून व्यवस्था, नागरिक सुविधा, रोजगार और स्वास्थ्य का भी अवलोकन कराती है। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ना केवल एक ट्रिलियन इकोनॉमी का लक्ष्य प्राप्त करेगा बल्कि इससे कहीं बेहतर प्रदर्शन करेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति सुदृढ हुई है, निवेश आ रहा है, विकास का माहौल तैयार हुआ है, इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित हो रहा है और प्रदेश में बीते नौ वर्षों में विकास की क्रांति आकार ले रही है। उत्तर प्रदेश सुदृढ़ अर्थव्यवस्था की ओर पुस्तक का विमोचन कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में जनरल वीके सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित देश बनने की ओर अग्रसर है। भारत के विकास के लिए उत्तर प्रदेश का आर्थिक रूप से मजबूत होना अति आवश्यक है। यूपी देश का सर्वाधिक आबादी वाला राज्य है। योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने से पहले यूपी का क्या हाल थाए यह किसी से छिपा नहीं है। कानून व्यवस्था की स्थिति बदतर थी। निवेशक राज्य से बाहर जा रहे थे। विकास के पैमाने पर यूपी पिछडा था। इसलिए इसे बीमारू राज्य कहा जाता था। मुख्यमंत्री बनने के बाद योगी आदित्यनाथ ने कानून व्यवस्था की स्थिति बेहतर की, जिसके सकारात्मक परिणाम अब सामने आने लगे हैं। जिन निवेशकों का भरोसा यूपी के ऊपर से उठ गया था। जो निवेशक यूपी से बाहर जा चुके थे वो अब दोबारा निवेश कर रहे हैं। योगी राज में यूपी बीमारु राज्यों की श्रेणी से निकलकर अग्रणी राज्य बन गया है। आज यूपी अगर ईज ऑफ डूइंग बिजनेस रैंकिंग में 12वीं से दूसरे नंबर तक पहुंचा है जो इसका पूरा श्रेय योगी आदित्यनाथ को जाता है। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ ने यूपी से भ्रष्टाचार का सफाया कर दिया है। स्कूलों का कायाकल्प किया है। आज यूपी के सरकारी स्कूल के बच्चे भी अंग्रेजी में बात करते हैं। कोरोना काल में यूपी का दमखम पूरी दुनिया ने देखा। जब 26 लाख श्रमिक यूपी में आए तो यूपी सरकार ने ना केवल उनके घर तक पहुंचाया बल्कि उनके लिए रोजगार की भी व्यवस्था की। एक जिलाए एक उत्पाद की वजह से जिलों में कुशल कामगारों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं। पुस्तक विमोचन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के अध्यक्ष प्रो राम बहादुर राय ने कहा कि योगी आदित्यनाथ ने यूपी के ऊपर से बीमारु राज्य का ठप्पा हटाया। विकास की राह में आ रही अडचनों को दूर किया। आज यूपी में निवेश का बेहतर माहौल बना है।

योगी के नेतृत्व में चौतरफा विकास हो रहा है। यही वजह है कि योगी के दूसरे कार्यकाल को भी जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है। यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री संपूर्णानंद जी ने जिस आधी अधूरी क्रांति की बात अपनी पुस्तक में कही थीए विकास की उस क्रांति को योगी आदित्यनाथ पूरा कर रहे हैं। कार्यक्रम में दिल्ली विश्वविद्यालय के डीन ऑफ कॉलेज प्रो. बलराम पाणि, जेएनयू के कार्यवाहक कुलपति प्रो. दीपेंद्र नाथ, एस एटेंसी रिसर्च सेंटर, बैंगलूरु के निदेशक संजीव निश्चल व पुस्तक की संपादक प्रो पूनम कुमारी ने भी अपने विचार रखे।

## खीरी जेल में बंदी.कैदियों से मंत्री ने किया संवाद, कहा-

# अब छोड़ दीजिए अपराध

### -कारागार मंत्री ने वयोवृद्ध बंदियों संग मनाया जश्न ए आजादी, किया ध्वजारोहण

लखीमपुर खीरी। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राज्यमंत्री ;स्वतंत्र प्रभारद्ध कारागार एवं होमगार्ड धर्मवीर प्रजापतिए डीएम महेंद्र बहादुर सिंहए एसपी गणेश प्रसाद साहाए सीडीओ अनिल कुमार सिंह के साथ जिला कारागार पहुंचे। सबसे पहले उनको गार्ड आफआनर दिया गया। इसके बाद कारागार परिसर में वयोवृद्ध बंदियों के साथ ध्वजारोहण किया।

राज्यमंत्री ;स्वतंत्र प्रभारद्ध कारागार एवं होमगार्ड धर्मवीर प्रजापति ने मंगलवार को जिला कारागार में बंदी और कैदियों से सीधा संवाद किया। उनसे अपराध छोड़कर मुख्य धारा से जुड़ने की अपील की। उन्होंने संवाद के दौरान युवा बंदियों से कहा कि वह अपनी रिहाई के बाद कारागार से बाहर जाने पर अपने आचरण में सुधार लाएं और समाज की मुख्यधारा में जुड़कर अपने आप को हिंदुस्तान का ईमानदार नागरिक बनाने का कार्य करें। इसीलिए जिलों में युवा बंदियों को कौशल विकास योजना सहित अन्य योजनाओं के तहत रोजगार परख ट्रेनिंग दी जा रही है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि हमारे अनगिनत देश भक्तोंए अमर बलिदानियों ने जीवन भर संघर्ष करके और अपना सबकुछ न्यौछावर करके हमें जो स्वाधीनता दिलाई है उसकी रक्षा करते हुए आर्थिक व सामाजिक स्वाधीनता लाने का दायित्व विशेष तौर पर नयी पीढ़ी पर है। देश को आजाद कराने वालों के बलिदानए त्याग और तपस्या को याद कर उनके आदर्शों का अनुसरण करें। आज हम सभी ने पंच प्रण की शपथ ली हैए उसे आत्मसात करें। जिन महापुरुषों ने आजादी में अपना योगदानए बलिदान करते हुए त्याग किया है। उनकी श्रद्धाए निष्ठा को नमन करते हुए कारागार मंत्री ने उनके परिजनों के प्रति आभार जताया। कोरोना कालखंड के दौरान सभी ने शुद्ध वातावरण एवं शुद्ध भोजन को अपनायाए जिससे कई बीमारियां देखने को भी न मिली। हमें इस व्यवहार को अपने दैनिक जीवन में लाना चाहिए।

'माता.पिता को दुख देने वाला कभी सुखी नहीं रहता'

कारागार मंत्री ने कहा कि जो अपने माता.पिता को दु:ख देता हैए वह कभी संसार में सुखी नहीं रह सकता। आपके कारागार के अन्दर आ जाने से सबसे अधिक दुख माता.पिता व परिजनों को ही होता है। इसलिए कारागार से बाहर निकलकर दोबाराए ऐसा कोई काम न होए जिससे पुन: कारागार में आना पड़े। मंत्री के उद्बोधन सुनकर बंदियों को उनके द्वारा किए गए अपराध का पश्चाताप होने लगा। कई बंदी भावुक होकर रोने लगे। इसके बाद बंदियों ने मंत्री के सामने भविष्य में दोबारा अपराध न करने का संकल्प लिया।

कारागार मंत्री ने बंदी और कैदियों से कहा कि अपराध के रास्ते पर चलकर आप जेल पहुंच गए। परिवार से दूर हो गए। इस रास्ते से छोड़कर समाज की मुख्य धारा में जुड़ जाएं। देश.समाज के हित में काम करें। उनकी बातें सुनकर कई बंदी.कैदी भावुक भी हो गए और कुछ बातों को सुनकर कैदी फ्फ्फ.फ्फ्फ के रोने लगे। इस दौरान डीएम महेंद्र बहादुर सिंहए एसपी गणेश प्रसाद साहाए सीडीओ अनिल कुमार सिंहए उप जिलाधिकारी सदर श्रद्धा सिंहएजेल अधीक्षक पीडी सलोनियाए प्रभारी जेलर हरिवंश पांडेयए डिप्टी जेलर सुनील कुमारए अजय कुमार सिंह चिकित्सक डॉण् दीपांकर रावत मौजूद रहे।

## वैज्ञानिक व देशभक्ति पूर्ण शिक्षा से ही राष्ट्रोन्नति

**संवाददाता।** संडीला(हरदोई)



**किसी** राष्ट्र के विकास के लिए वैज्ञानिक सोच के साथ साथ देश के प्रति समर्पण की भावना अनिवार्य तत्व है। इसलिए शिक्षकों को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ऐसी ही शिक्षा देने का संकल्प लेना चाहिए। यह उद्गार क्षेत्र की महान शख्सियत बेगम इशरत रसूल ने स्वतंत्रता दिवस समारोह में बोलते हुए व्यक्त किए।

स्थानीय आईआर इंटर कॉलेज में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में बोलते हुए भारतीय संविधान सभा की सदस्य कुदैसिया बेगम की पुत्रवधू एवं समाजसेवी बेगम इशरत रसूल ने छात्र छात्राओं और उपस्थित जनसमुदाय को ध्वजारोहण के पश्चात संबोधित करते हुए कहा कि हमारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने मां और मात्र भूमि स्वर्ग से भी बढ़ कर है की भावना को सामने रखकर ही संसार के उस साम्राज्य के विरुद्ध जिसमें कभी सूरज नहीं छिपता था के विरुद्ध लड़ाई लड़ी और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में संघर्ष करते हुए अंततो गत्वा ब्रिटिश साम्राज्य को भारत से उखाड़ फेंका। इसी भावना को सामने रखते हुए आज भी हमें अपने देश को सशक्ति, संगठित और समृद्ध बनाने के लिए कार्य करना चाहिए। उन्होंनें छात्र छात्राओं का आह्वान किया कि वे परिश्रम, लगन और शिक्षा के प्रति समर्पण की भावना से अध्ययन करें। उन्होंनें कॉलेज के शिक्षकों का भी आह्वान किया कि वे विद्यालय के गरिमयी इतिहास को दृष्टिगत रखते हुए अपने विषयों का सर्वश्रेष्ठ ज्ञान छात्र छात्राओं को प्रदान करें। इसी अवसर पर क्षेत्रीय विधायक अलका अर्कवंशी ने कहा कि उन्हें प्रसन्नता तब होगी जब भविष्य में उन्हें यह पता चलेगा कि इस कॉलेज के छात्रों ने सार्वजनिक जीवन में कौन से स्थान प्राप्त किए हैं। उन्होंनें छात्र छात्राओं का आह्वान किया कि वे गंभीर होकर अध्ययन करें। इसी अवसर पर कॉलेज के अध्यक्ष सैयद फज़ल रसूल, कुंवर वीरेन्द्र सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख, कॉलेज के प्रधानाचार्य अजय कुमार शुक्ला ने भी अपने विचार रखे। मंच संचालन रमाकांत शुक्ला ने किया। स्थानीय टीआरएस कॉन्वेंट स्कूल में समाजसेवी डॉ0 विभा सिंह ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर छात्र छात्राओं ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों को देशभक्ति की भावना से ओत क्रोत कर दिया। सायरा बानो पब्लिक स्कूल में प्रबंधक अब्दुल राफे ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

## मनाई गई वीरांगना अवन्ती बाई की जयन्ती

लखीमपुर खीरी। राष्ट्रीय लोधी महासभा द्वारा निघासन क्षेत्र के खैराहनी ए सिंगाहीए बंगला कुटी देवीदीन पुरवा के महारानी अवन्ती बाई पब्लिक स्कूल में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी महारानी अवन्ती बाई की जयन्ती बड़े धूमधाम से मनाई गई। सर्व प्रथम राष्ट्रीय लोधी महासभा के प्रदेश प्रवक्ता व विद्यालय व्यवस्थापक रतीराम लोधी ने वीरांगना अवन्ती बाई के चित्र पर पुष्प अर्पित करके नमन् किया। इसके बाद कार्यक्रम में अवन्ती बाई के जीवन परिचय के बारे में बताते हुए कहा कि वीरांगना रानी अवंतीबाई को सन 1857 ई रू में हुई आज़ादी की जंग के लिए याद रानी अवन्ती बाई को याद किया जाता है। अवंतीबाई रामगढ़ के राजा विक्रमादित्य की रानी थी। वीरांगना रानी अवंतीबाई का जन्म 16 अगस्त सन 1831 ई रू को मनकहनी के जमींदार राव जुझार सिंह के घर हुआ। राज्य सम्भालने का ज्यादातर काम अवंतीबाई ही किया करती थी।इसके बाद कार्यक्रम में पूर्व प्रधान व महासभा के जिला उपाध्यक्ष रमेश लोधी अवन्ती बाई के जीवन परिचय के बारे में बताया कि1857 की क्रांति की बात करें तो रानी लक्ष्मीबाईए बेगम हजरत महल जैसे नाम तो हमें याद आते हैं लेकिन इनके अलावा भी कई ऐसी वीरांगनाएं थीं जिन्होंने इस क्रांति में अपने जान की परवाह किए बिना एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## दबंग ने युवक पर तानी रिवाल्वर, अफरा-तफरी

**बरेली।** एक दबंग ने युवक पर रिवाल्वर तान दी लोगों के ललकारने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फ़रार हो गया पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर रिवाल्वर बरामद कर लिया जांच पड़ताल में पता चला कि रिवाल्वर सिगरेट जलाने का लाइटर है पुलिस ने आरोपी का शांतिभंग में चालान कर दिया।प्रेमनगर थाना क्षेत्र के मौलानगर निवासी शोएब अली खान मंगलवार को एमबी इंटर कॉलेज के मैदान में क्रिकेट खेल रहा था इसी बीच गुलाब नगर का रहने वाला बिलाल शराब के नशे में मैदान में साथियों के साथ पहुंचा और पहुंचते ही उसने गाली गलौज शुरू कर दी विरोध करने पर दोनों पक्षों में में गाली गलौज और मारपीट हो गई आरोप है कि इस दौरान बिलाल ने रिवाल्वर निकालकर शोएब तान दिया और जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने झगड़ा कर रहे लोगों को अलग-अलग कराकर मामला शांत कराया । घटना के बाद शोएब ने थाने में आरोपी के विरुद्ध तहरीर दी इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से रिवाल्वर बरामद किया इंस्पेक्टर प्रेमनगर ने बताया कि जांच पड़ताल में पता चला कि रिवाल्वर नकली है,नकली रिवाल्वर सिगरेट जलने का लाइटर है, जिसमें गैस भी खत्म हो चुकी है ।आरोपी बिलाल कुछ समय पहले एक नेता की पुत्री को लेकर फ़रार हो गया था उसके पहले से ही कई आपराधिक मामले दर्ज हैं ।

## देवघर में शिव सेवा भक्त मंडल की ओर से लगाए गए भंडारे में किया ध्वजारोहण

गाजीपुर। शिव सेवा भक्त मंडल की ओर से देवघर में झंडारोहण किया गया। देवघर में शिव सेवा भक्त मंडल की ओर से नि:शुल्क भंडारे का आयोजन किया गया है। जहां बाबा के यहां आने वाले भक्तों को नि:शुल्क जलपान प्राथमिक उपचार और भोजन की व्यवस्था की जा रही है। वहाँ स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पाण्डाल में झंडारोहण कर भक्तों को देशभक्ति का सन्देश दिया गया। सावन महीने में देवघर में पूर्वांचल से बहुत सारे लोग जल चढ़ाने के लिए बाबा बैजनाथ के दरबार में जाते हैं। जिनको लेकर गाजीपुर व मऊ के तत्वधान में देवघर में शिव सेवा भक्त मंडल द्वारा सेवा शिविर का आयोजन किया गया है। ।

## आवश्यकता के हिसाब से चुनिए पालिसी

कानपुर। ज्यादातर लोगों को पता है कि मोटर व्हीकल एक्ट 1988 के अनुसारए भारतीय सड़कों पर कानूनी रूप से ड्राइव करने के लिए कम से कम थर्ड पार्टी मोटर इंश्योरेंस पॉलिसी होना अनिवार्य है। एक सही मोटर इंश्योरेंस पॉलिसी खरीदने के लिए हमें किस प्रकार का मोटर इंश्योरेंस खरीदना है, कहां से खरीदना है, आदि के बारे में जानकारी होना बहुत ही आवश्यक है। इसके बारे में आपको अपने दोस्तों और प्रियजनों से बहुत सारी सलाह मिल सकती है, लेकिन दूसरों से सलाह लेने की जगह आपको ऑनलाइन उपलब्ध सभी विकल्पों की तुलना कर अपनी आवश्यकता अनुसार सही पॉलिसी का चुनाव करना चाहिए। नितिन कुमार ने कहा अगर पॉलिसीधारक पॉलिसी और उसके लाभों से संतुष्ट नहीं है तो मोटर इंश्योरेंस पोर्टेबिलिटी काम आती है।

## मोटरसाइकिल फिसली युवक की मौत

बरेली। तेजी से आ रही मोटरसाइकिल अचानक सड़क पर पड़े पत्थर पर फ़िसल गई जिससे उसे चला रहा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।बिथरी चौनपुर थाना क्षेत्र के गांव बिचपुरी निवासी 35 वर्षीय बबलू पुत्र देवी राम की बीपी रात लगभग 8 बजे चंद्रपुरी गांव के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि अलीगंज के गांव गैनी निवासी बबलू का साडू दयाराम कई दिनों से बिथरी चौनपुर के गांव दोहरिया में मजदूरी कर रहा है कल शाम को बबलू काम खत्म होने के बाद अपने साडू को लेने के लिए गया था जहां से वापस लौटते समय उनकी मोटरसाइकिल चंद्रपुरी गांव में सड़क किनारे पड़ी बजरी पर फ़िसल गई और बबलू गंभीर रूप से घायल हो गया साथ में मौजूद साडु दयाराम बाल-बाल बच गया।


## Bilona SC AGROTECH LIMITED

(FORMERLY KNOWN AS SHEEL INTERNATIONAL LIMITED)
CIN: L01122DL1990PLC042207
Regd Address: RZ-1484/28, Ground Floor, Tughlakabad Ext. New Delhi-110019

EXTRACT FROM THE STANDALONE UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED ON 30.06.2023

Amt In lakhs

| S. No. | Particulars | Quarter ended on 30th June, 2023 | Quarter ended on 30th June, 2022 | For the year ended on 31st March, 2023 |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Total Income From Operation | 12.00 | 98.96 | 307.49 |
| 2. | Total Expenses | 10.32 | 30.86 | 108.72 |
| 3. | Net profit/(loss) for the period (before tax, Exceptional and /or Extraordinary items | 1.68 | 68.10 | 198.77 |
| 4. | Net profit/(loss) for the period (before tax, after Exceptional and /or Extraordinary items | 1.68 | 68.10 | 198.77 |
| 5. | Net profit/(loss) for the period after tax and Exceptional and /or Extraordinary items | 1.68 | 68.10 | 198.77 |
| 6. | Total comphrensive Income for the period (Comrising profit/loss) for the period (after tax) and other comphrensive (after tax) | 1.68 | 68.10 | 198.77 |
| 7. | Paid up equity Share capital(face value of Rs 10/- each) | 599.50 | 599.50 | 599.50 |
| 8. | Earning per share (of Rs 10/-Each) | | | |
| | BASIC and Dulited Earning per share (in Rs) | 0.00 | 0.11 | 0.11 |

1. The above is an extract of the detailed format of financial results filed with Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI LODR 2015. the full format of the Financial result are available on the Stock Exchange website (www.bseindia.com) and on the Company website (www.sc agrotech.com)
2.The result of the Quarter ended on 30th June 2023 were reviwed by the audit committee and approved by the Board of Director at its meeting held on 14th August 2023

By order of the Board FOR SC AGROTECH Limited
Sd/-
Vijay Shankar Thakur
Director (Din: 09720062)

Place: New Delhi
Date : 14.08.2023

## ATS HEIGHTS PRIVATE LIMITED

Regd. Off.: 711/92, Deepali, Nehru Place, New Delhi – 110019
CIN: U70200DL2010PTC205410; Phone No.: 0120-7111500; Fax No.: 0120-7111550
Email Id.: compliances@atsgreens.com; Website: www.atsgreens.com

ANNEXURE I
Format for publishing financial results in newspapers
*[Regulation 52 (8), read with Regulation 52 (4), of the SEBI (LODR) Regulations, 2015]*

(Amounts in INR Lakhs, unless otherwise stated)

| S. No. | Particulars | For the Quarter ended 30.06.2023 Unaudited | For the Quarter ended 30.06.2022 Unaudited | For the Year ended 31.03.2023 Audited |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Total Income from Operations | 2.50 | 0.90 | 26.19 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items#) | (20.22) | (55.85) | (427.77) |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items#) | (20.22) | (55.85) | (427.77) |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items#) | (10.53) | (39.04) | (280.79) |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | (10.53) | (39.04) | (280.79) |
| 6 | Paid up Equity Share Capital | 1.00 | 1.00 | 1.00 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve ) | (2,750.28) | (2,497.99) | (2,739.74) |
| 8 | Securities Premium Account | - | - | - |
| 9 | Net worth | (2,749.28) | (2,496.99) | (2,738.74) |
| 10 | Paid up Debt Capital / Outstanding Debt | 1,92,152.85 | 2,17,471.80 | 1,95,977.59 |
| 11 | Outstanding Redeemable Preference Shares | - | - | - |
| 12 | Debt Equity Ratio | (69.89) | (87.09) | (71.56) |
| 13 | Debt Equity Ratio (including unpaid matured debentures) | (81.17) | (87.09) | (79.77) |
| 14 | Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations) - | | | |
| | 1. Basic: | (105.37) | (390.40) | (2,807.90) |
| | 2. Diluted: | (105.37) | (390.40) | (2,807.90) |
| 15 | Capital Redemption Reserve | - | - | - |
| 16 | Debenture Redemption Reserve | - | - | - |
| 17 | Debt Service Coverage Ratio | (0.002) | (0.001) | (0.012) |
| 18 | Debt Service Coverage Ratio (including unpaid matured debentures) | (0.000) | (0.001) | (0.007) |
| 19 | Interest Service Coverage Ratio | (0.014) | (0.017) | (0.030) |

***Note***

*a) The above is an extract of the detailed format of quarterly/annual financial results filed with the Stock Exchanges under Regulation 52 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the quarterly/annual financial results are available on the websites of the Stock Exchange(s) and the listed entity.*

*b) For the other line items referred in the Regulation 52 (4) of the Listing Regulations, pertinent disclosures have been made to the Stock Exchange(s).*

*c) # - Exceptional and/or Extraordinary items adjusted in the Statement of Profit and Loss in accordance with Ind AS Rules / AS Rules, whichever is applicable.*

Getamber Anand
SD/-
Director
Date:14-08-2023
Place: Noida

Rajesh Raizada
SD/-
Director
Date: 14-08-2023
Place: Noida

## ATS INFRABUILD PRIVATE LIMITED

CIN: U45400DL2007PTC168922
ANNEXURE I
Format for publishing financial results in newspapers
*[Regulation 52 (8), read with Regulation 52 (4), of the SEBI (LODR) Regulations, 2015]*

| S. No. | Particulars | For the Quarter ended 30-06-2023 Unaudited | For the Quarter ended 30-06-2022 Unaudited | For the Year ended 31-03-2023 Audited |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Total Income from Operations | 402.64 | 874.81 | 2,196.80 |
| 2 | Net Profit/(Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items#) | (95.06) | (9.67) | (1,305.74) |
| 3 | Net Profit/(Loss) for the period before Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items#) | (95.06) | (9.67) | (1,305.74) |
| 4 | Net Profit/(Loss) for the period after Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items#) | (95.25) | (0.95) | (1,320.39) |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/(Loss) for the period (after Tax) and Other Comprehensive Income (after Tax)] | (95.25) | (0.95) | (1,314.29) |
| 6 | Paid-up Equity Share Capital | 1.00 | 1.00 | 1.00 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve ) | (2,375.28) | (966.68) | (2,280.02) |
| 8 | Net worth | (2,374.28) | (965.68) | (2,279.02) |
| 9 | Paid-up Debt Capital / Outstanding Debt | 16,156.23 | 15,561.00 | 16,064.14 |
| 10 | Outstanding Redeemable Preference Shares | - | - | - |
| 11 | Debt Equity Ratio* | (6.80) | (16.11) | (7.05) |
| 12 | Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations) - | | | |
| | 1. Basic: (in Rs) | (952.53) | (9.53) | (13,203.94) |
| | 2. Diluted: (in Rs) | (952.53) | (9.53) | (13,203.94) |
| 13 | Capital Redemption Reserve | - | - | - |
| 14 | Debenture Redemption Reserve | - | - | - |
| 15 | Debt Service Coverage Ratio* | (0.006) | (0.005) | (0.441) |
| 16 | Interest Service Coverage Ratio* | (0.26) | (0.03) | (0.90) |
| 17 | Current Ratio | 0.91 | 1.56 | 1.49 |
| 18 | Long Term Debt to Working Capital Ratio | (0.25) | 0.97 | 1.06 |
| 19 | Bad Debt to Accounts Receivable Ratio | - | - | - |
| 20 | Current Liability Ratio | 0.97 | 0.59 | 0.60 |
| 21 | Total Debt to Total Asset Ratio | 0.35 | 0.36 | 0.36 |
| 22 | Debtor Turnover Ratio | 7.92 | 17.54 | 40.98 |
| 23 | Inventory Turnover Ratio | 0.01 | 0.02 | 0.08 |
| 24 | Operating Margin | -32.43% | -6.69% | -79.90% |
| 25 | Net Profit Margin | -23.66% | -0.11% | -60.11% |

**Note:**

*a) The above is an extract of the detailed format of quaterly/annual financial results filed with the Stock Exchanges under Regulation 52 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the quaterly/annual financial results are available on the websites of the Stock Exchange(s) and the listed entity.*

*b) For the items referred in sub-clauses (a), (b), (d) and (e) of the Regulation 52 (4) of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the pertinent disclosures have been made to the Stock Exchange(s).*

*c) # - Exceptional and/or Extraordinary items adjusted in the Statement of Profit and Loss in accordance with Ind AS Rules / AS Rules, whichever is applicable.*

*d) * - The pertinent items need to be disclosed if the said disclosure is required as per Regulation 52 (4) of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015.*

*e) Previous periods figures have been reclassified wherever considered necessary*

For and on behalf of Board of Directors of
ATS Infrabuild Private Limited

Sd/-
Getamber Anand
Director
DIN- 00120610

Sd/-
Naveen Joshi
Director
DIN- 07922648

Place: Noida
Date: 16.08.2023

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस, घर-घर लहराया तिरंगा

- स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को किया सम्मानित
- सरकारी व निजी संस्थानों में किया गया ध्वजारोहण

**संवाददाता**। फतेहपुर

**स्वतंत्रता** दिवस की 77वीं वर्षगांठ के जश्न में पूरा जनपद सराबोर रहा। जिले में जगह-जगह जहां कार्यक्रमों का आयोजन किया गया वहीं कलेक्ट्रेट समेत सरकारी कार्यालयों व विभिन्न विद्यालयों में शान से तिरंगा लहराया गया। उधर आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मनाए जा रहे घर-घर तिरंगा अभियान भी परवान चढ़ा। सभी लोगों ने अपने-अपने घरों के साथ-साथ प्रतिष्ठानों में तिरंगा लहराया।

कई जगह मिष्ठान वितरण के कार्यक्रम भी हुए। वहीं प्रधान न्यायाधीश राजेश्वर शुक्ला फैमिली कोर्ट (फतेहपुर) ने साधु संतो के बीच स्वतंत्रता दिवस मनाया। जिलाधिकारी श्रुति ने सुबह सवा



दस बजे कलेक्ट्रेट भवन पर ध्वजारोहण किया। वहीं मुख्य विकास अधिकारी सत्य प्रकाश ने विकास भवन कार्यालय पर तिरंगा फहराया। ध्वजारोहण की इस शुभ बेला पर सभी प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मिष्ठान वितरित किया गया। जिलाधिकारी ने ध्वजा रोहण के बाद महात्मा गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक नमन करते हुये श्रद्धासुमन अर्पित किये। प्रशासनिक अधिकारियों ने बारी-बारी से नमन करते हुये माल्यार्पण किया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों के तहत कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को सम्मानित किया गया।

जिला पंचायत कार्यालय में अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह ने झंडारोहण कर किया। तीनों तहसीलों में एसडीएम व तहसीलदार द्वारा ध्वजारोहण किया गया। जिले भर के विद्यालयों समेत सरकारी, अर्द्धसरकारी, गैर सरकारी संस्थाओं में ध्वजारोहण कर मिष्ठान वितरित किया गया।

## प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में देश बढ़ रहा आगेः सांसद पटेल



**चित्रकूट**। आजादी का अमृत महोत्सव पर मेरी माटी, मेरा देश व स्वतंत्रता दिवस पर्व पर शहीदों के परिजनों, उत्कृष्ट शिक्षक, पुलिस कर्मियों, प्रधान पुरस्कृत हुए। सांस्कृतिक कार्यक्रम व कवि सम्मेलन भी भजन संध्या भवन में हुआ। स्वतंत्रता दिवस पर्व पर कार्यक्रम का शुभारम्भ बतौर मुख्य अतिथि सांसद आरके सिंह पटेल, जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता की मौजूदगी में दीप जलाकर शुभारम्भ हुआ। लच्छू महाराज बैले फाउंडेशन लखनऊ ने वीरांगना लक्ष्मीबाई की जीवन गाथा पर कथक नृत्य पेश किया। नृत्य को देखकर सभी मंत्रमुग्ध हो गए। सांसद ने पांच हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया। सेठ राधा कृष्ण पोद्दार इंटर कॉलेज के छात्र/छात्राओं ने ग्रुप डांस पेश किया। सांसद आर के सिंह पटेल ने कहा कि सरकार ने प्रत्येक शहीदों के गांव में उनकी स्मृति में शिलापट लगाया है। वृक्ष भी लगाए गए हैं, इससे युवाओं को प्रेरणा मिलेगी। जब हम शताब्दी वर्ष मनाएंगे, तब तक मेरा देश विश्व गुरु बन जाएगा।

## डीएम ने वीर सपूतों को नमन कर कलेक्ट्रेट में किया ध्वजारोहण



**उरई, जालौन**। जिलाधिकारी चांदनी सिंह ने 77 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कैंप कार्यालय पर ध्वजारोहण किया। उसके उपरांत एनआईसी सभागार में जनप्रतिनिधि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा व जल शक्ति मंत्री की प्रतिनिधि अरविंद चौहान की उपस्थिति में मुख्यमंत्री के संदेश का सजीव प्रसारण को सुना गया। साथ ही जनप्रतिनिधियों द्वारा जनपद के स्वाधीनता दिवस कार्यक्रम में वीरों का वंदन करने के भाव के साथ स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, सशस्त्र सेना, पैरामिलिट्री बल, सशस्त्र पुलिस बल, पुलिस बल के पुरस्कृत वीरों, शहीदों के मूर्तियों पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए तथा स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों को अंग वस्त्र प्रदान कर एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों एवं अमर शहीदों को स्मरण कर उन्हें नमन किया।

## धूमधाम से मनी स्वतंत्रता की 77वीं वर्षगांठ, छात्राओं ने फहराया तिरंगा



**चित्रकूट**। स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर गणेश बाग में बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल, जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द, पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे की उपस्थिति में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा एलईडी बैन एवं एलसीडी के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ध्वजारोहण कार्यक्रम एवं उद्बोधन का सीधा प्रसारण दिखाया गया। इसके बाद सांसद श्री पटेल,जिलाधिकारी श्री आनंद एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती शुक्ला सहित सभी जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों द्वारा गणेश बाग के परिसर में वृहद वृक्षारोपण किया गया।इसके बाद सभी अतिथियों द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय शिवरामपुर की छात्राओं से परिसर में ध्वजारोहण भी कराया गया। अवसर पर सांसद, डीएम और एसपी ने पौधरोपण भी किया। मौके पर जिले के प्रमुख अधिकारी व प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# अधिक मास की अमावस्या पर भारी संख्या में उमड़े श्रद्धालु



**चित्रकूट**। तीर्थक्षेत्र में अधिक मास की अमावस्या में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ा। श्रद्धालु मंदाकिनी नदी में डुबकी लगाकर भगवान कामतानाथ की परिक्रमा कर रहे हैं। अधिक मास की अमावस्या पर प्रशासन ने पांच लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना जताई है। 15 अगस्त की देर रात से श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। मप्र-उप्र के बांदा, हमीरपुर, महोबा, उरई, जालौन, कौशांबी, प्रतापगढ़, कानपुर और मप्र के सतना, रीवा, सीधी, शहडोल, उमरिया, सागर, छतरपुर से श्रद्धालुओं के जत्था तीर्थक्षेत्र पहुंच रहे हैं। बुधवार को अधिक मास अमावस्या पर उप्र- मप्र प्रशासन ने भीड़ को देखते हुए व्यवस्थायें चुस्त-दुरुस्त की हैं।

जिला मुख्यालय के सीओ सिटी हर्ष पांडे ने बताया कि अमावस्या में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए कई जगह पार्किंग व्यवस्था की गई है। पुलिस बल मंदाकिनी नदी किनारे परिक्रमा मार्ग में लगे हैं। मप्र प्रशासन ने भी व्यवस्था की है। भीड़ को देखते हुए परिक्रमा मार्ग को डायवर्ट किया है। भरत मंदिर के महंत दिव्यजीवन दास ने बताया कि मंदाकिनी स्नान व भगवान कामतानाथ परिक्रमा का अमावस्या में कुछ अलग महत्व है।

## बड़ी संख्या में खोये हुए मोबाइल फोन पुलिस ने बरामद कर धारकों को सौंपे



**बांदा**। आपको बताते चलें कि पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल द्वारा मुस्कान अभियान के तहत जनता के खोये और चोरी हुए मोबाइल के संबंध में पुलिस अधीक्षक कार्यालय/समस्त थानों से प्राप्त प्रार्थना पत्रों के आधार पर सर्विलांस सेल व एसओजी की पुलिस टीम को खोए हुए मोबाइल फोन की बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके क्रम में सर्विलांस सेल व एसओजी की सयुंक्त पुलिस टीम ने कठिन परिश्रम करते हुए कुल 101 अदद विभिन्न कम्पनियों के मल्टी मीडिया मोबाइल फोन को बरामद करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। बरामद किए गए कुल मोबाइल फोन की अनुमानित कीमत लगभग 40 लाख रुपये है। बरामद मल्टी मीडिया मोबाइल फोन को पुलिस अधीक्षक बांदा अंकुर अग्रवाल द्वारा आज दिनांक 16.08.2023 को पुलिस लाइन बांदा सभागार में उनके स्वामियों को सुपुर्द किया गया। खोये हुए मोबाइल को वापस पाकर मोबाइल स्वामियों ने पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# स्वतंत्रता दिवस पर सीपी इंटरनेशनल में हुए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

- धूमधाम से मनाई गई आजादी की वर्षगांठ

**संवाददाता**। फर्रुखाबाद



15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में सी.पी. इंटरनेशनल स्कूल फर्रुखाबाद में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के मुख्य अतिथि सुरेश चंद्र गोयल (वरिष्ठ अधिवक्ता आयकर विभाग) ने अपने कर कमलों द्वारा ध्वजारोहण करके किया। साथ ही सभी ने राष्ट्रगान किया।

मुख्य अतिथि श्री सुरेश चंद्र गोयल एवं उपनिदेशिका श्रीमती अंजूराजे व प्रधानाचार्य डॉ. विनोद चंद शर्मा एवं हेड मिस्ट्रेस श्रीमती संदीप कुमार तथा सभी शिक्षकों ने फ्रीडम फाइटर्स को पुष्पांजलि समर्पित की। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने पुलवामा अटैक का दृश्य कुछ इस कदर प्रस्तुत किया कि दर्शकों की आंखें नम हो गई कि सभी भारत माता की जय के नारे लगाने लगे और स्काउट गाइड छात्रों ने तत्काल सेनानियों को यथा आवश्यकता प्राथमिक चिकित्सा जैसी मदद पहुंचाने का दृश्य प्रस्तुत किया। नन्हे मुन्ने बच्चों ने नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्र मुक्त कर दिया। कुछ छात्रों ने वा। यंत्रों की शानदार प्रस्तुति पेश की जिससे विद्यालय प्रांगण करतल ध्वनि से गूंज उठा।

### गंगा खतरे के निशान से ऊपर, रामगंगा उफान पर

**फर्रुखाबाद**। खतरे के निशान से गंगा 20 सेमी ऊपर,रामगंगा भी उफान पर लोगो के घरों में पहले से ही गंगा व रामगंगा में बाढ़ के कारण पानी भरा हुआ है। कटान तेज देखकर बाढ़ प्रभावित गांवों के लोगों के माथे पर बल पड़ गया है। अधिकारियों नें मौके पर जाकर कटान का जायजा लिया। तहसील अमृतपुर का गांव भटौली रामगंगा के किनारे बसा हुआ है। रामगंगा में बाढ़ आने से सैलाब गांव में दाखिल हो गया है। जिससे गांव में कटान तेज हो गया है एसडीएम रविंद्र सिंह, तहसीलदार कर्मवीर को सूचना मिली तो वह मौके पर पहुंचे और उन्होंने वहां बच्चों को मिष्ठान वितरण कर 15 अगस्त (स्वतंत्रता दिवस) की खुशी मनाई।

## क्विक न्यूज

### सीडीओ के औचक निरीक्षण में नदारद मिले अफसर

**हमीरपुर**। बुधवार को सीडीओ के औचक निरीक्षण में तेरह अधिकारी व 22 कर्मचारी गैर हाजिर पाये गये। अफसरों को चेतावनी व कर्मियों से स्पष्टीकरण मांग गया है। जानकारी के मुताबिक आज सीडीओ चंद्रशेखर शुक्ला ने बारह बजे के बाद विकास भवन स्थित दफ्तरों का निरीक्षण किया जिसमे डीपीओ, जिला कृषि अधिकारी ,जिला कृषि रक्षा अधिकारी,अधिशासी अभियंता आरईएस,पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी समेत तेरह अफसर गैर हाजिर पाये गये इसी प्रकार 22 कर्मचारी भी गैर हाजिर रहे। सभी कर्मचारियों से जबाव तलब किया गया है वही अफसरो को लिखित चेतावनी दी गयी है।

### जनपद में धूमधाम से मनाया गया 77 वां स्वतंत्रता दिवस

**कानपुर देहात**। जनपद कानपुर देहात में 77वें स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर देश भक्ति से ओत.प्रोत कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम ईको गार्डन में जनपद के प्रभारी मंत्री राकेश सचान और जिलाधिकारी नेहा जैन के द्वारा नवनिर्मित शहीद स्थल का लोकार्पण किया प्रभारी मंत्री, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी व जनपद के समस्त अधिकारियोंए पूर्व सैनिकोंए स्कूल के बच्चों द्वारा ईको गार्डन से ईको पार्क तक तिरंगा यात्रा निकाली गयी। ईको पार्क पहुंचकर प्रभारी मंत्री व जिलाधिकारी ने दीप प्रज्जवलन कर आजादी पर आधारित कार्यक्रमों का शुभारम्भ किया इस अवसर पर शहीदों के परिजनों को अंगवस्त्र व उपहार देकर सम्मानित किया गया साथ ही 8 दिव्यांगजनों को व्हील चेयर व 16 कुष्ठ रोगियों को लैप्रोसी किट वितरित किये गये।

### लोकतंत्र सेनानी का राजकीय सम्मान से अंतिम संस्कार

**कुरारा, हमीरपुर**। विकास खंड क्षेत्र के रिठारी गांव निवासी लोकतंत्र रक्षक सेनानी के निधन पर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर नायब तहसीलदार, ग्राम प्रधान, थाना प्रभारी सहित ब्लाक प्रमुख, चेयर मैन मौजूद रहे। क्षेत्र के रिठारी गांव निवासी दुलीचंद प्रजापति अपने विद्यार्थी जीवन से ही राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सर संघ चालक राजेंद्र सिंह उर्फरज्जू के सानिध्य में आरएसएस से जुड़ गए।तथा जीवनभर कार्य करते रहे। कई साल तक सरस्वती शिशु मन्दिरों में प्रधानाचार्य पद पर कार्य किया।विभिन्न शहरों गाजियाबाद, शिकोहाबाद, ओरैया,महोबा,चरखारी, रायबरेली, आदि में कार्य किया।आपातकाल में लोकतंत्र को बचाने के लिए ग्यारह माह तक जेल में रहे।इसके बाद वर्ष 1988 में सुमेरपुर में भारती शिशु मंदिर की स्थापना की यह विद्यालय हाई स्कूल तक संचालित हो रहा है।

### जेके सीमेंट फैक्ट्री ने क्षय रोगियों को वितरित किये किट

**मौदहा, हमीरपुर**। टीवी रोगियों को सीमेंट कंपनी ने छाछठ मरीजो को गोद लेकर सरकारी अस्पताल में पोषण किट वितरण किया। जेके सीमेंट सुमेरपुर यूनिट ने तहसील क्षेत्र में66 टीवी के मरीज हैं जिनको फैक्ट्री के अधिकारियों ने गोद लिया हुआ है उन्होंने नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में यह कैंप लगाकर सभी टीवी रोगियों को पोषण किट वितरण की है इस कार्यक्रम में अस्पताल के प्रभारी अधीक्षक उमाकांत वर्मा ने कहा कि प्राइवेट सेक्टर के लोगों के द्वारा इस अच्छी पहल की हम सराहना करते हैं और प्रधानमंत्री जी ने देशभर से टीवी के रोग को खत्म करने के लिए अभियान चलाया है जिसका लक्ष्य है कि 2025 तक टीवी का रोग पूरी तरह समाप्त हो जाए तो वही जेके सीमेंट प्लांट प्रमुख राजीव रंजन तिवारी ने कहा कि सरकार के द्वारा 500 रुपये प्रतिमाह मरीज को दिया जाता है।

# नौ माह में बनने वाला रोडवेज बस स्टैंड छत्तीस माह बाद भी अधूरा, रुका निर्माण

**संवाददाता**। जालौन, उरई

**नगर** में नौ माह में बनने वाला रोडवेज बस स्टैंड तीन साल में भी बनकर तैयार नहीं हो सका है। ठेके दार का पेमेंट न होने से काम रुका हुआ है। बुधवार को सदर विधायक ने रोडवेज अधिकारियों से मिलकर निर्माणाधीन बस स्टैंड का निरीक्षण कर ठेके दार का जमकर फटकार लगाई और जल्द से जल्द कार्य शुरू कराकर अधूरे निर्माण को पूरा कराने के निर्देश दिए।

नगर में सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा के प्रयासों से 16 जुलाई 2020 को जब वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मोहल्ला फर्दनवीस चुर्खी रोड पर रोडवेज बस स्टैंड का भूमि पूजन किया था तो नगर व क्षेत्र के लोग रोडवेज बस स्टैंड की सौगात मिलने पर काफी खुश हुए थे। तब ठेके दार ने नौ माह में निर्माण कार्य पूरा कर रोडवेज बस स्टैंड का लोकार्पण करा देने की बात कही थी।

तबसे तीन बार निर्माण कार्य पूरा होने की तारीख बढ़ चुकी है लेकिन अब तक निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ है। यही कारण है कि नगरवासी अभी भी रोडवेज बस स्टैंड के लिए तरस रहे हैं। इसकी जानकारी मिलने पर सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, स्टेशन अधीक्षक निखिल सक्सेना, क्लर्क रियाजुल हक, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल, राजीव मिश्रा, गौरव गुर्जर आदि के साथ बुधवार को रोडवेज बस स्टैंड का निरीक्षण करने पहुंच गए।

## लोधी महासभा ने मनाई वीरांगना अवंतीवाई लोधी की 192वीं जयंती

**फर्रुखाबाद**। वीरांगना अवंतीवाई लोधी की 192वी जयंती लोधी महासभा ने धूमधाम से मनाई अखिल भारतीय लोधी लोधा लोध महासभा के तत्वाधान में वीरांगना अवंती बाई लोधी की 192 वी जयंती बड़े ही धूमधाम व हर्षोगास से डा साक्षी धाम श्याम नगर फर्रुखाबाद में जवाहरलाल राजपूत की अध्यक्षता में मनाई गई। रामाधार वर्मा ने संचालन किया। वीरांगना अवंतीबाई लोधी की जयंती समारोह में मुख्य अतिथि लोकप्रिय सांसद मुकेश राजपूत व लोधी महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष रवि राजपूत का भव्य स्वागत किया गया।

# पेज एक का शेष

### हिप्र में...

19 अगस्त तक शैक्षणिक गतिविधियां निलंबित कर दी हैं। अधिकारियों ने बताया कि राज्य में करीब 800 सड़कें अवरुद्ध हैं और 24 जून को मानसून शुरू होने के बाद से अब तक 7,200 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हो चुका है। इससे पहले, जुलाई में मंडी, कुल्लू तथा शिमला समेत राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश से कई लोगों की मौत हो गई थी और करोड़ों रुपए की संपत्ति नष्ट हो गई थी। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने केंद्र से हिमाचल प्रदेश में राष्ट्रीय आपदा की घोषणा करने तथा राहत एवं क्षतिग्रस्त ढांचों की मरम्मत के काम के लिए 2,000 करोड़ रुपए की निधि जारी करने का अनुरोध किया है।

### आप से...

(इंडिया) के घटक दल हैं। कांग्रेस ने दिल्ली में सेवाओं से संबंधित विधेयक के मुद्दे पर पिछले दिनों संसद के मानसून सत्र में दोनों सदनों में आम आदमी पार्टी का समर्थन किया था, जबकि संदीप दीक्षित और अजय माकन जैसे कई नेताओं की राय इस मुद्दे पर अलग थी। खरगे और राहुल ने कांग्रेस की दिल्ली इकाई के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक की। सूत्रों के मुताबिक इसमें दिल्ली के नेताओं को राष्ट्रीय राजधानी की सभी सात सीटों पर तैयारी करने और जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए निर्देशित किया गया है। सूत्रों का कहना है कि दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेताओं ने आम आदमी पार्टी के साथ लोकसभा चुनाव में गठबंधन का फैसला पार्टी नेतृत्व पर छोड़ दिया, हालांकि पार्टी की राज्य इकाई के ज्यादातर नेताओं की राय गठबंधन के खिलाफ है। सूत्रों ने यह भी बताया कि खरगे और राहुल ने एकजुट होकर आगे बढ़ने और जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने की जरूरत पर जोर दिया। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के नेताओं के साथ कांग्रेस अलाकमान की बैठक में संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल, पार्टी के दिल्ली प्रभारी दीपक बाबरिया, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार, वरिष्ठ नेता अजय माकन, जयप्रकाश अग्रवाल और कई अन्य नेता मौजूद थे। बैठक के बाद खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, लोकसभा चुनाव के मद्देनजर, आज दिल्ली कांग्रेस के नेताओं के साथ मंत्रणा हुई। दिल्ली प्रदेश का नवसंचार हमारी प्राथमिकता है, जिसमें सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं की सहभागिता जरूरी है। हमने दिल्ली को समृद्ध और खुशहाल बनाया था, आगे भी दिल्ली के लोगों के लिए हमारा संघर्ष जारी है। बाबरिया ने मीडिया से बातचीत में कहा कि बैठक में गठबंधन को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई, लेकिन इस बारे में कांग्रेस नेतृत्व जो भी फैसला करेगा वह सबको स्वीकार्य होगा। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता केंद्र में नरेन्द्र मोदी सरकार और दिल्ली में अरविंद केजरीवाल सरकार, दोनों ही की जन विरोधी नीतियों का विरोध करते रहेंगे। बैठक में शामिल रहे एक नेता ने मीडिया से बातचीत में कहा, प्रदेश कांग्रेस के ज्यादातर नेताओं की राय यही है कि आम आदमी पार्टी ने राजधानी में कांग्रेस का जनाधार छीना है और ऐसे में पार्टी को उस जनाधार को फिर से हासिल करने के लिए प्रयास करना चाहिए। हमारी तैयारी सभी सात लोकसभा सीटों पर होगी। गठबंधन को लेकर कांग्रेस नेतृत्व जो भी फैसला करेगा, वो सभी लोग मानेंगे।

### भाजपा के...

तैयारी कर रहे हैं। भाजपा के साथ गठबंधन करने वाले उपमुख्यमंत्री अजित पवार के साथ पुणे में पिछले सप्ताह हुई मुलाकात पर शरद पवार ने कहा, वह मेरे परिवार के सदस्य हैं। यदि हमारे परिवार में किसी समारोह की योजना बनाई जाती है, तो स्वाभाविक रूप से उस समय मुझसे परामर्श किया जाएगा। राकांपा अध्यक्ष ने कहा, मैं भाजपा के साथ नहीं जाऊंगा। देश में लोगों के बीच फैली अशांति को दूर करने के लिए हमें 2024 में बदलाव लाना होगा। हम इस बदलाव को लाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। पुणे में व्यवसायी अतुल चोरडिया के आवास पर 12 अगस्त को राकांपा संस्थापक और अजित पवार के बीच हुई बैठक को लेकर अटकलें तेज हो गई थी। राकांपा में विभाजन का जिक्र करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, जो लोग अतीत में मेरा साथ छोड़ गए, उन्हें दोबारा चुनाव का टिकट नहीं मिला। अजित पवार के गुट वाली राकांपा द्वारा अपनी तस्वीर के इस्तेमाल के बारे में पूछे जाने पर शरद पवार ने कहा, हम इस मुद्दे को लेकर अदालत का रुख करने की तैयारी कर रहे हैं। शरद पवार ने संकेत दिया कि उनके गुट को पार्टी का चुनाव चिह्न खोने का खतरा है और उन्होंने इस मुद्दे पर निर्वाचन आयोग को अपना जवाब भेज दिया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मुझे चुनाव चिह्न की कोई परवाह नहीं है, क्योंकि मैंने बैल की जोड़ी, गाय और बछड़ा जैसे कई चिह्नों पर चुनाव लड़ा है और जीता भी हूं। शरद पवार ने मणिपुर के मुद्दे को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आलोचना करते हुए कहा कि मोदी मणिपुर में स्थिति को इतना महत्वपूर्ण नहीं मानते हैं कि उस राज्य का दौरा किया जाए। शरद पवार ने महाराष्ट्र के बीड जिले में बृहस्पतिवार को होने वाली अपनी जनसभा से पहले संवाददाताओं से कहा, मोदी सरकार मणिपुर में हो रही घटनाओं पर मूकदर्शक बनी हुई है। पूर्वोत्तर क्षेत्र महत्वपूर्ण और संवेदनशील है। चीन की सीमा से लगे इलाकों पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। राकांपा प्रमुख ने दावा किया, पूर्वोत्तर में जो कुछ हो रहा है और करवाया जा रहा है, वह देश के लिए बेहद खतरनाक है। मणिपुर इसका उदाहरण है।

### नेहरू संग्रहालय...

लगाया, प्रधानमंत्री मोदी भय, हीन भावना और असुरक्षा से भरे नज़र आते हैं, विशेष रूप से तब, जब बात हमारे पहले और सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले प्रधानमंत्री की आती है। उनका एकमात्र एजेंडा नेहरू और नेहरूवादी विरासत को गलत ठहराना, बदनाम करना, तोड़-मरोड़ कर पेश करना और नष्ट करना है। उन्होंने एन को मिटाकर उसकी जगह पी लगा दिया है। यह पी वास्तव में पिटीनेस (ओछापन) और पीवी (द्वेष) को दर्शाता है। रमेश ने कहा, स्वतंत्रता आंदोलन में नेहरू के व्यापक योगदान और भारतीय राष्ट्र-राज्य की लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष, वैज्ञानिक और उदार नींव डालने में उनकी महान उपलब्धियों को कभी भी कम नहीं किया जा सकता। चाहे इन उपलब्धियों पर प्रधानमंत्री मोदी और उनके लिए ढोल पीटने वाले जितना हमला करते रहें। उन्होंने यह भी कहा, लगातार हो रहे हमलों के बावजूद, जवाहरलाल नेहरू की विरासत दुनिया के सामने जीवित रहेगी और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि नेहरू की विरासत को धूमिल करने का प्रयास सूरज को दीया दिखाने की तरह है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, यह सरकार मानसिक और सैद्धांतिक विरोधाभास से घिरी हुई है। इतिहास रचा जाता है, इतिहास बदला नहीं जाता। इमारतें बना देने और किसी जगह का नाम बदल देने से प्रधानमंत्री की संकीर्ण सोच दिखाई देती है। भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस नेहरू-गांधी परिवार को बढ़ावा देने के इर्द-गिर्द केंद्रित है जबकि मोदी ने सुनिश्चित किया है कि सभी प्रधानमंत्रियों को सम्मानजनक स्थान दिया जाए। उन्होंने कहा कि इससे पहले किसी अन्य प्रधानमंत्री को संग्रहालय में जगह नहीं दी गई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेताओं की आलोचना कुछ और नहीं बल्कि दरबारियों का विलाप है। भाजपा के एक अन्य नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि मोदी ने कांग्रेस सहित सभी प्रधानमंत्रियों को सम्मानित करने की कोशिश की है। नकवी ने कहा कि उन्होंने हमारे उन सभी महापुरुषों को सम्मान दिया है जिन्हें कांग्रेस ने भुला दिया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का मानना है कि केवल एक परिवार ने राष्ट्र के निर्माण में योगदान दिया और सभी संस्थानों का नाम उसने अपने सदस्यों के नाम पर रखा। नई दिल्ली स्थित तीन मूर्ति भवन जवाहरलाल नेहरू का आधिकारिक आवास था। बाद में इस परिसर को संग्रहालय में बदल दिया गया और नेहरू स्मारक संग्रहालय एवं पुस्तकालय की स्थापना की गई। प्रधानमंत्री मोदी ने 2016 में एक विचार रखा था कि तीन मूर्ति परिसर के अंदर भारत के सभी प्रधानमंत्रियों को समर्पित एक संग्रहालय होना चाहिए, जिसे नेहरू स्मारक की कार्यकारी परिषद ने मंजूर कर लिया। विभिन्न पूर्व प्रधानमंत्रियों को समर्पित यह संग्रहालय अप्रैल 2022 में जनता के लिए खोल दिया गया।

### भारत और...

जो सदियों की साझा विरासत, मूल्यों और उनके लोगों की आकांक्षाओं की नींव पर बना है। इसमें कहा गया है, यह मित्रता भारत और इजराइल की पीढियों को प्रेरित करे....। चौक की दीवार के दोनों छोर पर भारत और इजराइल के ध्वज लगाए गए हैं और दीवार के एक ओर महाराष्ट्र क्षेत्र के बेने इजराइल समुदाय के मलिदा समारोह के प्रतीक की चित्रकारी है। भारतीय-यहूदी समुदाय की परंपराओं को ध्यान में रखते हुए मलिदा को अब आधिकारिक राष्ट्रीय अवकाश के रूप में मान्यता दी गई है। ऐसी मान्यता है कि समुदाय के पूर्वज 175 बीसीई (वर्तमान युग से पहले) तु-बश्वत के मौके पर भारत पहुंचे थे। कहा जाता है कि उनका जहाज भारत के तट से दूर डूब गया था लेकिन सात पुरुषों और कई महिलाओं को बचा लिया गया था। शहर में भारतीय समुदाय के नेता इसाक सोलोमन ने इस स्थल को स्मारक बताया जो भारत और इजराइल के बीच लंबे समय से चली आ रही दोस्ती का प्रतीक है। इस चौक की स्थापना में सोलोमन की अहम भूमिका है। उन्होंने समारोह में बताया कि ईलात में करीब 120 भारतीय-यहूदी परिवार और कई अन्य भारतीय परिवार रहते हैं। समारोह में मौजूद भारतीय दूतावास के एक अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा, यहूदी समुदाय के 85,000 लोग अकादमिक, विज्ञान, कारोबार, रक्षा तथा अन्य विविध क्षेत्रों में अपनी उपलब्धियों से भारत तथा इजराइल दोनों का ध्वज ऊंचा लहरा रहे हैं। भारतीय समुदाय के सदस्यों, डिप्टी मेयर स्टास बिलकिन और ईलात नगरपालिका के अधिकारियों ने मंगलवार शाम को आयोजित इस समारोह में भाग लिया।

### समय पर...

को तैयार करना होगा। सीएम ने फॉरेंसिक जैसी तकनीक की वकालत करते हुए कहा कि 2017 में जब हमारी सरकार आई थीए तब साइबर क्राइम का रेट बढ़ता दिखाई दे रहा था। उस समय ही हमने कहा था कि इसे गंभीरता से लेना चाहिए। आज भी उसके एक्सपर्ट्स की कमी महसूस की जाती है। आज हम मानते हैं कि रेंज नहींए बल्कि हर जनपद में और हर थाने में साइबर हेल्प डेस्क होनी चाहिए। साथ ही इसके एक्सपर्ट्स भी होने चाहिए। यही हाल एफएसएल लैब्स का भी है। इनके लिए साइंटिस्ट और टेक्नीशियंस की कमी है। ये सिर्फ यूपी नहीं पूरे देश में स्थिति है। आप इस आवश्यकता की पूर्ति का माध्यम बनेंगे। इसके लिए आपको खुद को तैयार करना होगा। साइबर अपराध से जुड़े लोगों से दो कदम आगे सोचने की आदत डालनी होगी। अपनी दृष्टि को विस्तार देना होगा। अगर आप किसी भी एंटी सोशलए एंटी नेशनल या लॉ एंड ऑर्डर को चुनौती देने वाले किसी भी तत्व से दो कदम आगे सोचने की सामर्थ्य रखते हैं तो आप उसको नियंत्रित कर पाएंगे। यदि दो कदम पीछे हैं तो वह आपको नियंत्रित कर लेगे। आपके सोचने की सामर्थ्य समाप्त कर देगा। इसके लिए निरंतर संस्थान को कार्य करना होगा। योगी ने स्टडी और रिसर्च पर जोर देते हुए कहा कि इस क्षेत्र में स्टडी कारगर है। अलग-अलग जनपद केए अलग-अलग प्रदेश के, रेंज वाइज, जोनल वाइज, हमें देखना चाहिए कि किस तरह के अपराध की प्रवृति है। हमारे प्रदेश में 75 जनपद हैं और सभी जनपदों में किस तरह के अपराध ज्यादा होते हैं किस क्षेत्र में किस प्रवृति के अपराधों की अधिकता है और उसे नियंत्रित करने के लिए उस प्रकार के लोगों की भी तैनाती की जानी चाहिए। इसको अभियान के रूप में लें तो परिणाम वैसा ही होगा, जैसा लॉ एंड ऑर्डर के रूप में देखने को मिला है। यूपी में आज शांति है, कानून व्यवस्था नियंत्रण में है। उन्होंने कहा कि कोई भी वर्ल्ड क्लास इंस्टीट्यूट स्टडी से, रिसर्च से अपने को ग्रूम करता है तो अपने आगे बढ़ने की संभावनाओं को बढ़ा देता है। इस फील्ड में एआई और मशीन लर्निंग का पाठ्यक्रम संचालित होगा तो आप देखेंगे कि कैसे बैठे-बैठे पूरी व्यवस्था को आप वॉच कर सकते हैं। न्यू एज कोर्सेज आपके पास आएंगे। इन सारी चीजों की शुरुआत होने के बाद लोगों को लगेगा कि यह काम बहुत पहले होने चाहिए था। इन चीजों पर हमें 10 वर्ष पहले सोचना चाहिए थाए लेकिन देर आए दुरुस्त आए। योगी ने कहा कि आने वाले समय में सिविल पुलिस की अपनी भूमिका होगी लेकिन उस भूमिका के साथ आपकी भूमिका को कोई नकार नहीं पाएगा। आपके बगैर उनकी भूमिका अधूरी होगी। यह रूल ऑफ लॉ और गुड गवर्नेंस को बनाए रखने के लिए आपकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इसके लिए आप लोग खुद को सौभाग्यशाली मानें कि इस संस्थान के फर्स्ट बैच से आप अपने करियर की शुरुआत करने जा रहे हैं। विश्वास है कि आप सभी लोग संस्थान के अनुशासन को मानते हैं। फोर्स में एक बात कही जाती है कि ट्रेनिंग के दौरान जितना परिश्रम करके पसीना बहाएगा उतना ही युद्धभूमि में उसे खून बहाने की नौबत नहीं आएगी। यानी युद्ध आपके हाथों में और आपकी मुट्ठी में होगा। परिश्रम के साथ बुद्धि और विवेक का भी प्रयोग करते हुए अपने दिमाग को खुला रखिए। इस क्षेत्र में व्यापक शोध की आवश्यकता होगी। सीएम योगी ने इंस्टीट्यूट में प्रवेश लेने वाली बालिकाओं की संख्या पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह बहुत अच्छा और सकारात्मक संदेश है। उनके लिए इस फील्ड में काफी संभावनाएं हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री संजय प्रसाद, डीजीपी विजय कुमार, स्पेशल डीजी लॉ एंड ऑर्डर प्रशांत कुमार, उत्तर प्रदेश राज्य फॉरेंसिक विज्ञान संस्थान के डायरेक्टर एडीजी डॉ. जीके गोस्वामी, डीआईजी राजीव गोयनका समेत संस्थान से सभी फैकल्टी मेंबर और छात्र व छात्राएं उपस्थित रहे।

# टाइम्स स्क्वायर पर कोणार्क सूर्य मंदिर के चक्र की प्रतिकृति का अनावरण

**भाषा।** न्यूयॉर्क (अमेरिका)

**भारत** के 77वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ऐतिहासिक टाइम्स स्क्वायर के तिरंगे के रंग से जगमग होने के साथ ही यहां प्रसिद्ध कोणार्क सूर्य मंदिर के चक्र की l,800 किलोग्राम वजनी प्रतिकृति का अनावरण किया गया। भारतीय-अमेरिकी समुदाय के सदस्य बड़ी संख्या में मंगलवार को भारत के स्वतंत्रता दिवस का जश्न मनाने के लिए न्यूयॉर्क शहर के ऐतिहासिक स्थल पर उमड़े।

न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्यदूत रणधीर जायसवाल ने भारत माता की जय , वंदे मातरम और जय हिंद के नारों तथा देशभक्ति गीतों के बीच टाइम्स स्क्वायर पर तिरंगा फहराया। इस अवसर पर एकत्रित लोगों ने भारत और अमेरिका के ध्वज लहराए।

ध्वजारोहण समारोह भारतीय प्रवासी समुदाय के प्रमुख संगठन फेडरेशन ऑफ इंडियन एसोसिएशन (एफआईए) ने आयोजित किया और इसमें सरोद वादक उस्ताद अमजद अली खान, मिशलिन स्टार शेफ (खानसामा) विकास खन्ना, एफआईए प्रमुख अंकुर वैद्य, एफआईए अध्यक्ष केनी देसाई और अन्य अधिकारियों के साथ इंडो-अमेरिकन आर्ट्स काउंसिल (आईएएसी) बोर्ड सदस्य अनिल बंसल और राजीव कौल तथा उपाध्यक्ष राकेश कौल शामिल हुए।

इस मौके पर खन्ना ने खासतौर से निर्मित एक चक्र प्रतिकृति का अनावरण किया जो भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और दोनों देशों के बीच साझा मूल्यों का प्रतीक है।

जायसवाल ने कहा, हम भारत के 77वें स्वतंत्रता दिवस का जश्न मनाने के लिए कोणार्क के चक्र को न्यूयॉर्क शहर के केंद्र में स्थापित कर सम्मानित महसूस कर रहे हैं।

यह चक्र भारत की विरासत, विचार और शाश्वत विवेक का चमकता प्रतीक है। टाइम्स स्क्वायर पर चक्र का प्रदर्शन कर हमने न केवल भारत की समृद्ध संस्कृति का बल्कि हमारे दोनों देशों अमेरिका और भारत को जोड़ने वाली स्थाई मित्रता का भी जश्न मनाया।

उन्होंने कहा, सूर्य या सूर्य देवता को समर्पित कोणार्क मंदिर में सुशोभित 24 चक्र में से एक चक्र की यह प्रतिकृति भारत के इतिहास, लचीलेपन और एकता का सार है। यह सूर्य एवं प्रकृति के प्रति हमारी गहरी श्रद्धा का भी प्रतीक है।

करीब पांच वर्षों से चक्र प्रतिकृति को न्यूयॉर्क शहर में स्थापित करने पर काम कर रहे खन्ना ने पीटीआई-भाषा से कहा कि यह एक सपने का साकार होना है और टाइम्स स्क्वायर पर खासतौर से भारत के स्वतंत्रता दिवस पर मूर्तिकला का अनावरण करना उनके लिए भावुक क्षण है। यह चक्र परियोजना कोविड-19 महामारी फैलने से पहले शुरू हुई थी और कारीगरों ने इसे पूरा करने के लिए दृढ़ता से काम किया। खन्ना ने विशाल चक्र के सामने खड़े होकर कहा, इसे देवताओं ने बनाया था।

इस प्रतिकृति को न्यूयॉर्क शहर में खन्ना के आगामी रेस्तरां में ले जाया जाएगा। मशहूर खानसामा ने कहा, भारतीय समुदाय, युवा पीढ़ी को भारत की ऐसी चीज देखने को मिलेगी जो कि बहुत पवित्र और भव्य है।

यह चक्र प्रतिकृति आठ फुट लंबी और छह फुट चौड़ी है तथा इसका अनुमानित वजन 1800 किलोग्राम है। यह ओडिशा के कोणार्क में स्थित सूर्य मंदिर का एक श्रद्धेय प्रतीक है। कोणार्क में स्थापित मूल चक्र पत्थर पर बारीक नक्काशी से बना है। आईएएसी ने कहा कि 13वीं सदी में निर्मित कोणार्क सूर्य मंदिर ने आक्रमण और प्राकृतिक आपदा जैसी कई चुनौतियों का सामना किया लेकिन आज भी मजबूती से खड़ा हुआ है। इस प्रतिकृति को एक सप्ताह तक टाइम्स स्क्वायर पर प्रदर्शित किया जाएगा।



अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन, 89वें एयरलिफ्ट विंग के कमांडर कर्नल मैथ्यू ई. जोन्स के साथ एंड्रयूज एयर फ़ोर्स बेस, एमडी में एयर फ़ोर्स वन में सवार होने के लिए पहुँचे।

# रूस ने फिर किया यूक्रेन के अनाज गोदाम पर हमला

**एपी।** कीव

**रूस** ने यूक्रेन के दक्षिणी ओडेसा क्षेत्र में अनाज गोदामों को निशाना बना कर एक बार फिर हमला किया है। स्थानीय अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि बीती रात ड्रोन के जरिए डेन्यूब नदी के किनारे स्थित बंदरगाहों और उन अनाज गोदामों को निशाना बनाया गया, जिनका उपयोग यूक्रेन, यूरोप को अनाज भेजने के लिए कर रहा है।

काला सागर के रास्ते युद्धकालीन निर्यात से जुड़े एक प्रमुख समझौते को रूस द्वारा तोड़े जाने के बाद यूक्रेन ने इन बंदरगाहों का उपयोग बढ़ाया है।

इस बीच, 17 महीने पहले शुरू हुए रूसी आक्रमण के बाद से ओडेसा के बंदरगाह पर फंसा हुआ एक कंटेनर जहाज रवाना हो गया। वह काला सागर के रास्ते बोस्पोरस जा रहा है।

युद्ध प्रभावित यूक्रेन की अर्थव्यवस्था काफी हद तक कृषि पर निर्भर है। रूस की तरह इसके कृषि निर्यात भी गेहूं, जौ, सूरजमुखी तेल और अन्य खाद्य पदार्थों की वैश्विक आपूर्ति के लिए महत्वपूर्ण हैं, जिन पर विकासशील देश निर्भर हैं।

क्रेमलिन (रूसी राष्ट्रपति कार्यालय) के एक महीने पहले काला सागर के माध्यम से सुरक्षित यूक्रेन अनाज निर्यात सुनिश्चित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र और तुर्की द्वारा पिछली गर्मियों में किए गए समझौते को तोड़े जाने के बाद, कीव ने डेन्यूब के माध्यम से परिवहन और यूरोप में सड़क और रेल संपर्क को फिर से शुरू करने की मांग की है।

ओडेसा के गवर्नर ओलेह किपर ने कहा कि रात में रूस की तरफ से की गई ड्रोन बमबारी का प्राथमिक लक्ष्य बंदरगाह टर्मिनल थे, जिनमें डेन्यूब डेल्टा के बंदरगाह भी शामिल थे। किपर के अनुसार, वायु सुरक्षा प्रणाली 13 ड्रोनों को रोकने में कामयाब रही।

डेन्यूब यूरोप की दूसरी सबसे बड़ी नदी तथा परिवहन का एक अहम मार्ग है।

# दक्षिण चीन सागर के विवादित द्वीप पर हवाई पट्टी का निर्माण करता दिख रहा चीन

**एपी।** बीजिंग

**उपग्रह** तस्वीरों में चीन दक्षिण चीन सागर के एक विवादित द्वीप पर हवाई पट्टी का निर्माण करता दिखाई दे रहा है। इस द्वीप पर वियतनाम और ताइवान भी दावा करते हैं।

द एसोसिएटेड प्रेस ने उपग्रह तस्वीरों का विश्लेषण किया है। पारासेल द्वीपसमूह के ट्राइटन द्वीप पर यह निर्माण कार्य किया जा रहा है। इससे पहले चीन ने स्प्रैटली द्वीपसमूह के सात मानव निर्मित द्वीपों पर निर्माण किया जहां हवाई पट्टियों, जहाजों के ठहरने के लिए गोदी और सैन्य प्रणालियों की व्यवस्था है। दूसरे देशों के दावों को खारिज करते हुए चीन लगभग पूरे दक्षिण चीन सागर पर अपना दावा जताता है।

एपी द्वारा विश्लेषण के अनुसार प्लैनेट लैब्स पीबीसी की उपग्रह तस्वीरों में हवाई पट्टी पर निर्माण पहली बार अगस्त की शुरुआत में दिखाई देता है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रनवे 600 मीटर से अधिक लंबा होगा, जिस पर टर्बोप्रॉप विमान और ड्रोन आसानी से उतर सकते हैं। हालांकि, लड़ाकू या बमवर्षक विमानों का यहां से परिचालन नहीं हो सकेगा।

द्वीप के अधिकांश हिस्से में बड़ी संख्या में वाहनों के निर्माण के लिए रास्ते भी दिखाई दे रहे हैं। साथ ही कंटेनर और निर्माण उपकरण भी दिखे हैं। ट्राइटन पारासेल द्वीपसमूह के प्रमुख द्वीपों में से एक है, जो वियतनाम के तट और चीन के द्वीपीय प्रांत हैनान से लगभग समान दूरी पर है।

अमेरिका ने चीन के दावे पर कोई रुख नहीं अपनाया है, लेकिन वह चीनी कब्जे वाले द्वीपों के पास नौवहन संचालन की स्वतंत्रता के प्रति प्रतिबद्धता जताते हुए नियमित रूप से अपनी नौसेना के जहाज भेजता है। 2018 में अमेरिका के एक मिशन के केंद्र में ट्राइटन था।

द्वीप पर चीन के एक हेलीपैड और रडार प्रणाली के साथ एक छोटा बंदरगाह और इमारतें हैं। द्वीप पर दो बड़े मैदानों पर चीनी ध्वज लगा हुआ है। चीन का कहना है कि निर्माण का उद्देश्य वैश्विक नौवहन सुरक्षा में मदद करना है।

उसने अपने द्वीप निर्माण कार्य के संबंध में और विवरण देने से इनकार कर दिया है। चीन ने इन आरोपों को खारिज कर दिया है कि वह महत्वपूर्ण जलमार्ग का सैन्ईकरण कर रहा है, जिसके माध्यम से सालाना करीब पांच ट्रीलियन डॉलर का व्यापार होता है। चीन का कहना है कि उसे अपने संप्रभु क्षेत्र में जो चाहे करने का अधिकार है। चीन ने 1974 में एक संक्षिप्त नौसैनिक संघर्ष में वियतनाम से पारासेल द्वीपसमूह का पूरा नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया था।

## नाइजीरिया सेना का हेलीकॉप्टर बचाव अभियान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त

**अबुजा।** नाइजीरिया के उत्तरी मध्य क्षेत्र में बंदूकधारियों की गोलीबारी के बाद एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसमें सवार लोगों की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। यह घटना सोमवार को उस वक्त हुई जब इस हेलीकॉप्टर को एक अन्य हमले के बाद सैन्य कर्मियों के बचाव के लिए भेजा गया था। नाइजीरिया की वायु सेना ने कहा कि एमआई-171 हेलीकॉप्टर नाइजर राज्य में हताहत हुए लोगों की निकासी के मिशन पर था। नाइजर डाकुओं के हमलों से सबसे ज्यादा प्रभावित राज्यों में से एक है। वायु सेना ने कहा कि दुर्घटना के कारण की जांच की जा रही है। इस घटना में हताहतों की संख्या का विवरण नहीं दिया गया है। इलाके के निवासियों ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि राज्य के शिरोरो जिले में डाकुओं ने हेलीकॉप्टर को तब निशाना बनाया जब यह एक अन्य हमले में घायल सैनिकों को ले जा रहा था।

# लीबिया में प्रतिद्वंदी गुटों के बीच हिंसक झड़प, 27 की मौत

**एपी।** काहिरा

**लीबिया** की राजधानी में मंगलवार को प्रतिद्वंदी मिलीशिया गुटों के बीच हुई हिंसक झड़पों में कम से कम 27 लोग मारे गए और लोगों को अपने-अपने घरों में कैद रहने के लिए मजबूर होना पड़ा क्योंकि वह सुरक्षित स्थानों पर नहीं जा सके। प्राधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि ऐसा प्रतीत हो रहा है कि यह झड़प इस वर्ष त्रिपोली में सबसे बड़ी हिंसक झड़प है। स्थानीय मीडिया की खबरों के मुताबिक, 444 ब्रिगेड और स्पेशल डिटरेंस फोर्स के लड़ाकों के बीच सोमवार देर रात को झड़प शुरू हुई थी। खबर के मुताबिक, 444 ब्रिगेड के वरिष्ठ कमांडर मोहम्मद हमजा को सोमवार सुबह त्रिपोली के एक हवाईअड्डे पर प्रतिद्वंदी समूह ने कथित रूप से पकड़ लिया था, जिसके बाद तनाव पैदा हो गया।

मानवीय आपदाओं और युद्ध के दौरान तैनात की गई चिकित्सीय इकाई इमरजेंसी मेडिसिन एंड सपोर्ट सेंटर ने बुधवार को तड़के बताया कि झड़प में 100 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं।

अधिकारी के मुताबिक, हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि मरने वाले लोग लड़ाके समूह के हैं या फिर आम नागरिक।

लीबिया के रेड क्रीसेंट ने झड़पों पर कोई तत्काल टिप्पणी नहीं की है।

मंगलवार को जारी रही झड़प के दौरान स्वास्थ्य मंत्रालय ने दोनों पक्षों से प्रभावित इलाकों में एंबुलेंस व आपात दलों को जाने देने और पास के अस्पतालों में रक्त की आपूर्ति करने की इजाजत देने का आग्रह किया। शुरुआत में झड़प शहर के दक्षिण छोर पर हुई थी।

लीबिया के रक्षा मंत्रालय से संबंधित एक चिकित्सा समूह के प्रवक्ता अब्दल रहमान कपलान ने लीबिया के राष्ट्रीय चैनल को मंगलवार शाम को बताया कि चार शव बरामद किए गए हैं और घायल हुए 20 लोगों का अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।



अफगानिस्तान से अमेरिकी नेतृत्व वाले सैनिकों की वापसी की दूसरी वर्षगांठ पर कंधार में तालिबान लड़ाके सड़क पर गश्त करते हुए।

# नवाज की वतन वापसी को लेकर पीएमएल एन-एन नेताओं के बीच नहीं बनी सहमति

**भाषा।** इस्लामाबाद

**आम** चुनाव से पहले पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व प्रधानमंत्री नवाज़ शरीफ की लंदन से वतन वापसी के संबंध में पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) के नेताओं के बीच आम सहमति नहीं बन सकी है। मीडिया में आई एक खबर में बुधवार को यह जानकारी दी गई है। नवाज़ शरीफ (73) नवंबर 2019 से ब्रिटेन में रह रहे हैं। उन्हें 2018 में अल-अजीजिया मिल्स और एवेनफील्ड भ्रष्टाचार मामलों में दोषी ठहराया गया था।

वह अल-अजीजिया मिल्स मामले में लाहौर की कोट लखपत जेल में सात साल की सजा काट रहे थे और इसी दौरान उन्हें 2019 में चिकित्सा आधारै पर लंदन जाने की इजाजत दी गई थी। मुल्क के सियासी हालात, आगामी आम चुनाव और नवाज शरीफ की वतन वापसी पर चर्चा के लिए मंगलवार को पार्टी अध्यक्ष शहबाज शरीफ की अध्यक्षता में पीएमएल-एन नेताओं की एक बैठक हुई। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने सूत्रों के हवाले से बताया कि बैठक में पीएमएल-एन के कुछ नेताओं ने सुझाव दिया कि नवाज शरीफ को सितंबर तक देश लौट आना चाहिए, जबकि अन्य ने प्रस्ताव दिया कि पार्टी के वरिष्ठ नेता को अक्टूबर तक वापस आना चाहिए।



इससे पहले इस महीने की शुरुआत में पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ (71) ने कहा था कि उनके बड़े भाई नवाज शरीफ लंबित अदालती मामलों का सामना करने और आम चुनाव के लिए पार्टी के अभियान का नेतृत्व करने के लिए सितंबर में पाकिस्तान लौटेंगे।

पीएमएल-एन नेताओं का मानना है कि तीन बार प्रधानमंत्री रहे नवाज शरीफ के लौटने और कानूनी प्रक्रिया का सामना करने से पार्टी को आम चुनावों में राजनीतिक फायदा मिल सकता है। पार्टी के कुछ नेताओं ने सुझाव दिया कि नवाज शरीफ को अपने रास्ते में आने वाली अड़चनों को दूर करने के बाद ही वापस लौटना चाहिए। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों के हवाले से खबर में कहा गया है कि शहबाज शरीफ अपने भाई की वापसी को लेकर राजनीतिक और कानूनी विशेषज्ञों से राय ले रहे हैं।

# नाइजर के लोग जुंटा के खिलाफ विभिन्न देशों की सैन्य कार्रवाई से मुकाबले की तैयारी कर रहे

**एपी।** नियामी (नाइजर)

**नाइजर** के लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित राष्ट्रपति को विद्रोही सैनिकों द्वारा अपदस्थ किए जाने के तीन सप्ताह बाद यहां के लोग क्षेत्र के विभिन्न देशों द्वारा संभावित आक्रमण से मुकाबले की तैयारी कर रहे हैं।

राजधानी नियामी के निवासी पश्चिम अफ़्रीका के क्षेत्रीय संगठन इकोवास के किसी भी हमले से निपटने के लिए सेना की सहायता को लेकर स्वयंसेवकों की बड़े पैमाने पर भर्ती का आह्वान कर रहे हैं।

इकोनॉमिक कम्युनिटी ऑफ वेस्ट अफ्रीकन स्टेट (इकोवास) का कहना है कि यदि जुंटा अपदस्थ किए गए राष्ट्रपति मोहम्मद बजौम को बहाल नहीं करता है तो वह सैन्य बल का इस्तेमाल करेगा। इकोवास ने नाइजर में व्यवस्था बहाल करने के लिए एक स्टैंडबाय फोर्स को सक्रिय कर दिया है, क्योंकि जुंटा ने बजौम को रिहा करने और उन्हें पद पर बहाल करने की समय सीमा को नजरअंदाज कर दिया है। नियामी में स्थानीय लोगों के एक समूह के नेतृत्व में इस पहल का उद्देश्य नाइजर की रक्षा के लिए स्वयंसेवकों का पंजीकरण कर देश भर से हजारों स्वयंसेवकों की भर्ती करना है। इस पहल के संस्थापकों में से एक अम्सरौ बाको ने मंगलवार को द एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि अगर जुंटा को मदद की जरूरत होगी तो समूह लड़ेगा, चिकित्सा देखभाल में सहायता करेगा और अन्य कार्यों के साथ-साथ तकनीकी और इंजीनियरिंग साजो सामान भी प्रदान करेगा।

भर्ती अभियान शनिवार को नियामी के साथ-साथ नाइजीरिया और बेनिन की सीमा पास स्थित उन शहरों में भी शुरू होगा जहां से आक्रमणकारी सेनाएं प्रवेश कर सकती हैं। दोनों देशों ने कहा है कि वे हस्तक्षेप में भाग लेंगे। बाको ने कहा कि 18 साल से अधिक उम्र का कोई भी व्यक्ति पंजीकरण करा सकता है और जरूरत पड़ने पर लोगों को बुलाने के लिए सूची जुंटा को दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जुंटा इस पहल में शामिल नहीं है लेकिन पहल से अवगत है। स्टैंडबाय फोर्स की तैनाती की घोषणा के बाद पहली बार इकोवास के रक्षा प्रमुखों की इस सप्ताह बैठक होने की उम्मीद है। यह स्पष्ट नहीं है कि समूह का सैन्य बल कब आक्रमण कर सकता है, लेकिन संभवत: इसमें कई हजार सैनिक शामिल होंगे। नाइजर के लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित राष्ट्रपति बजौम को 26 जुलाई को उनकी सेना के सदस्यों ने एक तख्तापलट के बाद अपदस्थ कर दिया था और तब से वह नजरबंद हैं। नाइजर को अल-कायदा और इस्लामिक स्टेट समूह से संबंधित जिहादी हिंसा को रोकने के प्रयास में पश्चिमी देशों के महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में देखा जा रहा था। नाइजर के पूर्व औपनिवेशिक शासक फ्रांस और अमेरिका के इस क्षेत्र में लगभग 2,500 सैन्यकर्मी हैं जो नाइजर की सेना को प्रशिक्षित करते हैं।

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री नरेश कुमार अग्रवाल एवं श्रीमती आशा रानी अग्रवाल ने मोहल्ला बाजार इस्थान बढ़ापुर, परगना बढ़ापुर, तहसील नगीना, जिला बिजनोर (यूपी) में स्थित मकान नगर निगम सं. 09/03, परिमाप 90.52 वर्ग मीटर, पंजीकृत बिक्री विलेख दिनांक 10.12.1991, दस्तावेज सं. 3568 खंड सं. 9801/904 के माध्यम से मालिक हैं सभी व्यक्ियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री नरेश कुमार अग्रवाल, श्रीमती आशा रानी अग्रवाल और श्री तरुण कुमार हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड से संपत्ति पर ऋण ले रहे हैं। यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में कोई शुल्क/हित/अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रूप में वर्तमान से 07 दिनों के भीतर सूचित करें।

श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
एफएफ 18, लोटस पॉन्ड प्लाजा, वैभव खंड, इंदिरापुरम
गाजियाबाद 201014, ईमेल: sgassociatespl@gmail.com
फोन: 7011172764, 8130200837

**PUBLIC NOTICE**

My Client, SMT. NEELAM W/o Late Sh. Sarvagya Sujan R/o H.No. 26, Block-60, Prabhat Road, Ramjas Road, Karol Bagh, New Delhi-110005 is the registered owner of built-up first floor property bearing no.U-49, out of khasra no. 330, situated in area of village Bindapur and the colony known as Subhash Park, Uttam Nagar, New Delhi-110059, vide registered relinquishment deed as Doc. No. 23727 Dated 20.09.2022 SR-IIB Delhi. The previous original document of this property have been lost i.e. regd sale deed doc. no. 28663, dated-02.11.2010 SR-II Delhi executed by Sh. Anand Kumar S/o Sh. Mahabir Prasad in favour of Sh. Sarvagya Sujan and Sh. Gaurav and in this regard, NCR has been registered as LR No:780219/2023 dated 16.08.2023 and this above-mentioned property is going to be mortgage with IIFL Home Finance Limited. Any person/bank/financial institution having any claim/right, lien any objection whatsoever in regard to above property, should notified to the undersigned/Adv. Vishal Mehan, E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092 along with documentary evidence under address through registered a/d within 15 days from the date of publication of this notice failing which any claim, lien or objection shall be deemed to have been waived.

Vishal Mehan (Advocate)
E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092
Mobile No. 9811215181

# माउई के जंगल में लगी आग से मरने वालों की संख्या 106 पर पहुंची

**एपी।** लहैना (अमेरिका)

**अमेरिकी** राज्य हवाई में माउई के जंगलों में लगी आग के कारण जान गंवाने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 106 हो गई है और ऐतिहासिक लहैना शहर जलकर खाक हो गया है। बचाव दलों ने आसपास के इलाकों में शवों की तलाश तेज कर दी है।

यह अमेरिका में एक सदी से भी ज्यादा समय में सबसे भीषण दावानल है। आग लगने की वजह का अभी पता नहीं चला है। माउई काउंटी ने दावानल में मारे गए दो लोगों की पहचान उजागर की है। अमेरिका के स्वास्थ्य एवं मानव सेवा विभाग ने मृतकों की शिनाख्त करने के लिए विभिन्न उपकरणों के साथ पैथोलॉजिस्ट और तकनीशियन को तैनात किया है।

काउंटी ने एक बयान में कहा कि मृतकों में लहैना निवासी रॉबर्ट डिकमैन (74) और बडी जैनटॉक (79) शामिल हैं। तीन और मृतकों की शिनाख्त कर ली गई है और उनके परिजनों की पहचान होने के बाद उनके भी नाम उजागर कर दिए जाएंगे। हवाई के गवर्नर जोश ग्रीन ने मंगलवार को कहा कि आग लगने से जान गंवाने वालों में बच्चे भी शामिल हैं। काउंटी ने बताया कि लहैना में लगी आग पर 85 फीसदी तक काबू पा लिया गया है जबकि ग्रामीण इलाके में लगी आग को करीब 60 प्रतिशत तक नियंत्रित कर लिया गया है।

राष्ट्रपति जो बाइडन ने मंगलवार को कहा कि वह और प्रथम महिला जिल बाइडन जल्द से जल्द हवाई का दौरा करेंगे, लेकिन साथ ही उन्होंने कहा कि वह नहीं चाहते कि उनके दौरे से बचाव अभियान में कोई बाधा आए।

बाइडन ने कहा कि उन्होंने गवर्नर ग्रीन को आश्वासन दिया है कि हवाई को संघीय सरकार से हरसंभव मदद दी जाएगी।

इससे पूर्व, 1918 में मिनेसोटा के कार्लटन काउंटी के वनों में लगी आग में हजारों घर जलकर राख हो गए थे और सैकड़ों लोगों की मौत हो गई थी। इसे क्लोक्वेट फायर के तौर पर जाना जाता है।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Mohammad Abid Kasar, S/o. Mohammad Yameen Kasar, R/o. Gram Mandawali, Bijnor, UP-246749 have declared that my name has been wrongly mentioned in my Passport as Mohammad Abid instead of Mohammad Abid Kasar.

PD(130)A

## चेक गणराज्य ने समझौते को अंतिम रूप दिया

**प्राग।** चेक गणराज्य ने बुधवार को अमेरिका के साथ एक रक्षा संधि को अंतिम रूप दिया, जो सैन्य सहयोग को गहरा करेगी और चेक क्षेत्र में अमेरिकी सैनिकों की तैनाती को आसान बनाएगी। चेक गणराज्य के प्रधानमंत्री पेट्र फियाला का हस्ताक्षर रक्षा सहयोग समझौते की प्रक्रिया का अंतिम चरण था, जिसका जुलाई में संसद के दोनों सदनों और एक अगस्त को राष्ट्रपति पेट्र पावेल ने अनुमोदन किया था।

# संरा प्रमुख ने हैती में आपराधिक गिरोहों से निपटने के लिए पुलिस बल और सैन्य समर्थन मांगा

**एपी।** संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र** (संरा) महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने हैती के सशस्त्र आपराधिक गिरोहों से मुकाबला करने और घोर आर्थिक संकट से गुजर रहे कैरेबियाई राष्ट्र में सुरक्षा बहाल करने के लिए मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय समुदाय से विशेष पुलिस बल और सैन्य समर्थन इकाईयों वाले एक बहुराष्ट्रीय बल को तैनात करने का आग्रह किया।

संरा महासचिव ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को लिखे एक 12 पन्नों के पत्र में कहा कि हैती में सुरक्षा हालात को देखते हुए स्थिति सामान्य करने के लिए वहां कई कठोर कानून प्रवर्तन उपायों की जरूरत पड़ेगी, जिसमें भारी हथियारों से लैस गिरोहों के खात्मे के लिए पुलिस अभियानों में बल का सक्रिय उपयोग भी शामिल है। सुरक्षा परिषद ने 14 जुलाई को एक प्रस्ताव पारित किया था, जिसके जवाब में यह पत्र आया है। सुरक्षा परिषद ने गुतारेस को हैती के सशस्त्र आपराधिक गिरोहों से निपटने में मदद करने के लिए 30 दिनों के भीतर गैर-संयुक्त राष्ट्र के एक बहुराष्ट्रीय बल सहित सभी विकल्पों पर गौर करने को कहा था।

गुतारेस ने अंतरराष्ट्रीय बल का नेतृत्व करने के केन्या के फैसले के साथ-साथ बहामास, जमैका के समर्थन और बल में योगदान देने के एंटीगुआ और बारबुडा की घोषणा का स्वागत किया। उन्होंने अन्य देशों, विशेषतौर पर अमेरिका से इस पहल में योगदान देने का आग्रह किया।



ह्यूमन राइट्स वॉच के मुताबिक, गिरोहों ने हैती पुलिस को बेबस कर दिया है और विशेषज्ञ अनुमान लगा रहे हैं कि अब राजधानी पोर्ट-औ-प्रिंस के करीब 80 फीसदी हिस्से पर गिरोह का नियंत्रण है। 1.10 करोड़ से ज्यादा की आबादी वाले इस देश में सिर्फ 10 हजार पुलिस अधिकारी है और जनवरी से जून तक 30 से ज्यादा पुलिसकर्मियों की मौत हो चुकी है।

गुतारेस ने कहा कि सशस्त्र गिरोहों ने राजधानी को चारों ओर से घेर लिया है, जिसकी वजह से देश के उत्तरी, दक्षिणी और पूर्वी इलाकों से मुख्य सड़कों का संपर्क टूट गया है। वहीं मध्य हैती के आर्टिबोनाइट क्षेत्र और अन्य इलाकों में हिंसा फैलने की वजह से जरूरी सामान की आपूर्ति बाधित हो रही है।

उन्होंने एक रिपोर्ट का हवाला दिया, जिसमें बताया गया कि गिरोह सार्वजनिक स्थानों पर मौजूद लोगों और उनके घरों पर गोलियां बरसा रहे हैं, सार्वजनिक वाहनों में लोगों को जिंदा जला रहे हैं, प्रतिद्वंदी गुट के लड़ाकों को फांसी दे रहे हैं, गिरोहों में बच्चों को शामिल कर रहे हैं और महिलाओं व लड़कियों के साथ दुष्कर्म कर रहे हैं।

प्रपत्र – 'जी'

**अभिरूचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण पाला डेकोर प्राइवेट लिमिटेड**

319, सेक्टर-22, गुरूग्राम, हरियाणा-122015 में अन्य टेक्सटाइल के विनिर्माण तथा निर्यात में प्रचालनरत [दिवाला और ऋण शोध अक्षमता (कार्पोरेट व्यक्तियों के लिए ऋण शोध अक्षमता समाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 36क (1) के अधीन]

| प्रासंगिक विवरण | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्पोरेट देनदार का नाम पैन/सीआईएन/एलएलपी नंबर सहित | पाला डेकोर प्राइवेट लिमिटेड<br>सीआईएन – यू17200एचआर2013पीटीसी049962<br>पीएएन : एएएचसीपी2888डी |
| 2 | पंजीकृत कार्यालय का पता | 319, सेक्टर-22, गुरूग्राम, हरियाणा-122015 |
| 3 | वेबसाइट का यूआरएल | www.pala.in |
| 4 | उस स्थान का विवरण जहां अधिकांश अचल आस्तियां अवस्थित हैं | 778, उद्योग विहार, फेज 5, गुरूग्राम |
| 5 | प्रमुख उत्पादों/सेवाओं की संस्थापित क्षमता | उपलब्ध नहीं |
| 6 | अंतिम वित्तीय वर्ष में बेचे गए प्रमुख उत्पादों/सेवाओं की प्रमात्रा और मूल्य | उपलब्ध नहीं |
| 7 | कर्मचारियों/श्रमिकों की संख्या | 1 |
| 8 | अतिरिक्त विवरण, जिसमें दो वर्ष के अंतिम उपलब्ध वित्तीय विवरण (अनुसूचियों सहित), लेनदारों की सूची, प्रक्रिया की अनुवर्ती घटनाओं की सम्बद्ध तिथियां सहित ........ पर उपलब्ध है : | ग्राह्य समाधान आवेदक अपना अनुरोध मेल द्वारा समाधान प्रोफेशनल को cirp.paladecor@gmail.com पर भेज सकते हैं |
| 9 | संहिता की धारा 25 (2)(एच) के अधीन समाधान आवेदकों हेतु ग्राह्यता ........ पर उपलब्ध है : | न्यूनतम शुद्ध मूल्य रू. 1,00,00,000 (रू. एक करोड़) होना चाहिए। रू. 5,00,000 (रू. पांच लाख मात्र) की प्रतिदेय ईएमडी। ग्राह्यता मानदंडों हेतु नियम एवं शर्तें/विस्तृत जानकारी cirp.paladecor@gmail.com पर अनुरोध पर उपलब्ध कराई जाएगी। |
| 10 | अभिरूचि की अभिव्यक्ति की प्राप्ति हेतु अंतिम तिथि | 01-09-2023 |
| 11 | संभावित समाधान आवेदकों की अनंतिम सूची जारी करने की तिथि | 11-09-2023 |
| 12 | अनंतिम सूची के बारे में आपत्तियां प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि | 16-09-2023 |
| 13 | ईओआई जमा करने हेतु प्रक्रिया ई-मेल आईडी | cirp.paladecor@gmail.com |

हस्ता./-
निशा मालपानी
मैसर्स पाला डेकोर प्राइवेट लिमिटेड हेतु समाधान प्रोफेशनल
रजिस्ट्रेशन नंबर : IBBI/IPA-001/IP-P00058/2017-2018/10136
एएफए सर्टिफिकेट नंबर : एए1/10136/02/111223/105076 (11-12-2023 तक वैध)
रीगस, लेवल 9, स्पेस-आई-टेक पार्क, ए-1, टावर, सेक्टर-49, सोहना रोड, गुरूग्राम, हरियाणा-122018

तिथि : 17-08-2023
स्थान : गुरूग्राम

# भारतीय रेलवे की सात मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय मंत्रिमंडल** ने भारतीय रेलवे की सात मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान कर दी। इस पर करीब 32,500 करोड़ रुपए का खर्च आएगा और रेलवे के वर्तमान नेटवर्क में 2,339 किलोमीटर रेलमार्ग जोड़ा जा सकेगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक के बाद संवाददाताओं को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति (सीसीईए) की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित परियोजनाएं पूरी तरह से केंद्र पोषित होंगी और इससे भारतीय रेलवे की वर्तमान रेल लाइन क्षमता को बढ़ाने, ट्रेन परिचालन को सुगम बनाने, भीड़भाड़ को कम करने तथा यात्रा को आसान बनाने में मदद मिलेगी। इन परियोजनाओं के निर्माण के दौरान लगभग 7.06 करोड़ मानव दिवसों के प्रत्यक्ष रोजगार का सृजन होगा।

देश के नौ राज्यों के 35 शहरों से जुड़ी इस परियोजना से रेलवे के वर्तमान नेटवर्क में 2,339 किलोमीटर रेलमार्ग जोड़ा जा सकेगा। इन राज्यों में उत्तर प्रदेश, बिहार, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, ओडिशा, झारखंड और पश्चिम बंगाल शामिल हैं। इस प्रस्तावित परियोजना में गोरखपुर कैंट- वाल्मीकिनगर, सोननगर-अंदल मल्टी ट्रैकिंग परियोजना के दोहरीकरण, नेरगुंडी-बारंग, खुर्दा रोड-विजयानगरम और मुदखेड-मेदचाल के बीच तीसरी लाइन तथा गुंटुर- बीबीनगर तथा चोपन-चुनार के बीच वर्तमान लाइन का दोहरीकरण शामिल है। इसमें समखिअली-गांधीधाम के बीच चार लाइन बनाने का प्रस्ताव है। गुंटुर-बीबीनगर के बीच इस लाइन की लम्बाई 239 किलोमीटर होगी और इस पर 3,238 करोड़ रूपए की लागत आएगी। चोपान-चुनार खंड पर 102 किलोमीटर की इस परियोजना पर 1,553 करोड़ रूपए की लागत आएगी। वहीं, मुदखेड-मेदचाल के बीच 418 किलोमीटर पर इस परियोजना की लागत 5,655.4 करोड़ रूपए आएगी। समखिअली-गांधीधाम के बीच 53 किलोमीटर की परियोजना पर।,571 करोड़ रूपए की लागत आएगी।


रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव

गोरखपुर कैंट- वाल्मीकिनगर के बीच 96 किलोमीटर की परियोजना पर 1269.8 करोड़ रूपए खर्च होंगे। नेरगुंडी-बारंग, खुर्दा रोड-विजयानगरम खंड पर 385 किलोमीटर की परियोजना पर 5,618 करोड़ रूपए खर्च होंगे। सोननगर-अंदल मल्टी ट्रैकिंग परियोजना के तहत 374.5 किलोमीटर के दोहरीकरण पर 13,606 करोड़ रूपए खर्च होंगे। वैष्णव ने कहा कि ए रेल मार्ग खाद्यान्न, उर्वरक, कोयला, सीमेंट, लोहा, तैयार इस्पात, कच्चा तेल, खाद्य तेल, चूना पत्थर जैसी वस्तुओं के परिवहन के लिए महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि इन क्षमता उन्नयन कार्यों के परिणामस्वरूप 20 करोड़ टन प्रति वर्ष माल यातायात अतिरिक्त जोड़ा जा सकेगा। बयान के अनुसार, पर्यावरण के अनुकूल और ऊर्जा दक्ष परिवहन का माध्यम होने के कारण इससे रेलवे के जलवायु लक्ष्यों को हासिल करने और देश की लॉजिस्टिक लागत में कमी लाने में मदद मिलेगी। इसमें कहा गया है कि ए परियोजनाएं बहु स्वरूप सम्पर्क के लिए पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान का परिणाम हैं जो समेकित आयोजना से संभव हो सका है। इनकी बदौलत लोगों, वस्तुओं और सेवाओं की आवाजाही के लिए निर्बाध कनेक्टिविटी उपलब्ध हो सकेगी।

दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को भारतीय रेलवे की सात मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंत्रिमंडल की मंजूरी की सराहना करते हुए कहा कि बुनियादी ढांचे के उन्नयन से संबंधित निर्णय मार्गों पर भीड़ कम करेगा, यात्रा में आसानी बढ़ाएगा। साथ ही पर्यावरण के अनुकूल माल ढुलाई क्षमता को बढ़ावा मिलेगा। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यह रेलवे क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के उन्नयन से संबंधित कैबिनेट का एक महत्वपूर्ण निर्णय है। यह मार्गों की भीड़ को कम करेगा, यात्रा को आसान बनाएगा और पर्यावरण के अनुकूल माल ढुलाई क्षमता को बढ़ावा देगा। यह रोजगार के कई अवसर भी सुनिश्चित करेगा। प्रधानमंत्री ने पीएम-ईबस सेवा योजना को मंत्रिमंडल की मंजूरी की भी सराहना की।


स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

# ईडी ने रॉबर्ट वाद्रा की अग्रिम जमानत का विरोध किया

**भाषा।** नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के दामाद रॉबर्ट वाद्रा को एक धनशोधन मामले में दी गई अग्रिम जमानत को बुधवार को उच्च न्यायालय में चुनौती दी और जमानत शर्तों का पालन नहीं किए जाने का दावा किया। ईडी के वकील ने कहा कि वह एक अतिरिक्त हलफनामा दाखिल करेंगे जिसमें यह दर्शाया जाएगा कि वाद्रा ने जमानत शर्तों का उल्लंघन किया है। उन्होंने इसे अदालत के समक्ष रखने के लिए कुछ समय मांगा। न्यायमूर्ति सुधीर कुमार जैन ने ईडी को अतिरिक्त हलफनामा दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया। मामले में अगली सुनवाई सितंबर में होगी। इससे पहले, ईडी ने उच्च न्यायालय से कहा था कि वह वाद्रा को हिरासत में लेकर पूछताछ करना चाहती है। एजेंसी ने आरोप लगाया था कि मामले में पैसे के लेन-देन की कड़ी सीधे तौर पर उनसे जुड़ी हुई है। उसने यह भी दावा किया था कि वाद्रा जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। वाद्रा पर लंदन में 12, ब्रायनस्टन स्क्वायर पर करीब 19 लाख पाउंड (17 करोड़ रुपए से अधिक) की एक संपत्ति की खरीद में धनशोधन का आरोप है। इस मामले की जांच धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत की जा रही है। वाद्रा के वकील ने ईडी के आरोपों को खारिज करते हुए कहा था कि उनके मुवक्किल ने जांच में सहयोग किया और जब भी बुलाया गया, वह जांच एजेंसी के सामने पेश हुए। उच्च न्यायालय एक अप्रैल, 2019 को निचली अदालत द्वारा वाद्रा को दी गई अग्रिम जमानत को चुनौती देने वाली ईडी की याचिका पर सुनवाई कर रहा था। वाद्रा ने याचिका का विरोध करते हुए कहा था कि उनके द्वारा सहयोग नहीं करने का एक भी उदाहरण नहीं है।

# भारत जोड़ो यात्रा कुछ ऐसी है, जैसे 1000 चूहे खाकर बिल्ली हज को चली

**भाषा।** निजामाबाद (तेलंगाना)

**● बीआरएस नेता कविता का राहुल गांधी पर हमला**

**भारत राष्ट्र समिति** (बीआरएस) की विधान पार्षद के. कविता ने बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि हाल में संपन्न भारत जोड़ो यात्रा कुछ इस तरह है, जैसे 1000 चूहे खाकर बिल्ली हज को चली। कविता ने भोदान में बीआरएस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी पर कटाक्ष किया और आरोप लगाया कि कांग्रेस ने 62 वर्ष तक देश पर शासन किया, जिसमें गरीबी हटाओ के नारे के बावजूद गरीब, गरीब ही बने रहे। अगला आम चुनाव निजामाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से लड़ने की सार्वजनिक रूप से घोषणा करने के बाद यह कविता का इस क्षेत्र का पहला दौरा है। बीआरएस नेता के स्वागत के लिए कार्यकर्ताओं ने एक विशाल रैली आयोजित की।

कविता ने आरोप लगाया, उन्होंने (राहुल गांधी) एक पैदल मार्च निकाला - भारत जोड़ो यात्रा। आप जानते हैं मैं (इस यात्रा को लेकर) कैसा महसूस करती हूं?, हजार चूहों को मार कर एक बिल्ली हज यात्रा को निकलती है। ऐसी है राहुल गांधी जी की यात्रा। उन्होंने आरोप लगाया, कांग्रेस पार्टी ने देश की आजादी के बाद 62 साल तक शासन किया। आपने मुसलमानों के लिए क्या किया? आप (कांग्रेस पार्टी) गरीबी हटाओ कहते रहे। आपने गरीबों के लिए क्या किया? आपने गरीबों को हटाया, गरीबी को नहीं।

कविता ने बीआरएस पार्टी के कार्यकर्ताओं से कहा कि वे निर्वाचन क्षेत्र के हर घर और मस्जिद के मौलानाओं से मिलें और उन्हें ए समझाएं कि कांग्रेस को वोट क्यों नहीं देना चाहिए। उन्होंने कहा, तेलंगाना में कोई भी वह क्रांति नहीं ला सका जो मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) पिछले 10 वर्ष में राज्य में लाने में सक्षम रहे हैं। हमारे अल्पसंख्यक भाइयों को इस बारे में सोचना चाहिए कि क्या किसी को कांग्रेस को वोट देना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि पीढ़ियों से कांग्रेस नेताओं के शासन के बावजूद देश में कोई विकास नहीं हुआ है। बीआरएस नेता ने दावा किया कि तेलंगाना के मुसलमान कार और सरकार (कार बीआरएस का चुनाव चिन्ह है) के अलावा कुछ भी नहीं सोच रहे हैं। उन्होंने कहा कि केसीआर शासन के तहत पिछले 10 वर्ष के दौरान राज्य में कोई सांप्रदायिक हिंसा नहीं हुई है।

## रक्षा संबंधी स्थाई समिति के सदस्य नामित किए गए राहुल

**नई दिल्ली (भाषा)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता बहाल होने के कुछ दिनों बाद उन्हें रक्षा मामलों संबंधी संसद की स्थाई समिति का सदस्य नामित किया गया। लोकसभा बुलेटिन के अनुसार, कांग्रेस सांसद अमर सिंह को भी समिति में सदस्य बनाए गए हैं। आम आदमी पार्टी के लोकसभा सदस्य सुशील कुमार रिंकू को कृषि, पशुपालन और खाद्य प्रसंस्करण समिति के लिए नामित किया गया है। रिंकू ने हाल ही में जालंधर लोकसभा उपचुनाव जीता था। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के पीपी मोहम्मद फैजल को उपभोक्ता मामले, भोजन और सार्वजनिक वितरण समिति के लिए नामित किया गया है। इसी साल मार्च में अयोग्य ठहराए जाने से पहले तक राहुल रक्षा संबंधी स्थाई समिति के ही सदस्य थे। मोदी उपनाम को लेकर की गई टिप्पणी के संबंध में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की दोषसिद्धि पर उच्चतम न्यायालय द्वारा रोक लगाए जाने के तीन दिन बाद कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष की लोकसभा सदस्यता गत सात अगस्त को बहाल कर दी गई थी।

# भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण के खिलाफ जंग जारी रहेगी: प्रधानमंत्री

**भाषा।** नई दिल्ली

**भ्रष्टाचार**, परिवारवाद और तुष्टीकरण को तीन बुराइयों के रूप में वर्णित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए शुचिता, पारदर्शिता, निष्पक्षता को बढ़ावा देना सामूहिक जिम्मेदारी है। लाल किले की प्राचीर से 77वें स्वतंत्रता दिवस समारोह को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि भ्रष्टाचार ने भारत की क्षमताओं को बुरी तरह प्रभावित किया है और देश को इसे किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं करने का संकल्प लेना होगा। उन्होंने कहा, सपने अनेक हैं, संकल्प साफ है, नीतियां स्पष्ट हैं। नियत के सामने कोई सवालिया निशान नहीं है। लेकिन कुछ सच्चाइयों को हमें स्वीकार करना पड़ेगा और उसके समाधान के लिए मैं आज लाल किले से आपकी मदद मांगने आया हूं, मैं लाल किले से आपका आशीर्वाद मांगने आया हूं। उन्होंने कहा, अमृत काल में यानी 2047 में, जब देश आजादी के 100 साल मनाएगा, तब तिरंगा एक विकसित भारत का होना चाहिए, हमें रुकना नहीं है, हमें पीछे नहीं हटना है और इसके लिए शुचिता, पारदर्शिता, निष्पक्षता की जरूरत है।

ोदी ने कहा कि भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण तीन ऐसी विकृतियां हैं जिनसे देश तथा समाज का बहुत नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि इन तीनों बीमारियों के खिलाफ उनकी जंग जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने की राह में अगर कुछ रुकावटें हैं तो ए विकृतियां ही हैं।उन्होंने कहा, पिछले 75 सालों में कुछ विकृतियां ऐसे घर कर गई हैं, हमारी सामाजिक व्यवस्था का ऐसा हिस्सा बन गई हैं...। कभी-कभी तो हम आंख भी बंद कर लेते हैं। लेकिन अब आंखें बंद करने का समय नहीं है। संकल्पों को सिद्ध करना है तो हमें आंख-मिचौली खत्म करके, आंख में आंख डालकर तीन बुराइयों से लड़ना है। यह समय की बहुत बड़ी मांग है। मोदी ने कहा कि हमारे देश की सभी समस्याओं की जड़ में भ्रष्टाचार है, जिसने दीमक की तरह देश की सारी व्यवस्थाओं को, देश के सामर्थ्य को पूरी तरह नोच लिया है। उन्होंने कहा, भ्रष्टाचार से मुक्ति के लिए लड़ाई जारी रहेगी। यह मोदी के जीवन की प्रतिबद्धता है। मैं भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ता रहूंगा। राजनीति में परिवारवाद का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इसने देश को लूट लिया और तबाह किया है। उन्होंने कहा, इसने जिस प्रकार से देश को जकड़ कर रखा है, उसने देश के लोगों का हक छीना है।

तुष्टीकरण को तीसरी बुराई करार देते हुए मोदी ने कहा कि इसने देश के मूलभूत चिंतन और सर्वसमावेशी राष्ट्रीय चरित्र को दाग लगाया है और उसे तहस-नहस कर दिया है। बगैर किसी राजनीतिक दल का नाम लिए उन्होंने कहा, इन लोगों ने देश का बहुत नुकसान किया है। इन तीनों बुराइयों के खिलाफ पूरे सामर्थ्य के साथ लड़ना है। भ्रष्टाचार, परिवारवाद, तुष्टीकरण देश के लोगों की आकांक्षाओं का दमन करते हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि गरीब हों, दलित हों, पिछड़े हों, पसमांदा हों या फिर आदिवासी भाई-बहन, इनके हक के लिए तीनों बुराइयों से मुक्ति पाना है। उन्होंने कहा, हमें भ्रष्टाचार के खिलाफ नफरत का माहौल बनाना है। जैसे हमें गंदगी पसंद नहीं है तो हम उससे नफरत करते हैं। सार्वजनिक जीवन में भ्रष्टाचार से बड़ी गंदगी नहीं हो सकती। इसलिए हमारे स्वच्छता अभियान को एक नया मोड़ देते हुए भ्रष्टाचार से मुक्ति पाना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले सालों में सरकार ने भ्रष्टाचारियों की जो संपत्ति जब्त की है वह पहले की तुलना में 20 गुना ज्यादा है। उन्होंने कहा, आपकी कमाई का पैसा ए लोग लेकर भागे थे। 20 गुना ज्यादा संपत्ति को ज़ब्त करने का काम किया है हमने। इसलिए ऐसे लोगों की मेरे प्रति नाराजगी होना स्वाभाविक है। लेकिन मुझे भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई को आगे बढ़ाना है।

## अगवा लड़की के साथ स्टेशन पर पकड़े जाने पर किशोर की पिटाई

**मुंबई (भाषा)।** मुंबई के बांद्रा रेलवे स्टेशन पर हिंदू लड़की के साथ पकड़े जाने पर लोगों के एक समूह ने जय श्री राम के नारे लगाते हुए एक मुस्लिम लड़के की कथित तौर पर पिटाई कर दी। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, यह घटना 21 जुलाई की है, लेकिन इस घटना का वीडियो मंगलवार को सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद यह मामला सामने आया। पुलिस ने कहा कि इस घटना के संबंध में अभी तक कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है। वहीं, लड़के की पिटाई करने वाले लोगों ने दावा किया कि उसने लड़की का अपहरण कर लिया था। पुलिस के एक अधिकारी के मुताबिक, 16 वर्षीय लड़का और 17 वर्षीय लड़की दोनों ही ठाणे जिले के अंबरनाथ इलाके के रहने वाले हैं। पुलिस अधिकारी ने कहा, यह घटना 21 जुलाई की है, जब मुस्लिम लड़के और हिंदू लड़की को लोगों के एक समूह ने रेलवे स्टेशन पर पकड़ लिया।

# जब तक लूटे गए 6,000 हथियार बरामद नहीं होते, मणिपुर में शांति नहीं होगी

**भाषा।** गुवाहाटी

**● लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई ने किया दावा, प्रधानमंत्री पर साधा निशाना**

**लोकसभा में** कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई ने बुधवार को कहा कि मणिपुर में जब तक लूटे गए 6,000 आधुनिक हथियार और छह लाख कारतूस बरामद नहीं कर लिए जाते, तब तक शांति का माहौल कायम नहीं हो सकता। गोगोई ने यहां संवाददाताओं से कहा कि ये हथियार और गोलियां सुरक्षा बलों से लूटी गईं थीं और इनका इस्तेमाल राज्य के आम नागरिकों पर होगा। मणिपुर में तीन मई से हिंसा का दौर जारी है।

कांग्रेस नेता ने कहा, जब तक दोनों पक्षों के बीच सुलह के लिए बात नहीं होगी तब तक वहां शांति कैसे हो सकती है और हालात कैसे सामान्य हो सकते हैं। उन्होंने दावा किया कि मेइती और कुकी दोनों ही समुदाय के लोग मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के रवैए से नाखुश हैं। गोगोई ने कहा, गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में पूरी तरह से मुख्यमंत्री को समर्थन दिया जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि शांति समितियों में मुख्यमंत्री की मौजूदगी के कारण ही शांति वार्ताएं विफल हुई हैं।

कलियाबोर लोकसभा सीट से कांग्रेस सांसद गोगोई ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लालकिले से लोगों को गुमराह किया क्योंकि राहत शिविरों में रह रहे 60,000 लोगों के पुनर्वास के बिना और 6,000 हथियारों की बरामदगी तक वहां शांति कायम नहीं हो सकती। गोगोई ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने भ्रष्टाचार के मुद्दों पर चुप रहने का विकल्प चुना है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की 40 प्रतिशत कमीशन सरकार पर चुप थे और हाल में भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (कैग) की रिपोर्ट में भी आयुष्मान भारत योजना में कई कमियों को उजागर किया गया था, जिसमें हजारों लाभार्थी एक मोबाइल फोन नंबर से जुड़े थे। गोगोई ने कहा, विपक्षी दलों का इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) गठबंधन देश को एकजुट करना चाहता है और हमें विश्वास है कि हम 2024 के लोकसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली में नेहरू स्मारक संग्रहालय का नाम इसलिए बदला गया क्योंकि भाजपा को नेहरू-गांधी परिवार पसंद नहीं है। उन्होंने कहा, ऐसा सिर्फ द्वेष के लिए किया गया है क्योंकि भाजपा को नेहरू-गांधी परिवार पसंद नहीं है। वे पंडित नेहरू से लेकर राहुल गांधी तक के परिवार का अपमान करते रहते हैं। गोगोई ने कहा, वे लगातार परिवार को बदनाम करना चाहते हैं लेकिन भारत की जनता ने देखा है कि जब एक सब्जी विक्रेता ने राहुल गांधी से मिलने की इच्छा जताई तो अगले ही दिन उसकी इच्छा पूरी कर दी गई। उन्होंने दावा किया, कांग्रेस और भाजपा में यही अंतर है - प्रधानमंत्री अंबानी और अडाणी (उद्योगपति मुकेश अंबानी और गौतम अडाणी) से मिलते हैं, जबकि राहुल गांधी एक सब्जी विक्रेता से मिलते हैं।

## मेघालय पुलिस ने नवगठित उग्रवादी संगठन का भंडाफोड़ किया

**शिलांग (भाषा)।** मेघालय पुलिस ने मंगलवार को एक नवगठित आतंकवादी संगठन का भंडाफोड़ करते हुए उसके सात नेताओं को गिरफ्तार कर लिया। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। महानिरीक्षक डेविस आर मारक ने कहा कि गिरफ्तार किए गए लोगों में संगठन के अध्यक्ष, कमांडर-इन-चीफ , महासचिव और पश्चिम खासी हिल्स और जयंतिया हिल्स के एरिया कमांडर के अलावा एक महिला और एक किशोर शामिल हैं। सूचना के बाद मंगलवार सुबह से कई अभियान चलाए गए जिसके बाद सातों को पकड़ लिया गया। मारक ने एक बयान में बताया कि संगठन के अन्य सदस्यों को गिरफ्तार करने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस संगठन का नगालैंड के एक उग्रवादी संगठन से संबंध पाया गया है। ए गिरफ्तारियां तब हुई है जब प्रतिबंधित हाइनीवट्रेप नेशनल लिबरेशन काउंसिल के साथ बातचीत के दौर के बीच हुई हैं। बताया जा रहा है कि बातचीत अंतिम चरण में है। अपराध शाखा पुलिस थाने में सातों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने उनके पास से मोबाइल फोन और दस्तावेज जब्त किए हैं।

# चंद्रयान-3 चंद्रमा के और करीब पहुंचा

**● प्रणोदन और लैंडर मॉड्यूल को अलग-अलग करने की तैयारी**

**बेंगलुरु (भाषा)।** भारत के महत्वाकांक्षी तीसरे चंद्रमा मिशन के तहत चंद्रयान-3 बुधवार को, पृथ्वी के इकलौते उपग्रह की पांचवी और अंतिम कक्षा में सफलतापूर्वक प्रवेश कर गया, तथा चंद्रमा की सतह के और भी करीब आ गया। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कहा कि इसके साथ ही चंद्रयान-3 ने चंद्रमा तक पहुंचने की अपनी प्रक्रिया पूरी कर ली है और अब यह प्रणोदन मॉड्यूल और लैंडर मॉड्यूल को अलग करने की तैयारी करेगा।

राष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसी ने ट्वीट किया, आज की सफल प्रक्रिया संक्षिप्त अवधि के लिए आवश्यक थी। इसके तहत चंद्रमा की 153 किलोमीटर र 163 किलोमीटर की कक्षा में चंद्रयान-3 स्थापित हो गया, जिसका हमने अनुमान किया था। इसके साथ ही चंद्रमा की सीमा में प्रवेश की प्रक्रिया पूरी हो गई। अब प्रणोदन मॉड्यूल और लैंडर अलग होने के लिए तैयार हैं। इसरो ने कहा कि 17 अगस्त को चंद्रयान-3 के प्रणोदन मॉड्यूल से लैंडर मॉड्यूल को अलग करने की योजना है।

14 जुलाई को प्रक्षेपण के बाद चंद्रयान-3 ने पांच अगस्त को चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश किया, जिसके बाद इसने छह, नौ और 14 अगस्त को चंद्रमा की अगली कक्षाओं में प्रवेश किया तथा उसके और निकट पहुंचता गया। चंद्रयान-3 को चंद्रमा के ध्रुवों पर स्थापित करने का अभियान आगे बढ़ रहा है। इसरो चंद्रयान-3 को चंद्रमा की कक्षा में पहुंचाने का प्रयास कर रहा है और चंद्रमा से उसकी दूरी धीरे-धीरे कम होती जा रही है।

चंद्रयान-3 के 23 अगस्त को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र पर सॉफ्ट लैंडिंग करने की उम्मीद है। इसरो के सूत्रों ने बताया कि अलग होने के बाद लैंडर को एक कक्षा में स्थापित करने के लिए डीबूस्ट (धीमा करने की प्रक्रिया) से गुजरने की उम्मीद है, जहां पेरिल्यून (चंद्रमा से निकटतम बिंदु) 30 किलोमीटर और अपोल्यून (चंद्रमा से सबसे दूर का बिंदु) 100 किलोमीटर दूर है। यहीं से 23 अगस्त को यान की चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र पर सॉफ्ट लैंडिंग का प्रयास किया जाएगा। इसरो के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने हाल में कहा था कि लैंडिंग का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा लैंडर के वेग को 30 किलोमीटर की ऊंचाई से अंतिम लैंडिंग तक लाने की प्रक्रिया है और यान को क्षैतिज से ऊर्ध्वाधर दिशा में स्थानांतरित करने की क्षमता वह प्रक्रिया है जहां हमें अपनी काबिलियत दिखानी होगी। सोमनाथ ने कहा, लैंडिंग प्रक्रिया की शुरुआत में वेग लगभग 1.68 किलोमीटर प्रति सेकंड है, लेकिन यह गति चंद्रमा की सतह के क्षैतिज है। यहां चंद्रयान-3 लगभग 90 डिग्री झुका हुआ है, इसे लंबवत करना होगा। क्षैतिज से ऊर्ध्वाधर दिशा में बदलने की यह पूरी प्रक्रिया गणितीय रूप से एक बहुत ही दिलचस्प गणना है। हमने कई बार इस प्रक्रिया को दोहराया है। यहीं पर हमें पिछली बार (चंद्रयान-2) समस्या हुई थी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा यह सुनिश्चित करना होगा कि ईंधन की खपत कम हो, दूरी की गणना सही हो और सभी गणितीय मानक ठीक हों। 14 जुलाई को प्रक्षेपण के बाद से तीन हफ्तों में इसरो ने चंद्रयान-3 को, पृथ्वी से दूर चंद्रमा की पांच से अधिक कक्षाओं में चरणबद्ध तरीके से स्थापित किया है। एक अगस्त को एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया के तहत यान को पृथ्वी की कक्षा से चंद्रमा की ओर सफलतापूर्वक भेजा गया। इस ट्रांस-लूनर इंजेक्शन के बाद, चंद्रयान-3 पृथ्वी की परिक्रमा करने से बच गया और उस पथ पर पहुंच गया जो इसे चंद्रमा के आसपास ले जाएगा। चंद्रयान-3 चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित लैंडिंग करने और घूमने में शुरू से अंत तक क्षमता प्रदर्शित करने के लिए चंद्रयान-2 (2019) का अगला अभियान है। इसमें एक स्वदेशी प्रणोदन मॉड्यूल, लैंडर मॉड्यूल और एक रोवर शामिल है जिसका उद्देश्य अंतर-ग्रहीय मिशनों के लिए आवश्यक नई प्रौद्योगिकियों को विकसित करना और प्रदर्शित करना है।

प्रणोदन मॉड्यूल के अलावा लैंडर और रोवर विन्यास चंद्रमा की कक्षा से 100 किलोमीटर दूर है। चंद्रमा की कक्षा से पृथ्वी के वर्णक्रमीय और ध्रुवीय मीट्रिक मापों का अध्ययन करने के लिए इसमें स्पेक्ट्रो-पोलेरिमेट्री ऑफ हैबिटेबल प्लैनेट अर्थ (शेप) पेलोड लगा है। चंद्रयान-3 अभियान का उद्देश्य चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित और सॉफ्ट लैंडिंग का प्रदर्शन करना, चंद्रमा पर रोवर के चलने और चंद्राम की सतह पर यथा स्थान वैज्ञानिक प्रयोगों का संचालन करना है।

# संसदीय समिति ने रेल मंत्रालय से समय सीमा निर्धारित कर अतिक्रमण हटाने को कहा

**भाषा।** नई दिल्ली

**संसद की** एक समिति ने रेलवे की लगभग 782.81 हेक्टेयर भूमि पर अतिक्रमण का संज्ञान लेते हुए रेल मंत्रालय से कहा है कि वह न्यायालयों में लंबित अतिक्रमण के मामलों को छोड़कर अन्य सभी अतिक्रमणों को हटाने के लिए एक समय सीमा निर्धारित करे और इस बारे में उसे अवगत कराता रहे। संसद में आठ अगस्त को पेश रेल भूमि विकास प्राधिकरण का कार्य निष्पादन विषय पर रेल संबंधी स्थाई समिति की रिपोर्ट में यह बात कही गई है। इस समिति के अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी के सांसद राधा मोहन सिंह हैं।

समिति इस बात से पूरी तरह से अवगत है कि 31 मार्च 2022 तक विभिन्न क्षेत्र में रेलवे की लगभग 782.81 हेक्टेयर भूमि पर अतिक्रमण है। समिति के समक्ष रेल मंत्रालय द्वारा पेश आंकड़ों के अनुसार, 31 मार्च 2022 तक मध्य रेलवे की 52.50 हेक्टेयर, पूर्व रेलवे की 21.94 हेक्टेसर, पूर्व मध्य रेलवे की 1.35 हेक्टेयर, उत्तर रेलवे की 157.89 हेक्टेयर, उत्तर मध्य रेलवे की 40.98 हेक्टेयर, पूर्वोत्तर रेलवे की 23.31 हेक्टेयर का अतिक्रण किया गया है।

इसी प्रकार से पूर्वोत्तर सीमा रेलवे की 93.19 हेक्टेयर, उत्तर पश्चिम रेलवे की 18.34 हेक्टेयर, दक्षिण रेलवे की 55.15 हेक्टेयर, दक्षिण पूर्व रेलवे की 140.60 हेक्टेयर, दक्षिण मध्य रेलवे की 14.34 हेक्टेयर, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की 41.41 हेक्टेयर, दक्षिण पश्चिम रेलवे की 16.26, पश्चिम रेलवे की 50.59 हेक्टेयर, पश्चिम मध्य रेलवे की 36.23 हेक्टेयर और उत्पादन इकाइयों की 5.69 हेक्टेयर भूमि अवैध कब्जे में है। समिति ने अपनी रिपोर्ट में यह भी कहा है कि वह भारतीय रेल द्वारा अपनी भूमि पर अतिक्रमण रोकने और इसे हटाने के लिए उठाए गए विभिन्न कदमों की सराहना करती है जिसमें सरकारी स्थान (अनधिकृत अधिभोगियों की बेदखली) अधिनियम 1971 के उपबंध के तहत अतिक्रमण को हटाना, इसकी संभावना वाले संवेदनशील स्थानों पर चारदीवारी का निर्माण करना, इसकी जांच के लिए रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की तैनाती करना और फील्ड अधिकारियों के माध्यम से अतिक्रमण की संभावना वाली खाली पड़ी भूमि की निगरानी करना शामिल है। रिपोर्ट में कहा गया हे कि इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि भूमि एक अतिमूल्यवान संसाधन है और अतिक्रमण की गई जमीन में विभिन्न महानगरों में रेलवे की भूमि भी शामिल है, समिति का यह स्पष्ट मत है कि अतिक्रमण और अनधिकृत कब्जे को हटाने के लिए स्थानीय निकायों और प्राधिकरणों के साथ सहयोग करने के ठोस प्रयास किए जाने चाहिए। समिति ने अतिक्रमण की गई भूमि को पुनः प्राप्त करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने को भी कहा है। इसके अनुसार, समिति सिफारिश करती है रेलवे फील्ड अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से सर्वेक्षण किए जाने तथा सर्वेक्षणों के कार्यकरण एवं परिणामों की जांच के लिए एक उचित निगरानी तंत्र स्थापित किया जाए।

# गिल करियर के सर्वश्रेष्ठ 25वें स्थान पर

## ● जायसवाल और कुलदीप भी आईसीसी रैंकिंग में आगे बढ़े

**भाषा।** दुबई




**भारत** के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल बुधवार को जारी नवीनतम आईसीसी टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में करियर के सर्वश्रेष्ठ 25वें स्थान पर पहुंच गए जबकि उनके साथी सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और स्पिनर कुलदीप यादव को भी रैंकिंग में फायदा हुआ है।

वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच मैच की श्रृंखला के अंतिम दो मैच में 77 और नौ रन की पारी खेलने वाले गिल को 43 स्थान का फायदा हुआ है। इससे पहले गिल की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 30 थी जो उन्होंने इस साल अहमदाबाद में न्यूजीलैंड के खिलाफ 126 रन की पारी के बाद हासिल की थी। वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला के चौथे मैच में गिल ने जायसवाल के साथ पहले विकेट के लिए 165 रन जोड़े थे जो भारत की ओर से पहले विकेट की संयुक्त रूप से सर्वश्रेष्ठ साझेदारी थी। आईसीसी के अनुसार जायसवाल एक हजार से अधिक स्थान के फायदे के साथ 88वें पायदान पर पहुंच गए हैं।

फ्लोरिडा के लॉडरहिल में चौथे मैच में दो विकेट की बदौलत कलाई के स्पिनर कुलदीप 23 स्थान की छलांग के साथ 28वें पायदान पर हैं। भारत के खिलाफ श्रृंखला 3-2 से जीतने वाले वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों की रैंकिंग में भी सुधार हुआ है। अंतिम मैच में 55 गेंद में नाबाद 85 रन की पारी खेलने वाले ब्रेंडन किंग पांच स्थान के फायदे से 13वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

काइल मायर्स दो स्थान आगे बढ़कर 45वें जबकि शिमरोन हेटमायर 16 स्थान के फायदे से 85वें स्थान पर हैं। गेंदबाजों में अकील हुसैन अब 11वें स्थान पर हैं। उन्हें तीन स्थान का फायदा हुआ है। पूर्व कप्तान जेसन होल्डर 85वें पायदान पर हैं। चार विकेट की बदौलत रोमारियो शेफर्ड 63वें स्थान पर हैं। उन्हें 20 स्थान का फायदा हुआ है।



नॉर्वे में मोल्डे और क्लैक्सविक के बीच चैंपियंस लीग क्वालीफाइंग फुटबॉल मैच के दौरान क्लैक्सविक के जैकप एंड्रियासन मोल्डे के गोलकीपर जैकब कार्लस्ट्रॉम के साथ

# जसप्रीत बुमराह ने 11 महीने बाद भारतीय नेट्स पर गेंदबाजी की

**भाषा।** डबलिन



**चोटिल** होने के कारण 11 महीने तक बाहर रहने वाले भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने बुधवार को यहां भारतीय नेट्स पर पूरी तेजी और कौशल के साथ गेंदबाजी की।

इस 29 वर्षीय तेज गेंदबाज ने भारत की तरफ से अंतिम मैच 25 सितंबर 2022 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हैदराबाद में टी20 के रूप में खेला था। इसके बाद पीठ की चोट के कारण वह बाहर रहे और उन्हें ऑपरेशन करवाना पड़ा। बुमराह ने तब बहुप्रतीक्षित वापसी की जब उन्हें आयरलैंड के खिलाफ शुक्रवार से डबलिन में शुरू होने वाले तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला के लिए भारतीय टीम का कप्तान नियुक्त किया गया। भारतीय टीम मंगलवार को आयरलैंड पहुंची और उसके एक दिन बाद ही उसने अभ्यास शुरू कर दिया। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक वीडियो जारी किया है जिसमें बुमराह अपनी पूरी क्षमता से गेंदबाजी कर रहे हैं जो एशिया कप और विश्वकप से पहले भारतीय टीम के लिए अच्छी खबर है।

# रवि शास्त्री ने भारत के वनडे मध्यक्रम में बाएं हाथ के तीन बल्लेबाजों को रखने की सिफारिश की

**भाषा।** चेन्नई



**भारत** के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि एशिया कप और उसके बाद स्वदेश में होने वाले वनडे विश्व कप के लिए शीर्ष सात बल्लेबाजों में बाएं हाथ के तीन बल्लेबाज रखने से भारतीय टीम के मध्यक्रम को मजबूती मिलेगी।

शास्त्री ने कहा कि ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा के अलावा भारत बाएं हाथ के दो अन्य बल्लेबाजों को टीम में रख सकता है।

उन्होंने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, बल्लेबाजी क्रम में तीन अन्य स्थान है जहां मुझे लगता है कि बाएं हाथ के दो बल्लेबाजों को रखना चाहिए। यहीं पर चयनकर्ताओं की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है क्योंकि वे खिलाड़ियों पर नजर रखे हुए हैं। वे जानते हैं कि कौन सा खिलाड़ी अच्छी फॉर्म में है। अगर तिलक वर्मा अच्छी फॉर्म में है तो उसे टीम में जगह दो। अगर आपको लगता है कि (यशस्वी) जायसवाल अच्छा प्रदर्शन कर रहा है तो उसे टीम में चुनो।

दाएं हाथ के दो बल्लेबाजों केएल राहुल और श्रेयस अय्यर के चोट से उबरने के बाद 31 अगस्त से शुरू होने वाले एशिया कप में वापसी करने की संभावना है और ऐसे में टीम प्रबंधन के लिए अंतिम एकादश में बाएं हाथ के तीन बल्लेबाजों को रखना मुश्किल होगा।

शास्त्री ने इसके साथ ही ईशान किशन का भी पक्ष लिया और उम्मीद जताई कि वह अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

उन्होंने कहा, यदि आप पिछले छह से आठ महीनों में ईशान किशन को लेकर चल रहे हो और वह विकेटकीपिंग भी करेगा तो हर हालत में टीम में उसकी जगह पक्की होनी चाहिए। जो भी हो लेकिन बाएं हाथ के दो बल्लेबाज टीम में जरूर होने चाहिए।

शास्त्री ने कहा, जडेजा को शामिल करके शीर्ष क्रम के सात बल्लेबाजों में बाएं हाथ के तीन बल्लेबाज होने चाहिए। ईशान किशन पिछले 15 महीनों से विकेट कीपिंग कर रहा है तो फिर किसी और की तलाश क्यों?

पूर्व भारतीय कप्तान ने तिलक वर्मा की भी तारीफ की जिन्होंने वेस्टइंडीज में अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की अच्छी शुरुआत की।

शास्त्री ने कहा, मैं तिलक वर्मा से काफी प्रभावित हूं और मैं बाएं हाथ का बल्लेबाज चाहता हूं। अगर मैं टीम में बाएं हाथ का एक अदद बल्लेबाज चाहता हूं तो मैं निश्चित तौर पर उसके नाम पर गौर करूंगा।

# सैमुअल्स भ्रष्टाचार रोधी संहिता के चार नियमों के उल्लंघन के दोषी पाए

**भाषा।** दुबई



**वेस्टइंडीज** के पूर्व क्रिकेटर मार्लन सैमुअल्स को एमिरेट्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की भ्रष्टाचार रोधी संहिता के चार नियमों के उल्लंघन का दोषी पाया गया है। स्वतंत्र भ्रष्टाचार रोधी पंचाट ने सुनवाई के बाद उन्हें दोषी पाया।

ईसीबी की भ्रष्टाचार रोधी संहिता के तहत नामित भ्रष्टाचार रोधी अधिकारी की भूमिका में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सितंबर 2021 में सैमुअल्स पर 2019 में टी0 लीग के दौरान भ्रष्टाचार रोधी संहिता के चार नियमों के उल्लंघन के आरोप लगाए थे। सैमुअल्स ने पंचाट के समक्ष सुनवाई के अपने अधिकार का प्रयोग किया जिसके बाद इस 42 वर्षीय को दोषी पाया गया। आईसीसी ने विज्ञप्ति में कहा, पंचाट अब सजा पर निर्णय लेने से पहले प्रत्एक पक्ष की दलीलों पर विचार करेगी। उचित समय पर निर्णय लिया जाएगा।

सैमुअल्स ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में 71 टेस्ट, 207 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और 67 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले जिसमें उन्होंने 11,134 रन बनाने के अलावा 152 विकेट भी चटकाए। उन्होंने नवंबर 2020 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया।

शीर्ष क्रम के इस पूर्व बल्लेबाज को आचार संहिता के नियम 2.4.2, 2.4.3, 2.4.6 और 2.4.7 के उल्लंघन का दोषी पाया गया।

इनमें से तीन नियम भ्रष्टाचार निरोधक अधिकारी को किसी भी उपहार, भुगतान, आतिथ्य या अन्य लाभ की प्राप्ति का खुलासा करने में विफलता से संबंधित हैं जो ऐसी परिस्थितियों में किया गया था या दिया गया था जो प्रतिभागी या क्रिकेट के खेल को बदनाम कर सकता था , जांच में सहयोग नहीं करना, और प्रासंगिक जानकारी छिपाना, जांच में बाधा डालना या विलंब करना से संबंधित हैं। सैमुअल्स 2019 में कर्नाटक टस्कर्स टीम का हिस्सा थे जिसकी अगुआई दक्षिण अफ्रीका के स्टार हाशिम अमला कर रहे थे।

## स्टोक्स एकदिवसीय विश्व कप के लिए इंग्लैंड की शुरुआती टीम में

**लंदन।** इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स ने बुधवार को एकदिवसीय संन्यास से वापसी की जिसके बाद उन्हें 50 ओवर के विश्व कप की देश की शुरुआती टीम में जगह दी गई।

प्रतिभावान बल्लेबाज हैरी ब्रूक और तूफानी तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर हालांकि टीम में जगह बनाने में नाकाम रहे। विश्व कप भारत में पांच अक्टूबर से खेला जाएगा। स्टोक्स ने पिछले साल यह कहते हुए एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था कि तीनों प्रारूपों में खेलना व्यावहारिक नहीं होगा। उन्होंने हालांकि संन्यास लेने के फैसले को बदल दिया और राष्ट्रीय चयनकर्ता ल्यूक राइट ने कहा कि इस ऑलराउंडर की वापसी से इंग्लैंड की मैच जीतने की क्षमता में इजाफा होगा। स्टोक्स अगले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ चार मैच की एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के साथ वापसी करेंगे। राइट ने पुष्टि की कि न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला के लिए चुनी गई 15 सदस्ईय टीम ही विश्व कप की शुरुआती टीम होगी।

# भारतीय कंपाउंड तीरंदाज विश्वकप फाइनल में, दो पदक पक्के किए

**भाषा।** पेरिस

**भारतीय** कंपाउंड तीरंदाजों ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए बुधवार को यहां विश्व कप चरण चार में पुरुष और महिला टीम स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाकर दो पदक पक्के किए।

हाल में विश्व चैंपियन बने ओजस देवताले ने सेंटर (एक्स) के अधिक करीब निशाना लगाकर भारतीय पुरुष टीम को कोरिया पर जीत दिलाई। सेमीफाइनल मुकाबला 235-235 से बराबर रहने के बाद शूट ऑफ भी 30-30 से बराबर था लेकिन देवताले ने टीम को जीत दिला दी।

पुरुष टीम स्वर्ण पदक के मुकाबले में अमेरिका से भिड़ेगी।

बर्लिन में दो हफ्ते से भी कम समय पहले विश्व चैंपियन बनी भारत की महिला कंपाउंड टीम ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए सेमीफाइनल में ब्रिटेन को 234-233 से हराया।

ज्योति सुरेखा वेनाम, अदिति स्वामी और परनीत कौर की शीर्ष वरीय भारतीय टीम फाइनल में मैक्सिको के खिलाफ उतरेगी।

पुरुष टीम में देवताले के अलावा प्रथमेश जावकर और अभिषेक वर्मा शामिल हैं। भारतीय तिकड़ी ने चोई योंगही, किम जोंगहो और यैंग जेईवोन की कोरिया की टीम को चौथे दौर के बाद बराबरी हासिल करने का मौका दिया। भारतीय टीम तीसरे दौर के बाद दो अंक से आगे थी। चार दौर के बाद दोनों टीम 235-235 से बराबर थी और शूट ऑफ में भी स्कोर 30-30 से बराबर रहा। अंत में देवताले का अंतिम निशाना निर्णायक साबित हुआ। महिला सेमीफाइनल में भारतीय टीम पहले दौर के बाद 59-60 से पीछे थी लेकिन दूसरे दौर के बाद बढ़त बनाने में सफल रही। ब्रिटेन ने हालांकि तीसरे दौर के बाद 176-175 की बढ़त बना ली। भारतीय तिकड़ी ने हालांकि अंतिम दौर में संभावित 60 में से 59 अंक जुटाकर फाइनल में जगह सुनिश्चित की।

# ऋषभ पंत ने नुमाइशी मैच में की बल्लेबाजी, हो रहा है सुधार



**बेंगलुरू।** ऋषभ पंत की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी का सभी को इंतजार है और इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने स्वतंत्रता दिवस पर एक नुमाइशी मैच में कुछ गेंद खेलकर सकारात्मक संकेत दिए। पिछले साल दिसंबर में देहरादून दिल्ली राजमार्ग पर कार दुर्घटना में बुरी तरह घायल होने के बाद से पंत क्रिकेट से दूर हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक प्रशंसक द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो में पंत को क्रीज से बाहर निकलकर गेंद को मैदान से बाहर पीटते दिखाया गया है। इसके साथ ही इस वीडियो में दर्शकों का शोर भी सुनाई दे रहा है। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में रिहैबिलिटेशन में जुटे पंत ने बेंगलुरू के करीब एक खेल परिसर में जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया था।

उन्होंने इस मौके पर कहा , आप बड़े होते हैं तो खेल से प्यार करना छोड़ देते हैं। इसका कारण है कि काफी दबाव है। आप जीवन में सर्वश्रेष्ठ करना चाहते हैं और बहुत कुछ करना चाहते हैं। लेकिन लाइफ में इंजॉयमेंट नहीं छोड़ना है।

पंत आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलते हैं जिसके सह मालिक जेएसडब्ल्यू समूह हैं।

# ऑस्ट्रेलिया को हराकर इंग्लैंड महिला विश्वकप के फाइनल में

## ● अब मुकाबला स्पेन से

**सिडनी।** इंग्लैंड ने बुधवार को यहां सह मेजबान ऑस्ट्रेलिया को 3-। से हराकर पहली बार महिला विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में जगह बनाई, जहां उसका सामना स्पेन से होगा।

ऑस्ट्रेलिया की सुपरस्टार सैम केर टूर्नामेंट में पहली बार शुरूआती एकादश में शामिल थी। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए एकमात्र गोल भी किया लेकिन यह यूरोपीय चैंपियन इंग्लैंड को हराने के लिए पर्याप्त नहीं था। पहले हाफ में पूरी तरह से इंग्लैंड का दबदबा रहा। इला टूने ने 36वें मिनट में गोल करके इंग्लैंड को।-0 से बढ़त दिला दी। केर ने 63वें मिनट में बराबरी का गोल किया जिससे स्टेडियम में मौजूद 75 हजार से अधिक दर्शकों ने राहत की सांस ली। ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों और प्रशंसकों की खुशी हालांकि ज्यादा देर तक नहीं रही। लोरेन हेंप ने 71वें मिनट में गोल करके इंग्लैंड को फिर से बढ़त दिला दी जबकि एलेसिया रूसो ने नियमित समय का खेल समाप्त होने से चार मिनट पहले गोल करके उसकी जीत सुनिश्चित कर दी।

इंग्लैंड और स्पेन पहली बार महिला विश्वकप के फाइनल में पहुंचे हैं। इन दोनों टीमों के बीच रविवार को खिताबी मुकाबला होगा। ऑस्ट्रेलिया शनिवार को तीसरे स्थान के प्लेऑफ मैच में स्वीडन से भिड़ेगा।

# वहाब रियाज ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा



**कराची।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज वहाब रियाज ने दुनिया भर में टी20 लीग खेलने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने का फैसला किया है।

38 वर्ष के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज रियाज ने 2008 से 2020 के बीच 27 टेस्ट, 91 वनडे और 36 टी20 मैच खेले हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर बयान पोस्ट करके लिखा , एक शानदार सफर के बाद मैने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड , मेरे परिवार, कोचों, मेंटोर, साथी खिलाड़ियों, प्रशंसकों और सभी को शुक्रिया। फ्रेंचाइजी क्रिकेट की दुनिया में आगे का समय रोमांचक होगा।

उन्होंने लिखा , इस पारी के समापन के साथ मैं फ्रेंचाइजी क्रिकेट की नई पारी शुरू करने जा रहा हूं। उम्मीद है कि दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ खेलते हुए दर्शकों का मनोरंजन कर सकूंगा। रियाज पदार्पण पर पांच विकेट लेने वाले पाकिस्तान के इतिहास के नौवें गेंदबाज हैं। उन्होंने ओवल पर इंग्लैंड के खिलाफ यह कारनामा किया था। इसके अलावा विश्व कप 2011 के सेमीफाइनल में उन्होंने भारत के खिलाफ भी पांच विकेट लिए थे लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके थे।

# घुटने की चोट के कारण अब नार्थम्पटनशर के लिए आगे नहीं खेल सकेंगे पृथ्वी साव

**लंदन।** डरहम के खिलाफ फील्डिंग करते हुए घुटने की चोट का शिकार हुए पृथ्वी साव अब नार्थम्पटनशर के लिए बाकी के मैच नहीं खेल सकेंगे। साव ने 13 अगस्त को खेले गए मैच में 76 गेंद में नाबाद 125 रन बनाए जिसकी मदद से नार्थम्पटनशर ने छह विकेट से जीत दर्ज की। टीम ने एक विज्ञप्ति में कहा , पृथ्वी के घुटने में फील्डिंग के दौरान चोट लगी। स्कैन से पता चला कि चोट काफी गहरी है। साव ने नौ अगस्त को समरसेट के खिलाफ 153 गेंद में 244 रन बनाए थे जिसकी मदद से उनकी टीम ने 87 रन से जीत दर्ज की थी। नार्थम्पटनशर के मुख्य कोच जॉन सेडलेर ने कहा , पृथ्वी ने थोड़े ही समय में क्लब पर काफी प्रभाव छोड़ा है। यह दुख की बात है कि वह सत्र के बाकी मैच नहीं खेल सकेंगे। हम उन्हें जल्दी स्वस्थ होने के लिए शुभकामना देते हैं और चाहते हैं कि वह फिर जल्द ही रन बनाए।

# अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए खिलाड़ियों का चयन करना खेल संघों की जिम्मेदारी: आईओए

**चंडीगढ़।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने बुधवार को पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में कहा कि प्रमुख अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं के लिए खिलाड़ियों के चयन की जिम्मेदारी राष्ट्रीय खेल महासंघ की है। आईओए चीन के हांगझोउ में होने वाले एशियाई खेलों के लिए नहीं चुने गए तीन मुक्केबाजों द्वारा दायर की गई याचिका पर जवाब दे रहा था।

विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता अमित पंघाल, रोहित मोर और सागर अहलावत ने 23 सितंबर से 8 अक्टूबर तक होने वाले एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं मिलने के बाद भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) और अन्य के खिलाफ पिछले महीने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी।

# पूर्व अध्यक्ष महमूद ने स्वतंत्रता दिवस वीडियो में इमरान की अनदेखी की आलोचना की

**भाषा।** लाहौर



**पाकिस्तान** क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के पूर्व अध्यक्ष खालिद महमूद ने मांग की है कि पीसीबी द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर जारी उस वीडियो वापिस लिया जाए जिसमें पाकिस्तान क्रिकेट में इमरान खान के योगदान की अनदेखी की गई है। पीसीबी ने पाकिस्तान में क्रिकेट का इतिहास रचने वाले पूर्व दिग्गजों को सलाम करते हुए एक वीडियो जारी किया था। लेकिन उसमें 1992 विश्व कप विजेता कप्तान इमरान का जिक्र या कोई तस्वीर तक नहीं होने पर इसकी काफी आलोचना हो रही है।

महमूद ने आज चैनल से कहा , पीसीबी को तुरंत यह वीडियो वापिस लेना चाहिए क्योंकि इसमें पाकिस्तान क्रिकेट में इमरान के योगदान का जिक्र नहीं है। उन्होंने कहा कि जब आईसीसी ने विश्व कप का प्रोमो वीडियो जारी किया और उसमें बाबर आजम का उचित जिक्र नहीं था तो सभी ने इसकी आलोचना की थी।

उन्होंने कहा , हमें दूसरों की आलोचना करने से पहले अपने गिरेबां में झांकना होगा कि हम अपने नायकों के साथ क्या कर रहे हैं। महमूद ने कहा , राजनेता इमरान खान से आपके हजार मतभेद हो सकते हैं या उनके प्रधानमंत्री रहते सरकार के कामकाज से आप नाराज हो सकते हैं लेकिन इसके मायने यह नहीं है कि एक खिलाड़ी और कप्तान के तौर पर उनके योगदान को आप अनदेखा कर दें।

उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पाकिस्तान में इस समय सब कुछ सियासी चश्मे से देखा जा रहा है और खेलों को भी नहीं बख्शा गया है।

# एफसी गोवा डूरंड कप के नॉकआउट में पहुंचा

**गुवाहाटी।** एफसी गोवा ने बुधवार को यहां ग्रुप चरण के अपने अंतिम मैच में डाउनटाउन हीरोज एफसी को 3-0 से हराकर डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के नॉकआउट में जगह बनाई।

गोवा की तरफ से मोहम्मद नेमिल, कार्लोस मार्टिनेज़ और देवेन्द्र मुर्गावकर ने गोल किए, जिससे उनकी टीम ने ग्रुप चरण के अपने अभियान का अंत जीत से किया।

गोवा की टीम ने शुरू से ही मैच में दबदबा बना दिया था। उसने अपना पहला गोल मोहम्मद नेमिल के प्रयासों से 19वें मिनट में किया। गोवा ने इसके बाद भी हमलावर तेवर अपनाए रखे जिसका फायदा उसे 42वें मिनट में मिला जब मार्टिनेज ने गोल दागा। इस तरह से गोवा मध्यांतर तक 2-0 से आगे था। एफसी गोवा ने इसके बाद भी अपने प्रतिद्वंदी को कोई मौका नहीं दिया। उसकी तरफ से तीसरा गोल दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में मुर्गावकर ने किया।

# किंग्स कप में भारत का सामना इराक से

**नई दिल्ली।** भारत की सीनियर पुरुष टीम थाईलैंड के चियांग माई में 49वें किंग्स कप फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में सात सितंबर को इराक से भिड़ेगी। इस मैच का आयोजन चियांग माई में 700वीं एनिवर्सरी स्टेडियम में किया जाएगा। थाईलैंड फुटबॉल संघ द्वारा बुधवार को डाले गए ड्रॉ के अनुसार इस दिन होने वाले एक अन्य सेमीफाइनल में थाईलैंड की भिड़ंत लेबनान से होगी। टूर्नामेंट का फाइनल 10 सितंबर को खेला जाएगा। सेमीफाइनल में हारने वाली टीमें तीसरे स्थान के प्ले ऑफ में खेलेंगी। ड्रॉ के अनुसार इराक (70वें स्थान के साथ फीफा रैंकिंग की शीर्ष टीम) और थाईलैंड (मेजबान और दुनिया की 113वें नंबर की टीम) को अलग-अलग सेमीफाइनल में रखा गया और उनकी भिड़ंत बाकी बची दो टीम भारत (फीफा रैंकिंग 99) और लेबनान (फीफा रैकिंग 100) में से एक से होनी थी। भारत ने इराक के खिलाफ पिछला मुकाबला 2010 में बगदाद में खेला था जिसमें उसे 0-2 से हार का सामना करना पड़ा था। भारतीय टीम थाईलैंड में चौथी बार किंग्स कप में हिस्सा ले रही है। टीम पिछली बार 2019 मे इस टूर्नामेंट में खेली थी जहां उसे सेमीफाइनल में कुराओ के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। भारत ने हालांकि तीसरे स्थान के प्ले ऑफ में थाईलैंड को।-0 से हराकर कांस्य पदक जीता था। भारत ने 1977 में पहली बार टूर्नामेंट में हिस्सा लेते हुए भी कांस्य पदक जीता था। टीम ने तब दक्षिण कोरिया, सिंगापुर और इंडोनेशिया को हराया था। भारत 1981 में ग्रुप चरण से बाहर हो गया था।

किंग्स कप का कार्यक्रम इस प्रकार है: सात सितंबर: इराक बनाम भारत (भारतीय समयानुसार शाम चार बजे से), थाईलैंड बनाम लेबनाम (भारतीय समयानुसार शाम सात बजे से) 10 सितंबर: तीसरे स्थान का प्ले ऑफ (भारतीय समयानुसार शाम चार बजे से), फाइनल (भारतीय समयानुसार शाम सात बजे से)

# एशियाई 5 विश्व कप क्वालीफायर में मनदीप मोर, नवजोत होंगे भारतीय टीमों के कप्तान

**भाषा।** नई दिल्ली



**डिफेंडर** मनदीप मोर और मिडफील्डर नवजोत कौर ओमान में होने वाले आगामी एशियाई हॉकी 5 विश्व कप क्वालीफायर में भारतीय पुरूष और महिला टीमों के कप्तान होंगे।

पुरूष टूर्नामेंट 29 अगस्त से दो सितंबर तक खेला जाएगा जबकि महिला टूर्नामेंट 25 से 28 अगस्त तक होगा। मिडफील्डर मोहम्मद राहील मोदीन टीम के उपकप्तान होंगे।

पुरूष टीम में गोलकीपर सूरज करकेरा, जुगराज सिंह, दिप्सन टिर्की, मनजीत और मोर डिफेंस में होंगे। मिडफील्ड की कमान मनिंदर सिंह और मोदीन के हाथ में होगी जबकि पवन राजभर और गुरजोत सिंह फॉरवर्ड पंक्ति में रहेंगे। महिला टीम की उपकप्तान ज्योति होगी। टीम में गोलकीपर बंसारी सोलंकी है जबकि डिफेंस में अक्षता ढेकाले, महिमा चौधरी और सोनिया देवी हैं।

कप्तान नवजोत और अजमिना कुजूर मिडफील्ड संभालेंगी जबकि मरियाना कुजूर, ज्योति और डिपि मोनिका टोप्पो स्ट्राइकर हैं।

**टीमें : भारतीय पुरूष टीम :**

**गोलकीपर :** सूरज करकेरा

डिफेंडर : जुगराज सिंह, दिप्सन टिर्की, मनजीत, मनदीप मोर (कप्तान)

**मिडफील्डर :** मनिंदर सिंह, मोहम्मद राहिल, मोदीन

**फॉरवर्ड :** पवन राजभर, गुरजोत सिंह

**स्टैंडबाय :** प्रशांत कुमार चौहान, सुखविंदर, आदित्य सिंह, अरूण साहनी

**भारतीय महिला टीम :**

गोलकीपर : बंसारी सोलंकी

**डिफेंडर :** अक्षता ढेकाले, महिला चौधरी, सोनिया देवी

**मिडफील्डर :** नवजोत कौर (कप्तान), अजमिना कुजूर

**फॉरवर्ड :** मरियाना कुजूर, ज्योति, डिपि मोनिका टोप्पो

**स्टैंडबाय :** के रम्या, निशि यादव, प्रियंका यादव, रितान्या साहू।